मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम




वर्ष : 3 अंक: 44 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

रविवार, 3 अक्तूबर 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम मोदी, सोनिया गांधी समेत तमाम नेताओं ने दी गांधी और शास्त्री को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 152वीं जयंती के साथ-साथ लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी मना रहा है। महात्मा गांधी की जयंती मौके पर शनिवार को राजघाट स्थित गांधी समाधि पर सर्व-धर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया है। इस खास मौके पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। वहीं, राष्ट्रपति कोविंद, पीएम मोदी और सोनिया गांधी ने विजय घाट पहुंचकर पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बापू को याद करते हुए लिखा- 'गांधी जयंती के दिन बापू को श्रद्धांजलि। यह दिन हमारे लिए गांधीजी के संघर्ष और त्याग को स्मरण करने का अवसर है। आइए, हम सब उनकी शिक्षाओं, आदर्शों और जीवन-मूल्यों का अनुसरण करते हुए यह संकल्प लें कि हम सब उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहेंगे।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 152वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका जीवन व आदर्श देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपने ट्वीट में लिखा- पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उनकी स्मृति को नमन। वे देश के एक महान सपूत थे, जिन्होंने पूर्ण निष्ठा, समर्पण तथा लगन के साथ राष्ट्र की सेवा की। उनकी सादगी, सदाचार और सत्यनिष्ठा आज भी सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वहीं, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजी हुकूमत से भारत को आजादी



दिलाने के लिए सत्य और अहिंसा के मूल्यों पर आधारित संघर्ष का नेतृत्व किया। अहिंसा के उनके सिद्धांत शांति, सद्भाव और वैश्विक भाईचारे के लिए भारत व विश्व के अन्य देशों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर देशवासियों से 'स्वच्छ भारत अभियान' को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'महात्मा गांधी ने कहा था कि 'स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है'। आज 'स्वच्छ भारत दिवस' के अवसर पर मेरा सभी से आग्रह है कि स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अंग बनायें... इसे एक जन-आंदोलन बनायें।' पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित उनका जीवन देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।' कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल और डेप्युटी सीएम मनीष सिसोदिया ने राजघाट पर जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री के बेटे अनिल शास्त्री और कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विजय घाट पहुंचकर पूर्व पीएम शास्त्री जी को याद किया। महात्मा गांधी का जन्म गुजरात के पोरबंदर में दो अक्टूबर 1869 में हुआ था। उनके जन्मदिन को गांधी जयंती के साथ ही अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। अंग्रेजी हुकूमत से भारत को आजाद कराने की लड़ाई का उन्होंने नेतृत्व किया था। अहिंसक विरोध का उनका सिखाया हुआ सबक आज भी पूरी दुनिया में सम्मान के साथ याद किया जाता है। लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दो अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में हुआ था। उनके पिता एक स्कूल शिक्षक थे। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद वह 9 जून, 1964 से 11 जनवरी, 1966 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। शास्त्री ने ही 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया था। उन्हें मरणोपरांत वर्ष 1966 में 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। शास्त्री को उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिए आज भी पूरा देश श्रद्धापूर्वक याद करता है।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा पहाड़ का पानी और जवानी दोनों काम आया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांधी जयंती पर देश की पांच ग्राम सभाओं के साथ जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायत व पानी समिति के साथ शनिवार को वर्चुअल संवाद किया गया। उन्होंने मसूरी शहर के निकटवर्ती गांव क्यारकुली की ग्राम प्रधान कौशल्या रावत से पीएम मोदी ने संवाद कर पानी की समस्या और उसके हल पर विस्तार से बात की। कौशल्या रावत से करीब पांच मिनट 13 सैकेंड जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों पर विचार रखे। मोदी ने कहा कि ह्यपहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानीह्ल कभी भी पहाड़ के काम नहीं आती है, लेकिन आज पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के ही काम आ रही है। ग्राम पंचायतों के प्रयासों की बदौलत अब पहाड़ी क्षेत्रों में पानी की समस्या दूर होती जा रही है। जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर नल' योजना के तहत पहाड़ी क्षेत्रों में दूर-दराज के गावों में भी पानी पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्राम प्रधान कौशल्या रावत से जल जीवन मिशन के बाद गांव में संचालित हो रहे होम स्टे व गांव में आने वाले पर्यटकों के बारे में भी जानकारी जुटाई। कौशल्या ने प्रधानमंत्री को बताया कि जलजीवन मिशन के बाद से गांव में पेयजल की कमी दूर हो गई है। हर घर में नल और जल है। कहा कि योजना के बाद पानी की कमी जैसे ही दूर हुई तो ग्रामीणों ने स्वरोजगार के लिए भी कदम उठाया। बताया कि ग्रामीणों ने सरकार की मदद से होम स्टे का कार्य शुरू कर दिया है, जिससे उनकी आमदनी भी बढ़ गई है। प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा होने लगा है। प्रदेश सहित देश के दूसरे राज्यों से आने वाले पर्यटकों ने अब गांव की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि पर्वतीय जिलों के गांवों में होम स्टे खुलने के बाद पर्यटकों की संख्या में इजाफा एक सराहनीय काम है। कहा कि इससे गांवों से पलायन पर भी रोक लगाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्राम क्यारकुली में हुए कोविड टीकाकरण को लेकर भी जानकारी ली, जिस पर ग्राम प्रधान कौशल्या रावत ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में शतप्रतिशत टीकाकरण हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट के जजों के साथ भी मंत्रियों के प्रोटोकॉल जैसा व्यवहार हो : न्यायाधीश

नई दिल्ली, एजेंसी। मद्रास हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति एन आनंद वेंकटेश ने सरकारी अधिकारियों से उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों से मंत्रियों के समान व्यवहार करने और उस प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने शहर में कुछ यातायात पाबंदियों के कारण काम करने में देरी होने के संबंध में यह टिप्पणी की। न्यायाधीश ने सड़कों पर अवरोधक लगाने और उनके वाहन सहित सभी वाहनों को रोकने की पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी जताई। साथ ही उन्होंने न्यायाधीशों को बिना किसी बाधा के जाने देने लिए कोई व्यवस्था नहीं करने को लेकर पुलिस को फटकार लगाई। दिवंगत अभिनेता शिवाजी गणेशन की 94वीं जयंती के अवसर पर आर ए पुरम में अड्यार पुल के पास उनके स्मारक पर आयोजित एक कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस ने वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित करते हुए विशेष व्यवस्था की थी, जिसमें मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और अन्य मंत्रियों ने भाग लिया था। इस दौरान न्यायाधीश का वाहन भी करीब 30 मिनट तक रुका रहा। उन्होंने कहा कि उनके निजी सहायक द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों को पहले से सूचित करने के बावजूद ऐसा हुआ। उच्च न्यायालय के समन के बाद गृह सचिव एस के प्रभाकर वीडियो कांफ्रेंस के जरिए न्यायाधीश के समक्ष पेश हुए और घटना पर खेद जताया। उन्होंने न्यायाधीश से यह भी कहा कि भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति से बचने के लिए कदम उठाए जाएंगे। न्यायाधीश ने कहा कि वह इस आधार पर अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू कर सकते थे कि उन्हें अपने सार्वजनिक कर्तव्य का निर्वहन करने से रोका गया। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह ऐसा नहीं कर रहे हैं और मामले को यहीं खत्म किया जाता है।

### देशभक्ति का संचार करने के लिए जम्मू कश्मीर में संघ की शाखाएं खोली जाए : भागवत

जम्मू कश्मीर, एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जम्मू कश्मीर में देशभक्ति की भावना का संचार करने के लिए संघ की शाखाओं का नेटवर्क स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ सभी को साथ लेकर चलने वाले एक शांतिपूर्ण समाज का निर्माण कर दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करे। भागवत गुरुवार को चार दिनों की यात्रा पर केंद्र शासित प्रदेश पहुंचे थे। इस दौरान वह बुद्धिजीवियों और प्रमुख नागरिकों से मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों–जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किए जाने के बाद जम्मू कश्मीर की यह उनकी पहली यात्रा है।

## जनरल नरवणे ने बताया, पूर्वी लद्दाख में बड़ी संख्या में चीनी सैनिकों की तैनाती, हमारी भी तैयारी पूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीमा पर भारत के लिए चीन और पाकिस्तान लगातार मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने लद्दाख में जारी मौजूदा हालातों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि चीन ने पूरे पूर्वी लद्दाख में बड़ी संख्या में तैनाती की है। हालांकि, सेना प्रमुख ने कहा कि भारत भी हर खतरे से निपटने के लिए तैयार हो रहा है। उन्होंने 13 दौर की बैठक में हालात बेहतर होने की उम्मीद जाहिर की है। उन्होंने जानकारी दी है कि पाकिस्तान की तरफ से भी दो बार सीजफायर उल्लंघन हुआ है। जनरल नरवणे ने कहा, चीन ने हमारे पूर्वी कमान त



पूर्वी लद्दाख और उत्तरी मोर्चे पर काफी तैनाती की है। अग्रिम मोर्चों पर हुई उनकी तैनाती वास्तविक रूप से हमारे लिए चिंता का विषय है। हम उनकी सभी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। हमें मिली जानकारी के आधार पर हम भी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ सैनिकों में भी बराबर का इजाफा कर रहे हैं, जो किसी भी खतरे का सामना करने के लिए जरूरी है।

भारत और चीनी पक्ष के बीच सैन्य और राजनयिक स्तर की कई बैठकें हो चुकी हैं। अक्टूबर में दोनों देश 13वीं बार चर्चा करने जा रहे हैं। जनरल नरवणे ने कहा, बीते 6 महीनों से स्थिति सामान्य है। हमें उम्मीद है कि अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में बैठक होगी और हम इस सहमति पर पहुंचे कि डिसइंगेजमेंट किस तरह से होगा। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विचार है, कि हम मतभेदों को बातचीत के जरिए दूर कर सकते हैं। सेना प्रमुख ने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

जनरल नरवणे ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने हाल ही के दिनों में सीजफायर उल्लंघन किया है। पाक सेना की तरफ से फरवरी से लेकर जून अंत तक सीजफायर उल्लंघन नहीं हुआ था, लेकिन बाद में घुसपैठ के प्रयास बढ़े हैं, जिनकी मदद सीजफायर उल्लंघन के जरिए की गई थी। सेना प्रमुख ने बताया, 10 दिनों में दो बार सीजफायर उल्लंघन हुए। फरवरी से पहले वाली स्थिति वापस आ रही है। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा हॉटलाइन और हर हफ्ते होने वाली डीजीएमओ स्तर की बातचीत के जरिए संदेश पहुंचा दिया है कि पाकिस्तान को किसी भी आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों को समर्थन नहीं देना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, डीएनए टेस्ट के लिए किसी को मजबूर नहीं किया जा सकता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीएनए टेस्ट के लिए किसी को मजबूर नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान इस तरह की जबर्दस्ती को ह्यनिजता के अधिकार का हनन करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डीएनए टेस्ट का आदेश सामान्य रूप से नहीं, बल्कि उचित मामलों में दिया जाना चाहिए, क्योंकि अनिच्छुक पक्ष को डीएनए टेस्ट के लिए मजबूर करना व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता और निजता के अधिकार का हनन है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में जहां रिश्तों को साबित करने या विवाद के लिए अन्य साक्ष्य उपलब्ध हों, तब अदालत को सामान्य तौर पर ब्लड टेस्ट का आदेश देने से बचना चाहिए।

जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी और जस्टिस 'षिकेश राय की पीठ ने कहा कि एक व्यक्ति (जुड़वा को छोड़कर) का डीएनए विशिष्ट होता है और उसका इस्तेमाल व्यक्ति की पहचान, पारिवारिक संबंधों का पता लगाने या संवेदनशील स्वास्थ्य जानकारियों को उजागर करने के लिए किया जा सकता है।

मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, ह्यक्या किसी व्यक्ति को इसतरह के मामलों में डीएनए के लिए एक सैंपल देने के लिए मजबूर किया जा सकता है, इसका उत्तर केएस पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ में न्यायालय के सर्वसम्मत निर्णय से लिया जा सकता है, जिसमें निजता के अधिकार को भारत में संवैधानिक रूप से संरक्षित अधिकार घोषित किया गया है। पीठ ने कहा, जब वादी खुद डीएनए जांच कराने के लिए तैयार नहीं है, तब उस इससे गुजरने के लिए मजबूर करना उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के अधिकार का उल्लंघन होगा।'

पीठ ने फैसला अशोक कुमार की अपील पर सुनाया जिसने दिवंगत त्रिलोक चंद गुप्ता और सोना देवी की छोड़ी हुई संपत्ति पर अपने स्वामित्व की घोषणा करने की मांग की थी। उसका दावा था कि वह उन दोनों का पुत्र है, जबकि दंपती की तीन पुत्रियों का कहना था कि वह उनके माता-पिता का पुत्र नहीं है। पुत्रियों ने अशोक का डीएनए टेस्ट कराने की मांग की थी, लेकिन अशोक यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि अपने दावे के समर्थन में पर्याप्त दस्तावेजी सुबूत पेश कर दिए हैं। इस पर ट्रायल कोर्ट ने कहा था कि इस टेस्ट के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

## दो बहनें साथ पढ़ रही हैं तो एक की फीस माफ करे प्राइवेट स्कूल: सीएम योगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि निजी स्कूलों में अगर दो बहनें एक साथ पढ़ रही हैं उनमें से एक की फीस माफ हो। अगर निजी स्कूल नहीं करते तो सम्बंधित विभाग ऐसी एक छात्रा की ट्यूशन फीस देने का काम करें। कोई जरूरत मंद बच्चा छूटने न पाए। जिला स्तर पर इसके लिए नोडल अधिकारी बनाए जाएं। इसके साथ ही सरकारी विद्यालयों में महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए।

सीएम योगी ने ये बातें लोकभवन में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में कहीं। इस दौरान उन्होंने गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान योगी ने कहा कि आज हम सबके लिए आजादी के आन्दोलन के दो महान योद्धाओं की जयंती मनाने का दिन है। मैं गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री को नमन करता हूं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को आजाद करवाया। सीएम योगी ने कहा कि हम सब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। यह हम सबके लिए आत्म अवलोकन का अवसर है कि हम सबने इस देश के विकास के लिए अपना कैसा और कितना योगदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014 को स्वच्छता अभियान शुरू किया। यह अब एक मिशन बन गया। मैंने खुद देखा है कि यूपी के 38 जिलों में दिमागी बुखार से हर साल सैकडों मासूम दम तोड़ रहे थे। लेकिन प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान की वजह से उनकी प्रेरणा से 38 जिलों में दिमागी आ 97% नियंत्रित हो चुका है। सीएम योगी ने कहा कि आज दुनिया की सबसे बड़ी महामारी का हम सब सामना कर रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री के प्रयासों से हम सबने आत्म निर्भर भारत की अवधारणा के साथ, एक जनपद एक उत्पाद जैसी योजनाओं से कामगारों को रोजी रोटी से वंचित नहीं होना पड़ा।

## देशभक्त अपनी जन्मभूमि के लिए मरने तैयार रहता, जबकि राष्ट्रवादी किसी को मारने को तैयार रहता: थरूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता और तिरुवनंतपुरम सासंद शशि थरूर ने राष्ट्रवाद और देशभक्ति के बीच अंतर गिनाए हैं। उन्होंने कहा है कि एक ओर जहां देशभक्त अपनी जन्मभूमि के लिए मरने तैयार रहता है। वहीं, राज्य व्यवस्था के लिए राष्ट्रवादी किसी को मारने के लिए भी तैयार हो जाता है। उन्होंने भारत में नागरिक राष्ट्रवाद होने की बात कही है। उन्होंने देशवासियों से ऐसी राष्ट्रवादी सोच से लड़ने की अपील की है, जो मतभेदों, विविधता को स्वीकार करता है और बहुलता को अपनाता है। थरुर ने कहा कि इस समावेशी राष्ट्रवाद से ही भारतीय, धर्म, क्षेत्र या मातृभाषा को, देशभक्त होने की स्वतंत्रता मिलेगी।

शशि थरूर ने बताया, नेशनलिज्म है, राष्ट्रवाद यानी राज्य व्यवस्था के प्रति समर्पण, जबकि पैट्रिऑटिज्म है, देशभक्ति यानी जन्मभूमि से प्रेम होता हैं। कांग्रेस नेता थरुर ने लिखा कि राष्ट्रवाद से तुलना करे तब, तो देशभक्ति कम विचारधारा से चलती है। साथ ही देशभक्त अपनी भूमि से प्यार करता है और किसी अन्य जगह से बड़ा नहीं बताता। उन्होंने लिखा कि देशभक्ति में एक व्यक्ति के अस्तित्व को उसके गर्व से जोड़ने की क्षमता होती है। थरूर ने कहा, वह दूसरों की सफलताएं स्वीकारती है और इसमें वह विनाशकारी समर्पण नहीं होता, जो राष्ट्रवाद में होता है। राष्ट्रवाद को लेकर कांग्रेस नेता ने लिखा, ह्ययह हमसे कहता है कि सभी से कहो कि हम बाकी लोगों, संस्कृतियों, देशों से आगे हैं क्योंकि हमारा कोई दिव्य मूल है या हमें पर्फेक्ट होने का अधिकार प्राप्त है।

थरूर ने राष्ट्रवाद को पांच प्रमुख तत्व गिनाए, जिनमें राष्ट्रीय एकता (यहां तक कि एकरूपता) की इच्छा, सिर्फ राष्ट्र से निष्ठा, राष्ट्रीय विशिष्टता की आकांक्षा, तथा राष्ट्रों में सम्मान व प्रतिष्ठा की खोज शामिल है। उन्होंने आखिरी तत्व को समस्या बताया है। उन्होंने लिखा, सम्मान व प्रतिष्ठा की खोज आसानी से प्रभुत्व की इच्छा बन जाती है। जब एक राष्ट्र की गरिमा के लिए दूसरों की हार जरूरी हो जाए, तब राष्ट्रवाद अंधभक्ति और सह-अस्तित्व को नकारने की प्रवृत्ति में बदल सकता है। उन्होंने देश में संस्थापक नेताओं के ह्यभारत के विचारह्ल को बचाकर रखने की बात कही है, जिसमें लोकतांत्रिक संस्थान आजाद हों और सभी के लिए अभिव्यक्ति की आजादी को सुनिश्चित करने वाला संविधानवाद हो।

## पीएम मोदी ने किसान समर्थक कानूनों के विरोध को राजनीतिक धोखाधड़ी बताया

### मोदी सरकार किसानों के साथ चर्चा करने के लिए तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानूनों के विरोधियों पर सवाल उठाया हैं। उन्होंने किसान समर्थक' कानूनों के विरोध को 'राजनीतिक धोखाधड़ी बताकर दोहाराया है कि सरकार किसानों के साथ चर्चा करने के लिए तैयार है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे किसानों को राजमार्गों से हटाने के लिए सरकार से उपाय करने के लिए कहा था। शुक्रवार को शीर्ष अदालत ने जंतर-मंतर पर 'सत्याग्रह' की अनुमति मांग रहे किसान संगठन को फटकार लगा दी थी।



एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा, अगर आप देख, जो लोग किसान समर्थक सुधारों का विरोध कर रहे हैं, तब आपको बौद्धिक कपट या राजनीतिक धोखाधड़ी नजर आएगी। उन्होंने कहा, जब बात आधार, जीएसटी, कृषि कानूनों और सुरक्षा बलों को हथियार देने जैसे गंभीर मामलों पर भी आप ऐसी ही राजनीतिक धोखाधड़ी देख सकते हैं। पहले वादा करो और उसके लिए बहस करो, लेकिन बाद में बगैर किसी नैतिक सूत्र के उसी चीज का विरोध शुरू कर दो।

पीएम मोदी ने आरोप लगाए कि कृषि कानूनों के मौजूदा विरोधी भी पहले यही बदलाव चाहते थे। उन्होंने कहा, ह्ये वही लोग हैं, जो मुख्यमंत्रियों को ठीक वैसा ही करने के लिए कहते थे, जैसा हमारी सरकार ने किया है। ये वहीं लोग थे जो अपने घोषणापत्र में लिखते थे कि हम वहीं बदलाव लाएंगे, जो हम लेकर आए हैं। उन्होंने कहा, लोगों की इच्छा का आशीर्वाद प्राप्त एक दूसरी पार्टी वहीं सुधार ला रही है, तब उन्होंने एकदम यू-टर्न ले लिय हम छोटे किसानों की मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम ने किसानों से असहमति पर चर्चा करने बात कही है। उन्होंने कहा, 'सरकार पहले दिन से कह रही है कि जहां भी असहमति है, सरकार साथ बैठने और उन मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। इसके संबंध में कई बैठकें हुई, लेकिन अब तक कोई भी असहमति का खास बिंदू लेकर सामने नहीं आया है कि हमें यह बदलाव चाहिए।

दिल्ली की सीमाओं पर किसान लंबे समय से तीन कानूनों का विरोध कर रहे हैं। किसान और सरकार पक्ष के बीच कई दौर की बैठकें भी हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी बड़े मुद्दे पर सहमति नहीं बन पाई है। किसान लगातार तीनों कानूनों को वापस लिए जाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, सरकार संशोधन का प्रस्ताव दे रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कृषि कानूनों के लागू होने पर रोक लगा दी थी।

## गांधी जयंती पर ट्रेंड हुआ गोडसे जिंदाबाद ऐसे लोग ही कर रहे देश को शर्मसार : वरुण गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महात्मा गांधी की जयंती है और पूरा देश बापू को नमन कर रहा है। मगर कुछ लोग ऐसे भी हैं जो उनकी जयंती के मौके पर सोशल मीडिया पर ह्यगोडसे जिंदाबादह्ल ट्रेंड करवा रहे हैं। ट्विटर पर 'नाथूराम गोडसे जिंदाबाद' ट्रेंड होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता वरुण गांधी ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि ऐसे ही लोग देश को शर्मसार कर रहे हैं। दरअसल, शनिवार को राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी की 152वीं जयंती पर वरुण गांधी उन्हें श्रद्धांजलि दी। बता दें कि 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने गोली मारकर महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी। वरुण गांधी ने ट्वीट किया, ह्यभारत हमेशा एक आध्यात्मिक महाशक्ति रहा है, लेकिन यह महात्मा हैं जिन्होंने हमारे देश के आध्यात्मिक आधार को अपने अस्तित्व के माध्यम से व्यक्त किया और हमें एक नैतिक अधिकार दिया, जो आज भी हमारी सबसे बड़ी ताकत है। गोडसे जिंदाबाद ट्वीट करने वाले देश को गैर-जिम्मेदाराना शर्मसार कर रहे हैं। ट्विटर पर नाथूरमा गोडसे जिंदाबाद हैशटैग के साथ कई ट्वीट किए जा रहे हैं। वरुण गांधी ने अपने ट्वीट में इस हैशटैग का इस्तेमाल नहीं किया। वरुण गांधी के पोस्ट पर 7 हजार से अधिक लाइक्स आ चुके हैं और काफी रीट्वीट भी किए जा चुके हैं। बता दें कि बापू की जयंती पर पीएम मोदी, अमित शाह, सोनिया गांधी से लेकर कई दिग्गज नेताओं ने श्रद्धांजलि दी है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, 'राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी जन्म-जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। पूज्य बापू का जीवन और आदर्श देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।' उन्होंने कहा, 'गांधी जयंती पर मैं बापू को नमन करता हूं। उनके आदर्श सिद्धांत दुनियाभर में प्रासंगिक हैं और लाखों लोगों को मजबूती देते हैं।' बाद में प्रधानमंत्री राजधानी के राजघाट स्थित बापू के समाधि स्थल भी गए और उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वहां सर्व धर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया।

# शहर की कच्ची और पक्की सभी कालोनियों में मिलेगी मूलभूत सुविधाएं: मूलचंद शर्मा

» अनूप चौधरी, मदरलैंड संवाददाता

फरीदाबाद। परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सोच को नीतिबध तरीके से क्रियान्वित किया जा रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार द्वारा दी जा लाभकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की सभी कच्ची और पक्की बस्तियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और विकास की कोई कोर कसर नहीं रहने दूंगा।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा शनिवार को बल्लभगढ़ की त्रिखा कॉलोनी में स्वच्छता अभियान के तहत फरीदाबाद और बल्लभगढ़ को क्लीन और ग्रीन बनाने के लिए की स्कूलों के विद्यार्थियों की चित्रकारी प्रतियोगिताओं में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रही थे।

कैबिनेट मंत्री राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की



जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती के मौके पर बल्लभगढ़ के राजकीय प्राथमिक पाठशाला त्रिखा कॉलोनी में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में

चित्रकला में भाग लेने वाले बच्चों को परिवहन मंत्री ने सम्मानित भी किया।

परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा स्वच्छता का संदेश देकर राष्ट्रपति महात्मा गांधी ने देश को पढ़ाया था। आज देश ऐसे महान व्यक्तित्वो की देन से ही दिन दोगुना और रात चौगुनी उन्नति कर रहा है।

देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के पाठ, अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सरकार की नीतियों का लाभ दिलाने के उनके सपने को पूरा कर रहे है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,देश प्रदेश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने को पूरा करने के लिए देश व प्रदेश की सरकारें अनेको योजनाये चला रही है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज ही के दिन देश के दूसरे प्रधानमंत्री रहे भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन की भी सभी को शुभकामनाएं दी।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने लोगों को महात्मा गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बधाइयां और शुभकामनाएं भी दी।

उन्होंने आमजन से आव्हान करते हुए कहा कि वे भी स्वच्छता अभियान के भागीदार बनें ताकि बल्लभगढ़ और फरीदाबाद को क्लीन और ग्रीन रखा जा सके। हरा भरा फरीदाबाद और बल्लभगढ़ रखने के लिए हर नागरिक की को भागीदार बनना होगा। बल्लभगढ़ के विकास पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि दबी जुबान से विरोधी लोग भी विकास की चर्चा कर रहे हैं। वर्ष 2024 तक बल्लभगढ़ की किसी भी कच्ची और पक्की कॉलोनी में बिजली, पेयजल सप्लाई ,सीवरेज व्यवस्था, सीमेंटेड सड़कों सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं देकर ही दम लूंगा। वर्ष 2014 से लेकर 2024 तक बल्लभगढ़ को प्रदेश में रोल मॉडल विकास बनाकर ही दम लूंगा। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में मिनी भारत के लोग रहते हैं और मै बल्लभगढ़ के हर नागरिक को मेरा अपना परिवार का सदस्य मानता हूँ।

मौके पर पार्षद दीपक यादव, पार्षद कवींद्र सिंह,संदीप बहादुरपुर, महेश गोयल,शुबलेश मालिक,नीलम शर्मा, संगीता नेगी,सुष्मिता भौमिक,बिल्लू पहलवान,राजेश यादव,चंद्रभान,

रमेश भारद्वाज, मिशन जागृति के संस्थापक प्रवेस मलिक, प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा, नीलम शर्मा, जिला प्रधान विवेक गौतम, राजेश भूटिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों सहित बल्लभगढ़ की त्रिखा कॉलोनी के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# महिला स्वच्छता जागरण अभियान

## संगम विहार में महिलाओं को सैनिटरी किट बंटे



» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता

दक्षिण दिल्ली । भारत के 75वें जन्म महोत्सव व गॉधी जयंती की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विजय जौली के नेतृत्व में संगम विहार में महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन किट व डस्टबीन बॉटे गये।

150 गरीब महिलओं को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत मासिक धर्म के समय, स्वच्छता की अवधारणा का पालन करने के लिए, उन्नत भारत (गैर सरकारी संस्था) के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व सदस्या कुमारी कनिष्का सिंह द्वारा जागरूक किया गया।

इस अवसर पर भाजपा पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने उपस्थित विशाल महिलाओं के समूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की जयंती के अवसर पर सबको जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. जौली ने कहा कि आज के युग में हमें अपनी माता, बहन व पत्नी संग सबको 'महिला स्वच्छता व स्वच्छ भारत अभियान' को तहसील, गॉव, जिला, शहर व देश में अपनाने के लिए प्रेरित करने की घोर आवश्यकता है। जिससे कि भारत स्वस्थ व उन्नत हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूलों की आर्थिक बदहाली के लिए प्रबंधक जिम्मेदार : जीके

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा गुरु हरिक्रिशन पब्लिक स्कूलों के स्टाफ की 42 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए आदेश सुरक्षित रखने के वीरवार को दिए गए आदेश पर सियासत गर्मा गई है। जागो पार्टी के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस वी.कामेश्वर राव की कोर्ट का फैसला स्कूलों के खिलाफ आने की चल रही अटकलों के बीच दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा और महासचिव हरमीत सिंह कालका पर तीखे शब्दी हमले किए। जागो दफ्तर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए जीके ने कहा कि कहां है वो, जो अपने फायदे के हर छोटे काम पर गुरु की गोलक से सीनियर वकीलों को बुलाते हैं। पर आज कौम की धरोहर हमारे स्कूल गलत प्रबंधन नीतियों की वजह से आर्थिक संकट में फंसने के बाद अब आर्थिक अराजकता की ओर बढ़ गए हैं।पर सिरसा और कालका को होश नहीं है। अदालत ने इनको स्टाफ के बकाया वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ, ग्रेच्युटी, छठे वेतन आयोग का बकाया सहित सातवें वेतन आयोग के तहत वेतनमान देने संबंधी कई बार योजना पूछी, पर हर बार यह कोई ना कोई बहाना लगाकर यह देनदारी के भुगतान की राह बताने में असफल रहे। पिछले 2 साल में लगभग 6 हजार बच्चों ने इन स्कूलों को अलविदा कह दिया है। जीके ने कहा कि इस संकट के लिए स्टाफ के वो लोग भी दोषी है, जो आम चुनाव के समय इन प्रबंधकों को मसीहा बताकर इनके कसीदे पढ़ रहे थे। जीके ने कहा कि 56 साल से गुरु हरिक्रिशन पब्लिक स्कूलों ने नौजवान सिखों को सिक्खी संकल्प की घुट्टी पिलाई हैं। पर आज प्रबंधकों के गलत फैसलों की वजह से स्कूल सरकार के पास जाने या बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं। जीके ने अफसोस जताया कि अपनी अयोग्यता बचाने के लिए 40 लाख रुपए वकीलों को एक पेशी पर खर्च करने के लिए इनके पास है, पर स्टाफ की सेवानिवृत्ति लाभ और ग्रेच्युटी देने के लिए इनके पास पैसे नहीं है। जीके ने दावा किया कि सिरसा ने अपनी अयोग्यता को योग्यता में बदलने के लिए अभी तक 1 करोड़ रुपए खर्च कर दिया है।

### ओयो ने सेबी में किया डीआरएचपी दाखिल

वैश्विक यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी, ओयो (ओरावेल स्टेज लिमिटेड) ने 8,430 करोड़ रु. (1.2 बिलियन डॉलर) के आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के यहां अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। 2012 में स्थापित, ओयो एक प्रमुख नए युग का प्रौद्योगिकी मंच है जो बड़े लेकिन अत्यधिक खंडित वैश्विक आतिथ्य पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाता है। यह अपने निगमन के बाद से शॉर्ट-स्टे आवास स्थान को फिर से आकार देने पर केंद्रित रहा है और एक अद्वितीय दो-तरफा प्रौद्योगिकी मंच विकसित किया है जो संरक्षकों के प्रमुख दर्द बिंदुओं को व्यापक रूप से संबोधित करने पर केंद्रित है (हमारे मंच पर सूचीबद्ध स्टोरफ्रंट के मालिक, पट्टेदार और / या ऑपरेटर होने के नाते) ) हमारे प्रमुख उत्पादों जैसे सीओ ओयो और ओयो ओएस के साथ आपूर्ति पक्ष पर, और ग्राहकों को (यात्री और मेहमान जो कंपनी के प्लेटफॉर्म पर स्टोरफ्रंट बुक करते हैं) मांग पक्ष पर। ओयो के 35 से अधिक देशों में 157,000** से अधिक स्टोरफ्रंट हैं जो इसके प्लेटफॉर्म से लाभान्वित होते हैं। उपभोक्ता पक्ष में, ओयो ऐप को सेंसर टॉवर के अनुसार 2020 में एशिया में सबसे अधिक डाउनलोड किया जाने वाला आवास ऐप और दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा दर्जा दिया गया है।

# महात्मा गांधी की जयंती पर धर्मेश शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशन में आरभ हुआ जन जागरूकता अभियान

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता

पश्चिम जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएसएलएसए और नालसा के तत्वावधान में) ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से *आजादी का अमृत महोत्सव* कार्यक्रम कड़ी में धर्मेश शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशन में पश्चिम जिले में महात्मा गांधी की जयंती पर ड्रग्स और मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ एक विशेष अभियान शुरू किया। पश्चिम जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने सुश्री उवीर्जा गोयल के सहयोग से पीएस राजौरी गार्डन में नशा मुक्ति परामर्श शिविर का आयोजन किया, जहां लगभग पहली बार नशा करने वाले 18 अपराधियों को परामर्श और उपचार दिया गया।

उल्लेखनीय है कि पुलिस स्टेशन राजौरी गार्डन में परामर्श के लिए आने का अनुरोध किया गया था ह्ल उन्हें प्रेरित करने के लिए एसपी वाई एम और नारकोटिक्स एनोनिमस के काउंसलर भी मौजूद थे। करीब 20 लोग मौजूद थे जबकि 8 लोग काउंसलिंग के लिए आगे आए। सुनील गुप्ता, सचिव, पश्चिम जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने भी प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। नशीली दवाओं के दुष्परिणामों के बारे में संदेश फैलाने के लिए ट्रांजिट कैंप, रघुबीर नगर में अस्मिता थिएटर ग्रुप द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। उन्हें कानूनी सहायता सेवाओं और हेल्पलाइन नंबर 1516 के बारे में भी बताया गया।. थाना प्रभारी पीएस राजौरी गार्डन एवं सचिव, पश्चिम डीएलएसए ने सभा को संबोधित किया। इसके बाद एलएसी और परामर्शदाताओं द्वारा संचालित एक हेल्प डेस्क का आयोजन किया गया। पश्चिमी जिला प्राधिकरण द्वारा जन





जागरूकता प्रचार सामग्री लोगों के बीच वितरित की गई। कार्यक्रम से 200 से अधिक लोग जानकारी एवं परामर्श से लाभान्वित हुए। सुनील गुप्ता मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एवं सचिव पश्चिमी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि आने वाले दिनों में ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आजादी के महोत्सव पर बांटे पौधे:-सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे



» मदरलैंड संवाददाता

फरीदाबाद। जिला सत्र न्यायाधीश कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चैयरमैन यशवीर सिंह राठौर के दिशा निदेशों पर सीजीएम कम्-सचिव डीएलएसए

मंगलेश कुमार चौबे के द्वारा 2 अक्टूबर शनिवार को गांधी जयंती के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत वन विभाग की नर्सरी से विभिन्न एनजीओ एडवोकेट सोशल वर्कर इत्यादि को पौधारोपण के लिए 1000 पौधे बांटे गए।ये पौधे शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर संजय गुप्ता व अर्चना गोयल ने इस पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष योगदान दिया। न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे ने समाज को एक संदेश दिया की सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधारोपण करें। उन पौधों की देखभाल परिवार के सदस्य की तरह करें। ताकि फरीदाबाद शहर को स्वच्छ, हरा भरा साफ वातावरण दे सके। जो कि आने वाली पीढ़ियों के भी काम आएगा। न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे ने यह भी संदेश दिया कि हर व्यक्ति को एक पेड़ अपने जीवन में जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

## उज्जवला योजना के तहत बांटे गए गैस कनेक्शन

# स्वच्छता अभियान एक सरकारी योजना ही नहीं बल्कि जन आंदोलन का रुप ले चुकी है :हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि शनिवार को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मोदी सरकार की उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन का वितरण करने के दौरान कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री पद पर बैठे तो उस वक्त गैस कनेक्शन सिर्फ 14 करोड़ थे और साल 2016 में शुरू हुए उज्जवला योजना के तहत आज फक्र है कि गैस कनेक्शन की संख्या बढ़कर 30 करोड़ हो गई हैं। आज से ठीक 20 साल पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री का पद संभाला था और उस समय से लेकर अभी तक उन्होंने जिस सेवा भाव से राष्ट्रहित में काम किया है वह सबको पता है।




श्री पुरी ने कहा कि आज गांधी जयंती है और इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छता अभियान 2.0 की शुरूआत कर चुके हैं। आज अगर स्वच्छता अभियान में हमें कामयाबी मिली है तो उसका कारण यह नहीं कि हमने करोड़ों शौचालय बनवाये बल्कि इसलिए क्योंकि हमारे सफाई कर्मचारियों ने हमारा साथ दिया और यह एक सरकारी योजना आज जन आंदोलन का रुप ले चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में जितनी भी जनहित की योजनाएं शुरू की उसका सार्वाधिक लाभ महिलाओं को मिला है। नरेन्द्र मोदी की सोच है कि महिलाओं के विकास से परिवार, समाज और देश का विकास तेजी से संभव हो पाया है। जनधन योजना, उज्जवला योजना, आवास योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं और पोषण योजनाओं का सीधा लाभ महिलावर्ग उठा रहीं हैं। उन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम बताते हुए कहा कि 22 करोड़ महिलाओं के बैंक में खाते खुलवाये और 17 करोड़ 7 लाख महिलाओं को मुद्रा योजना के तहत ऋण दिलवाए जिससे महिलाओं ने अपना कोई रोजगार शुरू किया। दो करोड़ से अधिक महिलाओं को दिशा योजना के तहत जोड़ा गया। यह सब सिर्फ और सिर्फ मोदी सरकार में महिलाओं को नेतृत्व करने का मौका देने का परिणाम है। आज हुए इस कार्यक्रम में महिलाएं और गरीब जरुरतमंदों को गैस कनेक्शन, गैस चूल्हा, कंबल तथा फल वितरित किया गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता पहली आवश्यकता : जितेंद्र यादव

» मदरलैंड संवाददाता

फरीदाबाद। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता को हमें जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा । उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति है संकल्प ले कि वह अपने घर मोहल्ले और फिर गांव अथवा वार्ड में स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देगा । उपायुक्त जितेंद्र यादव शनिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जंयती के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के शुभारंभ अवसर पर अपना संदेश दे रहे थे। इसके अर्न्तगत जिला के विभिन्न गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया ।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सतबीर मान ने बताया कि उपायुक्त जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में जिला भर की सभी ग्राम पंचायतो में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायतो में लगभग 800 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक को इकटठा किया गया। लोगो को इसको प्रयोग ना करने के बारे मे जागरुक भी किया गया।




उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरुक कर उन्हें इस अभियान का भागीदार बनाना है। इसी उद्देश्य के लिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता जागरुकता रथ के द्वारा भी गांव-गांव जाकर लोगो को निरन्तर जागरुक किया जा रहा है। खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी तिगांव प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सफाई अभियान चलाया गया।जिसमे स्वाच्छ भारत मिशन ग्रामीण के डीपीएम, प्रेरको तथा ग्रामवासियो के द्वारा हिस्सा लिया गया।

खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायतों एवं जिला के ग्रामीण क्षेत्र को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 रैंकिग में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानीय स्थान दिलाने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रयास करने के लिए भी लोगो का प्रेरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा वर्ष 2021 के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

इस प्रतियोगिता में वर्ष 2019 में राष्ट्रीय स्तर पर फरीदाबाद जिला के ग्रामीण क्षेत्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। ग्राम पंचायतों में स्वच्छ सर्वेक्षण 25 अक्टूबर के पश्चात शुरू होगा। इस दौरान स्वच्छता मे

प्रत्येक जिला को स्वच्छता स्कोर के मुख्य बिन्दुओं खुले में शौच मुक्ति का स्टैटस, लोगो में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, सामुदायिक शौचालयों का रख- रखाव, ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशिक्षित स्वच्छ ग्राहियों की भूमिका, सामुदायिक कम्पोस्ट पिट एवं सामुदायिक सौख्ता गडढो की उपलब्धता इत्यादि के आधार पर रैंकिग की जाएगी।

# गांधी जयंती के अवसर पर डॉक्टर्स-11 एवम जज-11 के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन






» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ईडीबी) और अध्या फाउंडेशन द्वारा भाई परमानंद विद्या मंदिर राम विहार दिल्ली में इंटरनेशनल डे आफ नॉन वायलेंस गांधी जयंती 2 अक्टूबर को जज-11 और डॉक्टर्स-11 के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें चीफ गेस्ट जस्टिस तलवंत सिंह दिल्ली हाईकोर्ट और गेस्ट ऑफ ऑनर स्पेशल जज सीबीआई अनुराग सेन थे। टॉस जीतकर डॉक्टर्स-11 ने बैटिंग करने का फैसला किया जो मैच के अंत में सही साबित हुआ। जज-11 ने 20 ओवर में 10 विकेट पर 230 रन बनाए, जिसमें जज आकाश जैन ने शतकीय पारी खेलते हुए बहुत अच्छे खेल का मुहायरा किया। डॉक्टर्स-11 की तरफ से डॉ हेमेंद्र शर्मा ने बोलिंग की शुरूआत की, वही डॉ जयदीप ने शतकीय पारी खेला तथा डॉ राहुल ने रन के साथ साथ विकेट लेते हुए अपना योगदान दिया और डॉक्टर्स-11 की तरफ से इस मैच को 6 विकेट से जज-11 के खिलाफ जीत लिया गया। इस मैच के अवसर पर अध्या फाउंडेशन की चेयर पर्सन मनीषा कश्यप और अध्या फाउंडेशन की चीफ पैटर्न चरणजीत कौर और सुमन सेन उपस्थित थी।आईएमए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ईस्ट दिल्ली के प्रेसिडेंट डॉ गौतम सिंह, सेक्रेटरी डॉ कुमार गांधी और चीफ कोडिनेटर डॉ संदीप कस्यप थे। इस मैच का आयोजन गाँधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता तथा शांति का संदेश देने के लिए किया गया।

# कांग्रेस ने अपनी बहुमूल्य नेता दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा श्रीमति ताजदार बाबर को खो दिया है : चौ. अनिल कुमार

## कहा - श्रीमति ताजदार बाबर कांग्रेस पार्टी की रीड़ की हड्डी व कांग्रेस कार्यकताओं की ताकत थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शनिवार की सुबह 2 अक्टूबर को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा श्रीमति ताजदार बाबर के दुखत निधन पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने खेद जताया। उन्होंने श्रीमति ताजदार बाबर के निवास स्थान ईस्ट निजामुद्दीन पर उनके पार्थिव शरीर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ पुष्पांजलि अर्पित आर्पित की।



चौ. अनिल कुमार ने कहा कि जंहा एक ओर कांग्रेस पार्टी गांधी जयन्ती मना रहीं है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने अपनी बहुमूल्य नेता, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा श्रीमति ताजदार बाबर को खो दिया है। आज सुबह दिनांक 2 अक्टूबर को उनका इन्तेकाल हो गया है। उन्होंने बताया कि श्रीमति ताजदार बाबर कांग्रेस पार्टी की रीड़ की हड्डी ही नहीं बल्कि कांग्रेस कार्यकताओं की ताकत भी थी। उन्होंने कहा की श्रीमति ताजदार बाबर ने अपने जीवन पर्यन्त कांग्रेस पार्टी को अपना भरपूर अतुल्य योगदान दिया, श्रीमति ताजदार बाबर 1984 से लेकर 1988 तक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा भी रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके द्वारा दिए गए योगदान को कांग्रेस पार्टी कभी नहीं भूल पाएंगी और कांग्रेस पार्टी में उनकी कमी हमेशा बनी रहेगी। चौ. अनिल कुमार ने श्रीमति ताजदार बाबर के परिवार वालों से प्रार्थना की थी कि वें श्रीमति तजदर बाबर जी के पार्थिव शारीर को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में कांग्रेस कार्यकताओं के लिए अन्तिम दर्शन व पुष्पांपजलि अर्पित करने के लिए रखा जाए, परन्तु समय के अभाव के कारण उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस कार्यालय में नहीं रखा जा सका। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि बाद में श्रीमति ताजदार बाबर की शोक सभा रखी जाएगी।

# अरुण शुक्ला मेमोरियल कारपोरेट क्रिकेट लीग का फाइनल लैमफोर्ड ने जीता

» शकील सैफी, मदरलैंड संवाददाता



मेरठ। 15वे अरुण शुक्ला मेमोरियल कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग का फाइनल मैच लेमफोड लिपर ने जीता। स्थानीय करन पब्लिक स्कूल के मैदान पर खेले जा रहे 15वे अरुण शुक्ला मेमोरियल कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग के फाइन मुकाबला आज सुबह 10 बजे से राइजिंग स्टार और लेमफॉड के बीच खेला गया। आयोजक सचिव अतर अली ने बताया कि 15वे अरुण शुक्ला मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट में कुल 14 टीमों ने भाग लिया व 49 मैचों को होने के बाद फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है ।राइजिंग स्टार के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कोर 20ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए बैटिंग अनिकेत ने 52 रन व अमित शर्मा ने 37 रन बनाए। बॉलिंग पंकज ने 2, मोहमद अबरार ने 1 विकेट लिया स्कोर लेमफॉर्द ने 18.5ओवरों में 6 विकटों पर 214रन बना कर फाइनल अपने नाम कर लिया बैटिंग अबरार ने 119, ओर चेतन ने 46 रन बनाए। बॉलिंग अमित ने 4, व रविंदर सिंह ने 1विकेट लिया। मैच के मेन ऑफ दी मैच अबरार रहे। टूनार्मेंट के बेस्ट बॉलर पंकज बेस्ट बैट्समैन अबरार मैन ऑफ दी सीरिस गुड्डू रहे इसमें 12 टीमों को ट्रॉफी व विजेता टीम लेंफॉर्द को ट्रॉफी के साथ 21,000 का नकद पुरस्कार दिया गया ।व उपविजेता टीम राइजिंग स्टार को ट्रॉफी के साथ 11,000 का नकद पुरस्कार दिया गया। विशेष खिलाड़ियों को भी सममानित किया गया। फाइनल मुकाबले में चीफ गेस्ट श्री सतेंद्र भराला ने कभी खिलाड़ियों को अच्छा खेलने के लिए प्रेरित किया और अतर अली जी ने सतेंद्र जी को बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही गेस्ट ऑफ ऑनर मीनाक्षी भाराला को भी बुके देकर सम्मानित किया गया और विभोर गुप्ता जी जो कि ओरिएंटल बैंक में मैनेजर पद पर जिनका आज मेरठ में काफी समय से कर रथ थे आज उनका ट्रानफर होने के बाद सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरुण राजपूत , सौरभ दत्ता, लोकेश चंद त्यागी , सुशील त्यागी, कपिल चौधर आदि मौजूद रहे।

# उत्साह, हर्षोल्लास के साथ मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती

» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता





एटा। जनपदभर में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई गई।इस दौरान जनपद मुख्यालय, तहसील, ब्लाक, स्कूल, कॉलेज, कार्यालयों में ध्वजारोपण किया गया। डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर कलक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण किया। उसके बाद कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, एडीएम वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्र, डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार त्यागी ने गांधी जी, शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिलाधिकारी ने कहा कि भारत को 90 वर्षो के लम्बे संघर्ष के बाद आजादी मिली। आजादी में गांधी जी का योगदान सराहनीय रहा, गांधी जी को राष्ट्रपिता की उपाधि दी गई। गांधीजी आजादी की लड़ाई में सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चले, उन्होंने किसानों, नौजवानों, जमीदारों, मजदूरों सभी को संगठित किया। आज समूचे विश्वभर में गांधी जी विचारधारा को याद किया जाता है। तो वहीं लाल बहादुर शास्त्री सरल स्वभाव के प्रधानमंत्री हुए, उनके समय में हरित क्रान्ति, परमाणु परीक्षण के साथ साथ विभिन्न सराहनीय कार्य हुए। जय जवान जय किसान के नारे के साथ उन्होंने अखण्ड भारत के निर्माण में सराहनीय योगदान दिया। हम सभी को चाहिए इन महापुरूषों की जीवन शैली, आदर्शों का अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक कुमार मिश्र, डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार त्यागी ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। श्री राम बाल भारती की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गांधी जयन्ती के अवसर पर जनपद के 595 छात्र, छात्राओं को वितरित किए गए छात्रवृत्ति के स्वीकृति पत्र डीएम ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2021-22 के छात्र, छात्राओं को छात्रवृत्ति के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। इस दौरान पूर्व दशम कक्षा 9, कक्षा 10 में अनुसूचित जाति के 104, सामान्य जाति के 70, पिछड़ी जाति के 409 छात्र, छात्राओं सहित कुल 595 छात्र, छात्राओं को 22.96 लाख की धनराशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर पीओ डूडा ललिता पाठक, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी यश वर्मा, एसओसी भीमसेन यादव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत सुधाकर मैथिल, डीजीसी जितेन्द्र सिंह, कलक्ट्रेट कार्यालयों के पटल सहायक, कर्मचारीगण, छात्र छात्राएं आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारों भक्तों ने पाया खाटूश्यामजी का प्रसाद



अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/एलाऊ। जागीर विकासखंड क्षेत्र के एलाऊ चौराहे पर श्री श्याम बाबा कमेटी द्वारा आयोजित बाबा खाटू श्याम जी के प्रथम विशाल भण्डारे में हजारों भक्तों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।सुबह से शाम तक चलता रहा बाबा का प्रसाद वितरण कार्यक्रम भण्डारे के लिए लगाए गए पंडाल में बाबा खाटू श्याम जी के भजनों पर भक्त थिरकते हुए प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। एलाऊ चौराहे पर शनिवार को एकादशी के उपलक्ष्य में श्री श्याम बाबा कमेटी एलाऊ के द्वारा बाबा खाटूश्यामजी के प्रथम भण्डारे का आयोजन किया गया।दोपहर 12 बजे बाबा खाटूश्यामजी के पूजन के साथ भोग लगाकर भण्डारे का शुभारंभ हुआ।भण्डारे के लिए लगाए गए पण्डाल में सारे दिन बाबा खाटूश्यामजी के भजनों पर भक्त थिरकते हुए भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते रहे।देर शाम तक चले भण्डारे में हजारों भक्तों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।विकासखंड जागीर क्षेत्र में बाबा खाटूश्यामजी का यह पहला कार्यक्रम आयोजित हुआ। पूरे दिन श्याम भक्तों ने रोड से गुजर रहे सभी वाहनों को रुकवा कर बाबा श्याम का प्रसाद वितरण करते रहे।देर शाम तक श्याम भक्त भजनों पर झूमते भी नजर आए।श्रीश्याम बाबा कमेटी के सदस्यों ने कहा बाबा की कृपा से जागीर क्षेत्र मे प्रथम विशाल भंडारा सम्पन्न हुआ।कुछ ही दिनों मे हमारी कमेटी बाबा श्याम का भव्य जागरण का आयोजन करायी।श्री श्याम बाबा कमेटी एलाऊ के सदस्यों ने बाबा के पहले कार्यक्रम को बहुत भव्य तरीके से आयोजित किया।भण्डारे के सफल आयोजन में बाबा के सेवक योगेंद्र सिंह,रामसेवक,रॉकी चौहान,संजू गुप्ता,जितेंद्र यादव,रिंकू चौहान,ज्ञानेंद्र चौहान,विपिन मिश्रा,हरिओम चौहान,दिगेंद्र मिश्रा मीतू,चंचल दुवे,सुभाष कुमार,पिंटू राठौर,गब्बर, पवन शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा।

### दबंगों ने दंपति सहित पुत्र को लाठी-डंडों से पीटा गंभीर घायल

मदरलैंड संवाददाता, आगरा जनपद के थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव झोरियन पाती रामपुरा में खेत पर तारों की बाढ़ लगाते समय दबंग लोगों ने पति पत्नी सहित पुत्र को लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीरन देवी पत्नी ओम प्रकाश निषाद उम्र करीब 35 वर्ष निवासी पातीराम पुरा झोरियन थाना पिनाहट गुरुवार की शाम को वह अपने खेत पर पति ओमप्रकाश एवं पुत्र सोनू के साथ पशुओं की रखवाली के लिए लकड़ियां काटकर तारों की बाढ़ लगा रही थी।आरोप है कि तभी गांव के ही दबंग सनी एवं सोनू पुत्र गढ़ मसूरी निषाद हाथों में लाठी-डंडे लेकर आए और गाली गलौज करने लगे जिसका महिला ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट शुरू कर दी।महिला को पीटता देख बचाने आए पति ओम प्रकाश एवं पुत्र सोनू पर भी दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला बोलकर जमकर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी।चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर खेतों पर अन्य ग्रामीणों को एकत्रित होता देख दोनों दबंग मौके से फरार हो गए।उक्त लोगों की पिटाई से पीड़ित पति पत्नी सहित पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।पीड़ित महिला देर शाम थाना पिनाहट पहुंची और पुलिस को मामले से अवगत कराया।शिकायती प्रार्थना पत्र देकर उक्त लोगों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।वहीं पुलिस ने तीनों घायलों का मेडिकल कराया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महात्मा के गांधी के विचार धरातल पर भाजपा राज में शून्य

» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

हांसी । आम आदमी पार्टी के पश्चिम हरियाणा संयुक्त सचिव व हांसी से नेता सचिन जैन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जन्मतिथि पर लोगो को बधाई दी और बधाई संदेश में कहा कि आज लोग गांधी जी, लाल बहादुर शास्त्री व अन्य महापुरुषों की जयंती केवल लोक दिखावे के लिए मना रहे है पर असल जीवन में उनके बताए सिद्धांतो पर नहीं चलते है ।

आज स्वर्ग में बैठे हमारे महापुरुषों को गौरव तभी महसूस होगा जब उनके बताए रास्तों पर चलेंगे और उनके देखे सपनो का साकार करेंगे

जैन ने आगे कहा की गांधी जी का सपना था कि हमारा भारत स्वच्छ बने जिसके लिए वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में स्वच्छ भारत अभियान की शुरूवात भी की परंतु वास्तव में यह अभियान केवल कागजों और विज्ञापनों में सिमट कर रह गया है ।



हांसी की ऑटो मार्केट का एक फोटो जारी करते हुए जैन ने कहा कि करोड़ों रुपए की लागत से बनी ऑटो मार्केट में आज तक सफाई के नाम पर एक झाड़ू नहीं चलाई गई और लोगों से भर भर के प्रशासन कर ले रहा है उन्होंने आगे कहा कि यह हाल केवल एक मार्केट का नहीं अपितु पूरी हांसी का है

एक अन्य उदाहरण देते हुए जैन ने कहा कि शास्त्री जी का सपना था कि देश का जवान और किसान समृद्ध हो क्योंकि जब देश का जवान और किसान समृद्ध होगा तभी देश समृद्ध होगा परंतु वर्तमान समय में हमने देखा हमारे जवान अच्छे खाने की मांग कर रहे हैं और किसान अपने हकों की लड़ाई पर दिल्ली बॉर्डर पर लड़ रहे हैं और सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए किसानों को प्रताड़ित कर रही है और उनकी शहादत ले रही है

अंत में जैन ने कहा कि हमारी नागरिकों व सरकार से अपील है कि वह महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलें तभी स्वर्ग में बैठे महापुरुषों को खुशी होगी कि जो पौधा उन्होंने भारतवर्ष में लगाया था वह आज फल फूल रहा है।

# विद्यालयों में धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जनपद में 2 अक्टूबर राष्ट्रपति महात्मा का एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती बढ़ेगी हर्षोल्लास व पढ़े धूम धाम से मनाई गई विद्यालयों में ध्वजारोहण कर बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया साथ ही अभिभावकों को संचारी रोग के बारे में जानकारियां दी गई। विकासखंड सुल्तानगंज के प्राथमिक विद्यालय रुई पर प्रधानाचार्य सतीश चंद ने ध्वजारोहण के साथ महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए वही छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए इसी के साथ साथ विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों अभिभावकों को जनपद में फैल रही बीमारी डेंगू मलेरिया वायरल बुखार के जानकारी दी जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोग साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें आसपास कहीं पानी भरा हो उसे साफ करें सभी लोग फुल आस्तीन के कपड़े पहने साथ ही अगर बुखार आए तो झोलाछाप डॉक्टरों से कतई दवाई ना लें और अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सक से इलाज कराएं हर बुखार डेंगू नहीं होता अपने आसपास कहीं भी पानी न भरने दें और डेंगू का मच्छर दिन में ही काटता है अगर आप साफ सफाई और सावधानियां बरतेगे तो आप लोग स्वस्थ रहेगे इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका ऋचा सक्सैना, सुनीता, सुषमा यादव, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र राजपूत, रामनिवास वही आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका भी मौजूद रहे।

# पिनाहट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुरू हुआ आयोजन



» मदरलैंड संवाददाता

पिनाहट। कस्बा पिनाहट क्षेत्र के राजाखेड़ा रोड स्थित श्री दुर्गपाल सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुभारंभ हो गया है जिसमें 7 दिन तक स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

जानकारी के अनुसार कस्बा पिनाहट के राजाखेड़ा मागे स्थित श्री दुर्गपाल सिंह महाविद्यालय में गुरुवार से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्राथमिक शिक्षा वर्ग पिनाहट नगर खंड का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमान पंकज खंडेलवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाहक ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम शिविर वर्ग 30 सितंबर से प्रारंभ होकर 8 अक्टूबर तक चलेगा। इस प्रशिक्षण शिक्षा कार्यक्रम में 14 वर्ष से 40 वर्ष की आयु के शिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इस वर्ग में सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान भाग लेने वाले शिक्षार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से समाज एवं देश हित कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। सात दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दर्जनों की संख्या में कार्यकताओं सहित लोग पहुंचे। शिक्षा वर्ग कार्यवाहक योगेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्राथमिक शिक्षा वर्ग कार्यक्रम का आयोजन 7 दिनों तक किया जाएगा जिसमें शिक्षार्थी भाग ले रहे हैं। इस दौरान राघवेंद्र सिंह, सुनील सिंह, राजकुमार सिंह, निखिल सिंह, गोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब सहित तस्कर को दबोचा

» शंकर देव, मदरलैंड संवाददाता




आगरा। 1 जनपद के थाना मंसुखपुरा क्षेत्र के अंतर्गत अमरुपुरा तिराहे पर पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध शराब सहित बाइक सवार तस्कर को घेराबंदी कर दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश जिला आबकारी अधिकारी आगरा के निदेर्शानुसार शराब तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए आबकारी विभाग की टीम शराब तस्करों पर कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को विशेष परिवर्तन अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक हर्ष कुमार यादव ने आबकारी विभाग टीम एवं मनसुखपुरा पुलिस के साथ शराब तस्करों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया।मनसुखपुरा क्षेत्र के गांव सेहा मार्ग पर अमरूपुरा तिराहे के पास मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम ने एक बजाज प्लैटिना बाइक सवार व्यक्ति को अवैध शराब सहित घेराबंदी कर दबोच लिया। टीम के तलाशी लेने पर बाइक पर रखी बोरी से 48 पौव्वा घुंघरू, 48 पौव्वा कंट्री क्लब व्हिस्की सहित 48 टेट्रा पैक रॉयल क्लासिक व्हिस्की फॉर सेल राजस्थान सहित बाइक बरामद की गई। पकड़े गए शराब तस्कर को पुलिस थाने लेकर पहुंची पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मान सिंह पुत्र दौलतराम निवासी गांव रोहाई राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान बताया। वह राजस्थान ब्रांड की शराब उत्तर प्रदेश में तस्करी करने के लिए ले जा रहा था। पुलिस आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर कार्रवाई कर पकड़े गए शराब तस्कर को जेल भेज दिया है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर गांधी जयंती मनाई

» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। मंडलायुक्त अमित गुप्ता द्वारा आयुक्त कार्यालय परिसर में एवं जिलाधिकारी प्रभु एन० सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर गांधी जयंती मनाई गयी। कोई व्यक्ति कैसे आगे बढ़ सकता है इसके लिए गांधीजी की जीवनी का अध्ययन करना चाहिए।हमें अपनी गलतियों को स्वीकार करना सीखना चाहिए एवं इसे सुधारने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

उक्त उदगार आयुक्त आगरा मंडल आगरा श्री अमित गुप्ता द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर व्यक्त किये गए। उन्होंने कहा कि देश के इन दो महापुरुषों की जीवनी से हमें यह सीख मिलती है कि त्याग की भावना को आत्मसात करें एवं जनसेवा के भाव से कार्य करें। हम सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपना कर. देशहित में कार्य करना चाहिए। यदि हम इन दोनों महापुरुषों के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए कार्य करेंगे तो हमें अवश्य सफलता प्राप्त होगी. इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन श्री साहब सिंह द्वारा देशभक्ति गीत द्वारा दोनों महापुरुषों को याद किया गया. कार्यक्रम में उपायुक्त खाद्द,कमिश्नरी परिसर के प्रदीप शर्मा,एवं हरिश्चंद्र सहित उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये.साथ ही नगर पालिका स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए.आयुक्त महोदय द्वारा छात्राओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया

.इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी प्रभु एन० सिंह सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गांधीजी की प्रिय रामधुन भी गायी गयी.इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी एवं आदरणीय लाल बहादुर शास्त्री दोनों महान विभूतियाँ सादगी की प्रतीक थी.हम सभी को उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए।जिलाधिकारी ने कहा की हमारी बचपन की किताबों की शुरूआत में गांधीजी का एक जंतर लिखा होता था आज हम सभी को उसे याद करने की आवश्यकता है.हम सभी यह ध्यान रखें कि हमारे कार्यों से समाज के निर्धन व्यक्ति का कितना भला होगा यही हमारी गांधीजी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी.उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि जब भी कोई व्यक्ति समस्या लेकर उनके पास आये तो उसकी समस्या का निराकरण तो किया ही जाये इसके साथ ही उसके साथ सद्भावना पूर्ण व्यवहार भी किया जाये।यदि कोई ऐसा कार्य है जो सम्बंधित अधिकारी के पटल से सम्बंधित नहीं है तो उसे यह भी बताया जाये एवं सम्बंधित पटल के अधिकारी के पास स्वयं ले जाकर मदद की जाए. उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी व्यक्ति आत्ममंथन करें एवं गांधीजी एवं लाल बहादुर शास्त्री के पद चिन्हों पर चलने का प्रयास करें।

# बुखार से सात माह की बच्ची सहित पांच की मौत, गांव सिरसाबदन में सैकड़ों लोग बीमार

» मदरलैंड संवाददाता



एटा। जिले में बुखार का प्रकोप थम नहीं रहा। बीते दो दिनों में 14 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। वहीं मारहरा ब्लाक के गांव सिरसाबदन में घर-घर चारपाई बिछी है।यहां सैकड़ों लोग बीमार हैं।

जिले में बुखार का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। बीते तीन दिन से लगातार मौतें हो रही हैं।शनिवार को अलग-अलग क्षेत्रों में बुखार से सात माह की बच्ची सहित पांच ग्रामीणों की मौत हो गई। गांव बिल्सड़ पट्टी और बिल्सड़ पछायां में एक ही दिन में तीन मौतें होने से लोग दहशत में हैं।बिल्सड़ पछायां में कुछ दिन पहले बुखार फैला था। स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगाकर लोगों की जांच की और दवाएं दीं। इसके बाद स्थिति में सुधार आया। लेकिन अब फिर हालात बिगड़ गए हैं। शनिवार को बिल्सड़ पछायां निवासी 25 वर्षीय निर्मल पांडेय पुत्र धर्मवीर की मौत आगरा के एक नर्सिंग होम में हो गई।परिजनों ने बताया कि बुखार आने पर उसे आगरा ले गए थे। जहां डेंगू की पुष्टि हुई।

**सात माह की शुभ्रा ने तोड़ा दम**

गांव के ही बुजुर्ग किशनलाल को पांच दिन पूर्व बुखार आया। शनिवार को उनकी भी मौत हो गई। इसके अलावा बिल्सड़ पट्टी निवासी इरफान की सात माह की बेटी शुभ्रा को शुक्रवार को बुखार आया।परिजन उसे इलाज के लिए अलीगंज ले गए, जहां देर रात उसकी मौत हो गई।

राजा के रामपुर थाना क्षेत्र के गांव मोह गड़रिया निवासी जमादार को चार दिन पहले बुखार आया। परिजन राजा का रामपुर में एक चिकित्सक के यहां ले गए।जहां मलेरिया की पुष्टि हुई। शनिवार सुबह मौत हो गई। उधर, जलेसर के मोहल्ला हथौड़ा निवासी बिट्टू भारद्वाज को बुखार आया। परिजन उसे लेकर आगरा ले गए। जहां से गंभीर स्थिति में उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया।दिल्ली ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

**मेडिकल कॉलेज में भर्ती हुए 11 बुखार पीड़ित**

शनिवार को मेडिकल कॉलेज के डेंगू वार्ड में बुखार पीड़ित संजू, नीलम, प्रमोद व संदीप को भर्ती किया गया।वहीं इमरजेंसी वार्ड में सिपाही मुकुल कुमार इलाज के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि चिकित्सक ने बुखार का नाम सुनते ही ड्रिप लगा दी। इसके अलावा अल्हापुर निवासी राजेंद्र, फरीदा निवासी रतन सिंह, खेड़ा निवासी संसा देवी, काशीराम कॉलोनी निवासी कुसुमलता, अलीगंज निवासी दिनेश, निधौली रोड निवासी गुलनाज को बुखार व दस्त के चलते इमरजेंसी में भर्ती किया गया।

**गांव सिरसाबदन में सैकड़ों बीमार**

बुखार का सबसे ज्यादा प्रकोप मारहरा ब्लाक के गांव सिरसाबदन में है।इस गांव में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैकड़ों लोग बीमार है।शनिवार को सीएमओ डॉ. उमेश त्रिपाठी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गांव निरीक्षण किया।गांव में कैंप लगाकर दवाइयां वितरित की गईं।

## संक्षिप्त समाचार

### लंढौरा से लापता बच्ची पास के गांव में मिली

कमलजीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता, मदरलैंड संवादाता लंढौरा। लंढौरा से लापता हुई बच्ची बुक्कनपुर गांव से मिली है। एक बच्ची लापता हो गई सोशल मीडिया पर लापता बच्ची के फोटो वायरल होने पर वह पड़ोस के ही गांव में मिली पुलिस ने लापता बच्ची के माता पिता बुलाकर उनके सुपूर्द किया। लंढौरा के मोहल्ला पठान वाला निवासी अजीत गिरी की तीन साल की पुत्री हिमांशी घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलते खेलते घर से दूर निकल गई। कुछ देर बाद माता पिता ने बच्ची की तलाश की। लेकिन कोई सुराग नही लग पाया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को देने के साथ बच्ची का फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर पूछताछ की। कई घंटे बाद पता चला कि बच्ची करीब पांच किलोमीटर दूर गांव बुक्कनपुर में रोती हुई ग्रामीणों को मिली है। चैकी प्रभारी उमेश कुमार ने बताया कि बच्ची को माता पिता के सपुर्द कर दिया गया है।

### ईमलीखेड़ा में भाजपाईयो ने दी बापू, शास्त्री को श्रद्धांजलि

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। कलियर मण्डल के इमलीखेड़ा गांव में स्थित डीवीपी स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि की गयी तथा स्वच्छता कार्यक्रम अंतर्गत सफाई कार्य किया गया। इस दौरान भाजपा नेता जयभगवान सैनी व मण्डल अध्यक्ष राजबाला सैनी ने कहा कि महात्मा गांधी जयन्ती को पूरा विश्व अन्तरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाता है। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह और अहिंसा की ताकत को सभी को दिखाया। पूरे विश्व ने उनके विचारों से सीख ली है। कार्यक्रम में कमलेश सती, मोहित अग्रवाल, वीरेन्द्र आर्य, अंकित रोड, बिजेन्द्रपाल, पंकजपाल, सुरेश सैनी, सोमपाल, बालेन्द्र, योगेन्द्र आर्य, शिवकुमार कश्यप, अंकित, सुनील, रविन्द्र, राजीव, आकाश, विजय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जयंती पर राष्ट्रपिता गांधी व पूर्व पीएम शास्त्री को किए श्रद्धासुमन अर्पित

देहरादून, एजेंसी। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, मनीषा पंवार, आनंद वर्धन, प्रमुख सचिव, सचिवों सहित अन्य उच्चाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शनिवार को सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राम धुन बजाई गई। मुख्य सचिव द्वारा इस अवसर पर सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

### मुख्यमंत्री ने राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को दी श्रद्धांजलि

देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को शहीद स्थल कचहरी में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों के संघर्ष के परिणामस्वरूप ही हमें नया राज्य मिला। शहीद राज्य आन्दोलनकारियों के सपने के अनुरूप राज्य का विकास हो, इसके लिए सरकार प्रयासरत है। उत्तराखण्ड के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का आदर्श राज्य बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना है, जिससे कि राज्य आन्दोलन के शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य आन्दोलनकारियों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है। राज्य आन्दोलनकारियों के आश्रितों (पति/पत्नी) को भी राज्य आन्दोलनकारी की मृत्यु के पश्चात 3100 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान करने का शासनादेश किया गया है एवं 31 दिसंबर 2021 तक छूटे राज्य आन्दोलनकारियों का चिह्नीकरण कार्य जारी रहेगा। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने भी शहीद उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मुख्यमंत्री श्री धामी ने रुद्रपुर में उत्तराखण्ड का सबसे ऊंचा राष्ट्रध्वज फहराया

देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी पार्क, रुद्रपुर में उत्तराखण्ड के सबसे ऊंचे राष्ट्रध्वज का लोकार्पण किया। उन्होने हनुमान चालीसा के उच्चारण के साथ बटन दबाकर 191 फीट ऊंचे तिरंगे को फहराया। तदोपरान्त राष्ट्रगान के पश्चात तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान पूरे गांधी पार्क का माहौल देश भक्ती में सरोबर हुआ। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री ने ओलम्पिक 2021 में पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार, आईएएस की परीक्षा में पूरे देश में 38वें स्थान प्राप्त करने वाली वरूणा अग्रवाल, वन्देमातरम ग्रुप के संयोजक संजय आर्या व कोरोना काल में जनसेवा करने वाले राधास्वामी सत्संग ब्यास रूद्रपुर के सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी दर्शन लाल, दलवीर व सेवा सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होने जनसभा को सम्बोन्धित करते हुए कहा कि सरकार का प्रत्येक क्षण प्रदेश की जनता के लिए समर्पित है, सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि प्रत्येक जनता जो अन्तिम छोर तक विकास पहुंच सके ताकि उन लोगों तक भारत सरकार व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार विद्युत, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा बंगाली समुदाय के लिए उनके प्रमाण–पत्रों में पूर्वी पाकिस्तानी या बांग्लादेशी शब्द को हटाने, नजूल भूमि पर जनता को मालिकाना हक देने का कार्य प्रारम्भ, किसानों के गन्ने का पूर्ण भुगतान आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। उन्होने कहा कि जनपद में धान खरीद प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु लगभग 200 धान क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने कहा कि बाजपुर मे 20 गांव के कई वर्षों पुराने मामलों का निस्तारण कर 5800 परिवारों को मालिकाना हक देने का कार्य किया गया है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा रोजगार के क्षेत्र में तेजी से कार्य किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत प्रदेश में 24000 रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है व बेरोजगारों के लिए नौकरिया हेतु आवेदन फार्म को निशुल्क कर दिया गया है। उन्होने कहा कि समूह ख और ग में एक वर्ष की आयु सीमा में छूट दी गयी है ताकि कोरोना काल में जो लोग फार्म भरने से वंचित रह गये है उन्हे अवसर मिल सके व लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवाओं को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जायेगी ताकि वे आगे की तैयारी बिना किसी व्यवधान के पूर्ण कर सके। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनाने के लिए लगातार राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूह की महिलाओं के उत्थान के लिए 119 करोड़ का पैकेज राज्य सरकार द्वारा दिया गया है।

# जयंती पर जगह-जगह किया गया राष्ट्रपिता, शास्त्री को नमन

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की/पिरान कलियर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सोहलपुर रोड स्थित कैम्प कार्यालय पर विधायक हाजी फुरकान अहमद ने महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। विधायक ने कहा कि देश की आजादी में महात्मा गांधी ने अहिंसा का मार्ग चुनकर अंग्रेजों से इस देश को आजाद कराया और स्व. पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश के अन्नदाता की आवाज बनकर जय जवान जय किसान का नारा बुलंद कर किसानों व जवानों का सम्मान बढ़ाया था। लेकिन भाजपा सरकार में जवान और किसान दोनों परेशान है। किसान पिछले एक साल से सड़कों पर आन्दोलन कर अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है। केन्द्र सरकार को भी अन्नदाताओं का सम्मान करना चाहिए और काले कानून वापस लेने चाहिए। इस अवसर पर सुभाष सैनी, जगपाल, इसरार शरीफ, मुस्तफा, इकबाल, भानु प्रताप, साहिल राणा, कुलदीप, राजेश कुमार, राकेश कुमार, दीपक वर्मा, सजंय सैनी, पप्पू,






अमजद मलिक, शफीक मलिक, योगेंद्र, श्रवण कुमार, कर्षणपुरी, संदीप सैनी, अयूब, राज सैनी, एडवोकेट शहजाद अली, डॉ सोएब अली, डॉ दिलशाद मौजूद रहे। उधर गांधी वाटिका में महानगर कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई। कांग्रेसियो ने गांधी वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल मालाएं चढ़ाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अमर रहे, के नारे लगाए। कहा कि राष्ट्रपिता ने अहिंसा के मार्ग पर चलकर किस प्रकार देश से अंग्रेजों की हुकूमत को समाप्त कर भारत को स्वतंत्र कराया, नमक आंदोलन कर भारत वासियों के स्वाभिमान अंग्रेजों को दिखाया, किस प्रकार अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन, सत्याग्रह आंदोलन, अपना संपूर्ण जीवन को देश पर किस प्रकार महात्मा गांधी ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया,। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा, बुरा मत कहो-बुरा मत देखो-बुरा मत सुनो। समाज में रहकर अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। अपने जीवन को देश पर बलिदान करने से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। महात्मा गांधी जी के संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला गया। किस प्रकार उन्होंने देश सेवा की। आज हम सब को उनकी जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेसियो ने उन्हें याद किया और उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। कुलदीप सूर्यवंशी, महिला शहर अध्यक्ष रश्मि चैधरी, प्रदेश सचिव जगदेव सिंह सेखों, पंकज सोनकर, मनोज जयंत, प्रदेश अल्पसंख्यक सदस्य रईस अहमद, प्रवक्ता उमेद गाजी, कांग्रेस नेता आदेश सैनी, अल्पसंख्यक शहर अध्यक्ष मोहम्मद साहिल, भूषण त्यागी, सुशील कश्यप, सुभाष कश्यप, मकसूद हसन, मुब्बासिर, लवि त्यागी, मो. मुरसलीन बीना आनंद आदि मौजूद रहे। उधर महानगर कांग्रेस सेवादल ने जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया और अहिंसा व राष्ट्र सेवा के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। पुरानी तहसील में आयोजित कार्यक्रम में महानगर सेवादल अध्यक्ष डॉ. अफजल खां ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की बदौलत ही देश को आजादी मिल सकी है, जिस कारण आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। देश की आजादी में दिए गए राष्ट्रपिता के योगदान को देश कभी नहीं भूल पाएगा। लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान के नारे से देश के युवा और किसान को आगे बढ़ाने की मिशाल पेश की। आज मोदी सरकार में युवा और किसान दोनों ही दुखी है। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष मंजू कश्यप ने जरूरतमंदो को केले व फल वितरित किए। कहा कि राष्ट्रपिता ने हमें हमेशा भाईचारे और जरूरतमंदो की मदद की सीख दी है। इस अवसर पर सुशील कश्यप, डॉ. सीताराम, भारत भूषण शर्मा, सलीम सलमानी, अर्श खान, नबील मलिक आदि मौजूद रहे।

### स्कूलों में किया बापू, शास्त्री को नमन, अहिंसा, राष्ट्र सेवा का पाठ पढ़ाया

# गांधी जयंती पर एसएसडी में चला स्वच्छता, वृक्षारोपण अभियान

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। एसएसडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं सांस्कृतिक समिति के द्वारा गांधी जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी छात्राओं ने महाविद्यालय वाटिका में स्वच्छता अभियान चलाया। क्यारी व गमलों से खरपतवार निकाली गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ कामना जैन ने छात्राओं को गांधी की तरह बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों से जोड़ने तथा उनका हित चिंतन करने का संदेश दिया। सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ अर्चना चैहान के दिशा निर्देशन में गांधी जी के जीवन के विभिन्न फोटोग्राफ्स को दिशा भित्तिपत्रिका के रूप में प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष सौरभ भूषण ने की। दीप प्रज्वलन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। स्वागत गीत, सामूहिक गीत आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामिया, आफिया, नेहा, शमा, तबस्सुम, अर्शिया आदि ने अपने नृत्य में पंच महाभूत तत्व दर्शाए। आजादी के अमृत महोत्सव की संयोजिका डॉ भारती शर्मा ने गत सत्र में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया



तथा आगामी सत्र के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस दौरान विभिन्न समितियों तथा विभागों ने छात्राओं को पुरस्कार वितरण भी किये। इस दौरान महाविद्यालय में आगामी सत्रारंभ अनुशासन संबंधी प्रथम बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें कोड ऑफ कंडक्ट के लिखित संस्करण का विमोचन भी महाविद्यालय प्रबंध समिति कोषाध्यक्ष महोदय सौरभ भूषण द्वारा किया गया। अनुशासन संबंधी प्रथक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने महाविद्यालय में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा वैसे तो गांधी का पूरा जीवन ही अनुकरणीय है किंतु सफलता प्राप्ति हेतु सर्वाधिक प्रमुख भूमिका अनुशासन की ही होती है। अनुशासित व्यक्ति अपने कार्यों को अधिक सफलता के साथ संपादित कर सकता है। प्राचार्य डॉ अर्चना मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय की प्रतिष्ठा और गरिमा पूरे नगर में अनुशासन के कारण ही व्याप्त है और गत वर्षों में विभिन्न उपलब्धियां महाविद्यालय को इसके अनुशासित कार्यशैली के कारण ही प्राप्त हुई है। अनुशासन संबंधी बैठक में शिक्षिका वर्ग, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्राओं को अनुशासन संबंधी नियमों की जानकारी दी गई।

# बीएसएम में छात्रों को बताई गांधी, शास्त्री की जीवनी

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। गांधी जयंती बीएसएम इण्टर कॉलेज में गांधी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री मनोहर लाल शर्मा ने कहा कि हर साल पूरी दुनिया में 2 अक्तूबर का दिन अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज से 152 साल पहले 2 अक्तूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में जन्मे महामानव मोहनदास करमचन्द गांधी आगे चलकर दुनिया भर में महात्मा गांधी के नाम से विख्यात हुआ। अंग्रेजों से आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का विशेष योगदान रहा है। चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, दांडी सत्याग्रह, दलित आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन उनके कुछ प्रमुख आंदोलन ने जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव कमजोर करने में बड़ा रोल अदा किया। 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अलावा देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी होती है। इस साल लाल बहादुर शास्त्री की 118वीं जयंती है। शास्त्री एक कुशल नेतृत्व वाले गांधीवादी नेता थे और सादगी भरी जीवन व्यतीत करते थे। सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले शास्त्री एक शांत चित्त व्यक्तित्व भी थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने समस्त स्टाफ, छात्रों को देश हित, देश की रक्षा के लिए एक शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. अभय ढौंडियाल, ममतेश शर्मा, डॉ. दुष्यंत



कुमार शर्मा, एनसीसी ऑफिसर कैप्टन अजय कौशिक, कमल मिश्रा, मेनपाल, अमित कपिल, मनोज कुमार, डीएन पांडेय, अखिलेश मोहन शर्मा, नीरज कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, विनय कुमार वर्मा, मोहित कुमार आदि ने विचार व्यक्त किए। उधर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता व पर्यावरण संबधी अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरज नैथानी व कार्यक्रम अधिकारी शिक्षक अशोक पाल ने छात्रों को बापू और शास्त्री के जीवन के विषय में बताया।

## चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति ने मनाया काला दिवस

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति ने रामपुर तिराहा कांड की बरसी को काला दिवस के रूप में मनाया। समिति ने एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन कर आंदोलनकारियो के सपनों का राज्य बनाए जाने की मांग की। इस दौरान समिति ने उत्तराखंड आंदोलन के दौरान शहीद हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। समिति के संरक्षक राजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार लगातार राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों की अनदेखी कर रही है। राज्य आंदोलन में अपना योगदान देने वाले महान परिवारों को आज भी न्याय और सरकार से सुविधाओ का इंतजार है। उत्तराखण्ड शहीदों के सपनों का राज्य नहीं बन सका है। कहा कि अगर 5 अक्टूबर को उनकी मांगे नहीं मानी जाती तो समिति अनशन करेगी। राजेंद्र सिंह रावत दोपहर बाद रामपुर तिराहा भी पहुंचे। जहां उन्होने अमर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



## तहसील में भाजपाईयो, अधिवक्ताओ ने किया राष्ट्रपिता को नमन

» मदरलैंड संवाददाता


रुड़की। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मोत्सव पर तहसील में भाजपा नेता व प्रदेश अध्यक्ष मानवाधिकार संगठन ब्यूरो उत्तराखंड नवीन कुमार जैन एडवोकेट के कैम्प कार्यालय पर भाजपाईयो, अधिवक्ताओ ने दोनों महापुरूषों की प्रतिमाओ पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता भाजपा डॉ बीएल अग्रवाल ने अध्यक्षता की। इस दौरान नरेद्र जैन, इंद्र बधान, सुधीर चैधरी, सुबोध कुमार शर्मा, अनिल कुमार वर्मा, अश्विन भारद्वाज व कृष्णदत धीमान ने दोनों महापुरुषों की जीवनी पर चर्चा की। भाजपा नेता अनिल कुमार वर्मा ने महापुरुषों के जीवन चरित्र पर काव्य पाठ को गीत स्वर में सुनाया। भाजपा नेता जैन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को राष्ट्र दूत बताया। कहा कि परतंत्र देश मे गांधी के आदर्शों व सिद्धांत से प्रभावित हो भारत माता के सजग युवाओं ने आजादी दिलाने हेतु अंग्रेजी सल्तनत को पराजित कर अपने प्राणों को भारत माता की आजादी खातिर हंसते-हंसते प्राणों को न्यौछावर कर दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसा मार्ग पर एकता व अखंडता स्थापित कर एवं राष्ट्र के सच्चे राष्ट्रभक्त पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने स्वतंत्रता पूर्व असहयोग आंदोलन, डांडी यात्रा, भारत छोड़ो आंदोलन में भागीदारी कर देश की शान्ति व समृद्धि के लिए कार्य किए। जय जवान जय किसान का नारा दे देश मे खाद्यान्न पूर्ति की और 1965 में पाकिस्तान युद्ध मे शालीनता व समझदारी का परिचय दिया। 1966 में ताशकंद समझौते में उनकी मृत्यु किसी षड्यंत्र तहत हुई। हम भारत माता के ऐसे महापुरुषों को उनके जयंती वर्ष पर कोटि कोटि नमन कर श्रद्धांजंलि अर्पित कर शपथ ले कि राष्ट्र को आजाद रखने वास्ते हम अपने प्राणों की परवाह नही करेंगे यही महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर नरेश कुमार, सचिन गोंड़वाल, सुमित बिरला, हाजी नूरहसन, राजेश वर्मा, फैसल खां, अधिवक्ता अशोक कुमार, विनोद शर्मा, सुनींल गोयल, अभिनव गोयल, सहजाद अल्वी, आस मोहमद, दीपक कुमार, अभिषेक, पंकज जैन मौजूद रहे।

## उत्तराखंड बन रहा फिल्म शूटिंग का पसंदीदा डेस्टीनेशन: सतपाल महाराज

**मुंबई/देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने शुक्रवार को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में फिल्म जगत से जुड़े निमार्ता निर्देशकों से बातचीत करते हुए कहा कि उत्तराखंड में फिल्म नीति के तहत कई आकर्षक सुविधाएं दी जा रही हैं। हम अपने राज्य में अपनी फिल्म परियोजनाओं के लिए आने के इच्छुक निमार्ताओं और निदेशकों के लिए अधिक से अधिक बुनियादी ढांचे को सुविधाजनक बनाने और विकसित करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री और उनकी टीम से मिलने के लिए आज करीब 33 प्रोडक्शन हाउस से जुड़े निमार्ता निर्देशक मौजूद रहे। जिसमें धर्मा प्रोडक्शन, महेश कोठारे, नेटफ्लिक्स, एमेजॉन प्राइम, बालाजी टेलीफिल्म्स, भंसाली प्रोडक्शन, एंडेमोल शाइन इंडिया, जियो स्टूडियो, सलमान खान वेंचर्स, एमएक्स प्लेयर, राजश्री प्रोडक्शन जैसे प्रसिद्ध प्रोडक्शन हाउस हैं। इस बैठक का उद्देश्य फिल्म शूटिंग के लिए उत्तराखंड को एक आदर्श गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना था। पर्यटन मंत्री ने बैठक के दौरान बताया कि मैन वर्सेज वाइल्ड की शूटिंग उत्तराखंड में हुई थी जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेयर ग्रिल्स के साथ नजर आए थे। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सुंदर भव्य पर्वतों, नदियों, खूबसूरत नजारों, वास्तुशिल्प के कारण उत्तराखंड आकर्षक रचनात्मक स्थलों में सदैव शामिल रहा है। पहाड़ की विहंगम और खूबसूरत वादियों में शूटिंग के लिए फिल्मी सितारे लगातार उत्तराखंड का रुख कर रहे हैं। उत्तराखंड को दुनिया का पसंदीदा फिल्म डेस्टिनेशन बनाने के लिए हमारी सरकार निरंतर काम कर रहे हैं। महाराज ने बताया कि पूर्व में प्रसिद्ध फिल्म मधुमती, भीगी रात, कटी पतंग, लक्ष्य, केदारनाथ, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, कोई मिल गया, लक्ष्य, दम लगा के हैय स्या, बत्ती गुल मीटर चालू सहित अनगिनत फिल्मों की शूटिंग कर चुके हैं।

## राज्य का विकास शहीदों के सपनों के अनुरूप किया जाएगा: सीएम





» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को रामपुर तिराहा मुजफ्फरनगर स्थित उत्तराखंड शहीद स्मारक पहुंचकर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस दौरान कई अहम घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार शहीदों के सपनों और राज्य आंदोलनकारियों की भावनाओं के अनुरूप उत्तराखंड को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाएगी। जनता, सरकार के भाव को समझे। मुख्यमंत्री ने राज्य आंदोलनकारियों के हित में कई घोषणायें कीं। इनमें राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी अस्पतालों की तर्ज पर राजकीय मेडिकल कालेजों में मुफ्त उपचार उपलब्ध करवाने, उद्योग धंधों में राज्य आन्दोलकारियों और उनके परिजनों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने और विभिन्न विभागों में सेवारत राज्य आन्दोलनकारियों को हटाये जाने सम्बंधी मामले में ठोस पैरवी करना शामिल है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वह उन शहीदों को नमन करते हैं, जिनके सर्वोच्च बलिदान की वजह से हमें उत्तराखंड राज्य मिला है। राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान खटीमा, मसूरी और मुजफ्फरनगर में लाखों आंदोलनकारियों ने भाग लिया, जिसमें से कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य का विकास शहीदों के सपनों के अनुरूप किया जाएगा। हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। राज्य आंदोलनकारियों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 सितम्बर 2021 को घोषणा की थी कि राज्य आन्दोलनकारियों के चिन्हीकरण की प्रक्रिया फिर से शुरू की जायेगी, उसका शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट, केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन कौशिक, कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानन्द, विधायक प्रदीप बत्रा, जिला महामंत्री आदेश सैनी, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी ने भी रामपुर तिराहा पहुंच अमर शहीदों को नमन किया। विधायक प्रदीप बत्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शेरपुर में आयोजित समारोह में बापू और शास्त्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक प्रदीप बत्रा ने इस अवसर पर कहा कि उन उत्तराखंड के शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता।

## संक्षिप्त समाचार

## डॉ विनोद शर्मा ने पुस्तक 'बढ़ते कदम' राज्यपाल को की भेंट



चंडीगढ़। डॉ विनोद शर्मा ने स्वरचित पुस्तक 'बढ़ते कदम' पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित को गांधी स्मारक भवन में आयोजित गांधी जयंती समारोह के दौरान भेंट की। इस मौके पर पूर्व सांसद सत्यपाल जैन, गांधी स्मारक भवन के निदेशक देशराज त्यागी, सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रेम विज और भी उपस्थित थे।

## गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री जयंती पर हुआ आयोजन



सुनील शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनू। लॉयंस क्लब झुंझुनू के तत्वाधान में 2 अक्टूबर को प्रांतीय प्रोजेक्ट के अंतर्गत इंदिरा नगर स्थित सीकेआरडी मेमोरियल अस्पताल में गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रायोजक लॉयन डॉ लालचंद ढाका एवं संयोजक लॉयन ओमप्रकाश जांगिड़ के सानिध्य में किया गया। जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ डीएन तुलस्यान ने बताया कि कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद जांगिड़, सचिव शिवकुमार जांगिड़, नरेंद्र व्यास, ओमप्रकाश जांगिड़, महिपाल सिंह, मानाराम जांगिड़, शकुंतला पुरोहित, डॉ बबीता कुमावत, राजेंद्र कुमावत, लालचंद ढाका, संतोष ढाका एवं अस्पताल स्टाफ सहित अन्य जन उपस्थित थे

## इंदिरा रसोई में कराया भोजन




झुंझुनू। लॉयंस क्लब झुंझुनू के तत्वाधान में 2 अक्टूबर को प्रातः नगर परिषद स्थित रैनबसेरा में संचालित इंदिरा रसोई में लॉयन भागीरथ प्रसाद जांगिड़ के आर्थिक सौजन्य से 51 जरूरतमंदों को भोजन करवाया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद जांगिड़, सचिव शिवकुमार जांगिड़, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र व्यास, डॉ बबीता कुमावत, शकुंतला पुरोहित, ओमप्रकाश जांगिड़ एवं महिपाल सिंह सहित अन्य लॉयन सदस्य उपस्थित थे

## पौधारोपण कर मनाई गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती



पलवल। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति पलवल द्वारा पौधारोपण एवं मास्क वितरण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। स्वच्छता दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर लोगों को साफ– सफाई रखने के साथ अहिंसा के प्रति जागरूक किया तथा बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगता कराई गई। संस्था संयोजक आचार्य राम कुमार बघेल ने कहा कि हमें ऐसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने आस– पास वातावरण को स्वच्छ रखने से ही पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सकता है। जीवों के प्रति दया भाव रखकर उनकी रक्षा करनी चाहिए। अहिंसा परमो धर्मः, धर्म हिंसा तथैव चः। प्रकृति के सभी उपहार हमें जीवन देने और धरती का संतुलन बनाने में अति महत्वपूर्ण हैं। आज संस्था द्वारा जल, जंगल बचाओ अभियान की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर मास्टर थानसिंह, विक्रम, अमरपाल, ईश्वरराज, प्रेमवती, कौशल, देव, महेंद्र, महेश, सुमित, दिनेश, शिवम आदि उपस्थित रहे।

# एमसीएम ने गांधी जयंती मनाई




» विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज ऑफ विमेन, चंडीगढ़ ने गांधी जयंती के अवसर पर कई गतिविधियों का आयोजन किया, जिनका उद्देश्य छात्रों को अपनी मातृभूमि के लिए महात्मा गांधी के योगदान और एक प्रगतिशील भारत के लिए उनके दृष्टिकोण से अवगत कराना था। प्रधानाचार्या डॉ. निशा भार्गव ने राष्ट्रपिता को एक स्वरचित कविता समर्पित की जिसमें उन्होंने उन्हें विश्व शांति के संवाहक के रूप में संदर्भित किया। जिन्होंने अहिंसा के माध्यम से साम्राज्यवाद की नींव को हिलाकर रख दिया और भारत की स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया। इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए, डॉ. भार्गव ने कहा कि गांधीजी की अहिंसा पद्धति ने दुनिया भर में कई नागरिक अधिकार आंदोलनों को प्रेरित किया और यह तथ्य भी बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा उनकी वर्षगाँठ को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाना दुनिया पर उनकी अमिट छाप को दर्शाता है।

कॉलेज की एनएसएस इकाइयों ने इस विशेष अवसर पर स्वच्छ भारत कार्यक्रम के हिस्से के रूप में स्वच्छता शपथ समारोह और एक दिवसीय स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। शपथ समारोह के दौरान, एनएसएस स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने अपने आस-पास को स्वच्छ रखने और गांधीजी के ह्यस्वच्छ भारतह्व के सपने को साकार करने का संकल्प लिया। इस स्वच्छता अभियान में 80 एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज के हर कोने को साफ किया जिसमें सेलिब्रेशन ग्राउंड, लॉन, छात्रावास परिसर, प्रयोगशालाएँ और मेस क्षेत्र शामिल रहे। एक अन्य कार्यक्रम में, कॉलेज के संस्कृत विभाग और चरित्र निर्माण समिति ने ह्यस्वावलंबनह्व के माध्यम से गांधी जयंती को चिह्नित किया और कई गतिविधियों का आयोजन किया। जिसमें बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, स्लोगन राइटिंग और बुकमार्क मेकिंग प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। जिनके माध्यम से गांधीजी के आदर्शों को सुदृढ़ करने का संदेश भी दिया गया। ह्यमहात्मा गांधी के आदर्श सिद्धांत और दर्शनह्व विषय के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में भी उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखी गई। इसमें कुल 113 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं। नारा लेखन प्रतियोगिता में, प्रतिभागियों को गांधीजी के योगदान, नैतिकता, विचारों और सपनों को दर्शाने वाले नारे लिखने थे, जबकि बुकमार्क बनाने में, प्रतिभागियों को गांधीजी की शिक्षाओं और विचारों को चित्रित करना था। प्रत्येक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ तीन विजेता प्रविष्टियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

छत्तबीड़ जू में साईकलिस्टों के साथ नैश्नल वाईल्डलाईफ वीक आयोजित

## साईकलिस्ट दस रुपये की टिकट के साथ कर सकते हैं जू की सैरः हरपाल सिंह

» मदरलैंड संवाददाता




जीरकपुर। दो से आठ अक्तूबर तक मनाये जाने वाले नैश्नल वाईल्डलाईफ वीक की कड़ी में महेन्द्र सिंह चैधरी जूजोजिकल पार्क (छतबीड़ जू) ने शनिवार को ट्राइसिटी में साईकलिंग के उत्थान में प्रयासरत ग्रुप - साईकलगिरि के सहयोग से वन्य जीवन के सरंक्षण को प्रोत्साहित करती एक साईकल रैली का आयोजन किया। ग्रुप के संयोजक डॉ सुनैना बंसल और अक्षित पस्सी की अगुवाई में मोहाली स्थित सोहाना गुरुद्वारा से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय करती हुये यह रैली छतबीड़ जू पहुंची जहां जू प्रबंधकों ने रैली का स्वागत किया। रैली में लगभग 200 साईकलिस्टों ने भाग लिया।

इस अवसर पर छत्तबीड़ जू के एज्यूकेशनल आफिसर हरपाल सिंह ने इस सप्ताह की महत्वता से सभी को अवगत करवाया। साईकलिंग के उत्साह के देखते हुये उन्होनें बताया कि साईकलिस्ट लगभग 500 एकड़ में फैले और जू के भीतर चार किलोमीटर के रास्ते पर रुटिन के दिनों में भी मात्र दस रुपये की और टिकट के साथ साईकलिंग सेघूम सकते हैं। इस अवसर पर निशा वधवा और अमित शर्मा द्वारा निर्देशित वन्यजीवन पर अधारित एक स्किट का भी मंचन किया जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान संबंधित विषय पर ऑन दी स्पॉट क्विज भी आयोजित किया गया। विजेताओं को हरपाल सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## एबीएन स्कूल में गॉधी जयन्ती व शास्त्री जयन्ती मनाई गई

» मदरलैंड संवाददाता



झुन्झुनू। झुंझुनू प्रगति संघ द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकण्डरी स्कूल में 2अक्टूबर को गॉधी जयन्ती एवं लाल बहादूर शास्त्री जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय सचिव परमेश्वर हलवाई, निदेशक डॉ अंशु लीला, प्रधानाचार्य अनिता महमियॉ एवं समस्त स्टाफ ने गॉधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय सचिव परमेश्वर हलवाई ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गॉधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे तथा भारत में रामराज्य की स्थापना करना उनका सपना था। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए तथा समाज में समानता, भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक डॉ अंशु लीला ने कहा कि शास्त्री जी ने विपरीत परिस्थितियों में भी कड़ी मेहनत एवं लगन से जिस मुकाम को हासिल किया और इतने बड़े पद पर रहते हुए भी जिस सादगी से जीवन व्यतित किया वो हम सबके लिए प्रेणादायी है। इन महान विभूतियों के पदचिन्हों पर चल कर ही हम उनके सम्पन्न भारत के स्वपन को साकार कर पायेगें। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए कविता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन, पोस्टर, कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए स्पीच, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ चढ़कर भाग लिया।

## तीन दिवसीय साइकिल प्रदर्शनी में कोई भी बड़ा ब्रांड नजर नहीं आया हीरो, एवन, रोड मास्टर, नीलम रहे गायब




- व्यापारियों का प्रदर्शनी में गर्मी से हुआ बुरा हाल एसी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को रही घबराहट
- रोड मास्टर साइकिल पर 50 % नवरात्रों के अवसर पर दी छूट.. ज्ञान सिंह

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। लुधियाना में कोविड के बाद एशिया की पहली तीन दिवसीय साइकिल एग्जीबिशन 1 अक्टूबर से लेकर 3 अक्टूबर तक लगाई गई है जिसमें 100 के करीब साइकिल ब्रांड ने हिस्सा लिया है मगर किसी भी मशहूर साइकिल ब्रांड ने इस एग्जीबिशन में हिस्सा नहीं लिया ना ही हीरो ग्रुप नजर आया और ना ही एवन ग्रुप ना ही रोड मास्टर और ना ही नीलम साइकिल शहर की मशहूर इंडस्ट्री साइकिल बिल्कुल नजर नहीं आई इस एग्जीबिशन में पहली बार ऐसी भी नहीं दिखाई दिए हैं। गर्मी से लोगों का बुरा हाल था रोड मास्टर के डायरेक्टर ज्ञान सिंह ने बताया कि नवरात्रों के अवसर पर कस्टमर के लिए 15 दिन के लिए 50% साइकिल पर छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया में कहीं पर भी जाकर आप 50% छूट पर साइकिल ले जा सकते हैं। इस अवसर पर सी फॉस ऑर्गेनाइजर सुरेंद्र सिंह बराड़ ने ज्ञान सिंह को फूलों के गुलदस्ते देकर स्वागत किया और उनको विशेष तौर पर सम्मानित भी किया गया। सुरिंदर सिंह ने बताया कि पहले प्रदर्शनी फरवरी में लगती थी इस बार अक्टूबर में लगी है तो उनको गर्मी का अंदाजा नहीं था इसलिए कल लास्ट दिन वाले दिन कूलर का प्रबंध किया जाएगा। दिल्ली से आए ग्राहक प्रीतम सिंह ने बताया कि इस बार उनको साइकल में कोई भी बढ़िया ब्रांड नजर नहीं आया और ना ही कोई नई तकनीक की साइकिल नजर आई अंदर जाते ही गर्मी से बुरा हाल था 10 मिनट देखने के बाद ही तुरंत बाहर आ गए क्योंकि वहां पर खड़ा ही नहीं हो या जा रहा था इतनी गर्मी थी स्पेशल दिल्ली से आए थे मगर निराश होते हुए नजर आए।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया अखिल भारतीय कानूनी जागरूकता अभियान का आयोजन

» सुरेश गुप्ता, मदरलैंड संवाददाता



पलवल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन श्री चंद्रशेखर व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव श्री पीयूष शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ,पलवल के तत्वाधान में आजादी के 75 वें वर्ष को चिह्नित करने वाले आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के रूप में जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण पलवल आज 2 अक्टूबर से 14 नवंबर तक एक अखिल भारतीय कानूनी जागरूकता अभियान का आयोजन कर रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले आज इस विशाल कानूनी जागरूकता अभियान की शरुआत जिला न्यायालय परिसर पलवल में माननीय जिला व सत्र न्यायाधीश श्री एस के गर्ग के द्वारा पौधारोपण से की गई तथा माननीय न्यायाधीश श्री एस के खंडूजा, सुखप्रीत सिंह, महेश कुमार, आर के यादव, गुलशन वर्मा, विकाश वर्मा व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पीयूष शर्मा ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान के साथ साथ कानूनी जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पैनल अधिवक्तागण हंसराज शाण्डिल्य, नवीन रावत, नारायण शर्मा, द्वारा कमेटी चौक, मीनार गेट, व ताऊ देवी लाल पार्क, श्रद्धानन्द पार्क, अलावलपुर चौक, आगरा चौक, दया बस्ती, व गाँव रनियाला खुर्द, रनसिका, बहीन, अच्छेजा, चाँदपुर में लोगों को जागरूक किया। आज राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जन्म दिवस के अवसर पर लोगों को शांति पूर्वक जीने के लिये गांधी वादी विचारधारा व ह्यअहिंसा परमो धर्मःह्व समानता के सिद्धान्तों को जीवन में अपनाने की अपील की। इसके अलावा पैनल अधिवक्ताओं के द्वारा मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों, हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं, डेली लोक अदालत, अंतजार्तीय विवाह और ऑनर किलिंग के खिलाफ हिंसा पर अंकुश लगाना तथा स्वच्छता अभियान के बारे मे बताया। इस कानूनी जागरूकता अभियान में पैरा लीगल वेलेंटियरों केद्वारा , गरीबी उन्मूलन योजनाओं, असंगठित छेत्र के कार्यकर्ता/ मजदूरों के लिये योजनाओं के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी व फेस मास्क वितरित किए। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को कानूनी मदद की आवश्यकता है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हेल्पलाइन नंबर 01275-298003 पर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। पैनल अधिवक्ता रणसिंह के द्वारा करुणामयी गैर सरकारी संस्था से सहयोग से ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित कराया गया। व हिन्दुस्तान स्कॉउट एंड गार्ड से स्वयंसेवकों ने साफ सफाई के साथ साथ लोंगो को इस वैश्विक माहमारी में एक दूसरे से उचित दूरी बनाए रखने, हाथों को सेनेटाइज्ड करने की सलाह दीव गांव टहरकी तथा आगरा चौक पलवल में प्रभात फेरी निकाली गई।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंति पर कांग्रेसी नेताओं ने प्रभात फेरी का किया आयोजन

» गीतिका, मदरलैंड संवाददाता



गुरूग्राम। कांग्रेसजनों ने सोहना चौक से भारत माता की जय, महात्मा गांधी अमर रहे और लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे के नारे लगाते हुए सदर बाजार के बीचों बीच से कांग्रेस कार्यालय कमान सराय तक प्रभात फेरी लगाई। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी को कमान सराय में माल्यापर्ण कर श्रृद्धांजलि देते हुए कहा कि देश की आजादी दिलाने वाले सत्य अंहिसा के पूजारी महात्मा गांधी जी को हम बार-बार नमन करते हैं। गांधी जी ने बडे ही सूझभूझ से अंग्रेजों को भारत छोडने पर मजबूर कर दिया था। हम सभी को उनके नक्से कदम पर चलना चाहिए। आज के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और देश के प्रति समर्पित रहना चाहिए। सेवा दल के प्रदेश सह अध्यक्ष इंद्र सिंह सैनी ने कहा कि शास्त्री जी की सादगी से हर कोई प्रभावित हो जाता था। उनकी साफ छवि के कारण ही उन्हें 1964 में देश का प्रधानमन्त्री बनाया गया। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने देश के जवानों और किसानों को अपने कर्म और निष्ठा के प्रति सुदृढ़ रहने और देश को खाद्य के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से जय जवान, जय किसान का नारा दिया। यह नारा आज भी लोकप्रिय है।

कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन पंकज डाबर ने कहा कि सत्य और अहिंसा के बलबूते पर गांधी जी ने देश को आजादी दिलाई थी और शास्त्री जी के बारे में कहा जाता है कि वह हर निणर्य सोच-विचार कर ही लेते थे। वह उन नेताओं में थे जो अपने दायित्व अच्छी तरह समझते थे। ऐसे महापुरुषों को हम बार-बार नमन करते हैं।

इस मौके पर सेवा दल के जिला अध्यक्ष कृष्ण सैनी, लाल सिंह यादव, अशोक टांक, भारत मदान, रशमी शर्मा, सुरेश यादव, जय सिंह हुड्डा, रामपत प्रेमी, श्यामपाल यादव, बबलु प्रजापत, दीपक नंबरदार, संदीप शर्मा, प्रेम देवी, माला देवी, कांता देवी महिला अध्यक्ष सेवादल, पी एल कटारिया, नंदलाल सेठी, महाराम, बुद्ध राम मिस्त्री, संजय शर्मा, सुभाष सरपंच जुडौला, सुमित चकरपुर, अनिल नंबरदार बसई, अरविंद यादव जमालपुर, भीम सैन किरबत, जितेंद्र बेरवाल इत्यादि मौजूद रहे।

## पंजाब में रोजाना हो रहे खाद्यान्न घोटालों को देखते हुए खाद्य आपूर्ति मंत्री को उनके पद से हटाया जाए..एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना। पंजाब खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा घोटालों और घोटालों के इनाम के रूप में, कांग्रेस पार्टी ने फिर से खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री माननीय भारत भूषण आशु को मंत्री के रूप में नियुक्त किया है और अब कल से सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो में स्वास्थ्य पंजाब की जनता को सीधे गोदामों में मिलाने से संकट में डाला जा रहा है और सड़े हुए गेहूं की जगह स्वच्छ खाद्य गेहूं बेचकर अरबों रुपये का नया घोटाला किया जा रहा है। ये शब्द एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू सदस्य कार्यकारी समिति भारतीय जनता पार्टी पंजाब प्रदेश ने चुनिंदा मीडिया से बातचीत के दौरान कहे। एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि लुधियाना के माननीय मंत्री भारत भूषण आशु के नेतृत्व में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग, जिन्होंने कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट योग्यता में उच्च रैंक हासिल की थी, ने घोटालों और पंजाब सहित विभिन्न शहरों में दिन-रात प्रगति की है। मोगा, बाघापुराना, मोहाली, अमृतसर, लुधियाना और जंडियाला गुरु जहां करोड़ों रुपये का अनाज लूटा गया और घोटालेबाजों को राजनीतिक समर्थन से विदेश भेजा गया, जिसमें कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु की सीधे तौर पर भागीदारी दिखाई दे रही है. एडवोकेट सिद्धू ने कहा कि वायरल वीडियो में राजपत्रित रैंक अधिकारी खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी ने घोटाले का पदार्फाश किया है और साथ ही संबंधित अधिकारी ने हाई प्रोफाइल राजनीतिक नेताओं के जीवन को खतरे में डाल दिया है जिससे यह बहुत स्पष्ट है. कि पंजाब सरकार या शीर्ष राजनीतिक नेता या मुख्यमंत्री कार्यालय के किसी भी अधिकारी ने खाद्य घोटाले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है, जनता को जवाब देने से दरकिनार किया जा रहा है। साथ ही पिछले साढ़े चार साल में विदेशों से सस्ते दामों पर गेहूँ और धान खरीद कर पंजाब में एमएसपी को बेचा गया।माननीय खाद्य आपूर्ति मंत्री की कथित तौर पर चर्चा हुई। अधिवक्ता सिद्धू ने कहा कि उन्होंने पंजाब के विजिलेंस विभाग, केंद्रीय गृह मंत्रालय और केंद्रीय खाद्य एवं वितरण मंत्रालय को भाजपा के कुशल नेतृत्व में पंजाब के लोगों की नग्न सफेद लूट के संबंध में पत्र लिखा है। ताकि पंजाब में अरबों रुपये के खाद्यान्न घोटाले की निष्पक्ष और उचित जांच की जा सके और जल्द ही गृह मंत्री को व्यक्तिगत रूप से इस घोटाले की जानकारी दी जाएगी। अधिवक्ता बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि उन्होंने पंजाब सरकार और केंद्र सरकार से मांग की है कि पंजाब के लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े इस खाद्य घोटाले में शामिल सभी मंत्रियों, संतरियों, कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ तुरंत मामला दर्ज किया जाए। जारी है, माननीय भारत भूषणाशू को मंत्री पद से हटाया जाना चाहिए, ताकि करोड़ों रुपये के इस खाद्यान्न घोटाले की पारदर्शी तरीके से जांच की जा सके और सही तथ्यों का खुलासा किया जा सके और आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके. सम्मेलन में आगर नगर मंडल अध्यक्ष संजीव शेरू सचदेवा, एसबीएस नगर मंडल अध्यक्ष संजीव पुरी, व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हरकेश मित्तल और परमिंदर सिंह काका मंत्री भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ ने विशेष रूप से भाग लिया।

भाजपा ने गांधी व शास्त्री का जन्मदिवस मनाया

## महापुरुषों के कार्यों को जीवन में ढालने की आवश्यकता है- कमल कान्त शर्मा

» कृष्ण स्वामी, मदरलैंड संवाददाता




झुंझुनूं। मुख्यालय के मोड़ा पहाड़ स्थित नायकान बस्ती में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम मैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए भाजपा राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका संपूर्ण जीवन देश को समर्पित एवं सादगी भरा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता कमल कांत शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी व शास्त्री की कार्य शैली को अपने जीवन में ढालने की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलकर राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने सदैव सादगी भरा जीवन जिया। उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया जिसके आधार पर भारत की में युवाओं की महत्वता प्रदर्शित हुई एवं एक नई शक्ति का संचार हुआ। इनके अलावा अतिथि के रूप में एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष शिव कुमार जेवरिया, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भादर मल स्वामी, नगर महामंत्री रवि लांबा, दिलीप सैनी, नगर मंत्री पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला, जगदीश गोस्वामी रहे जबकि कार्यक्रम का संचालन एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शंभू नेहरा ने किया। इस मौके पर मोहल्ले वासियों से सड़क, नालियों व पानी जैसी मूलभूत समस्याओं पर चर्चा कर पूर्ण आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान करवाया जावेगा।

इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक मुकेश नायक का भाजपा नेताओं द्वारा माला व पार्टी का दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पप्पू नायक, मुंशी नायक, ताराचंद नायक, गुरुदयाल नायक, ओम प्रकाश नायक, लालचंद नायक, बिहारी लाल नायक, अमित स्वामी, बंटी नेहरा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुषों ने भाग लिया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# हिंदुओं पर अत्याचार



सिद्धार्थ शंकर



1947 में भारत विभाजन के बाद पाक के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने अपने पहले भाषण में कहा था कि ह्यहमें अपने व्यवहार और विचार से अल्पसंख्यकों को यह जता देना चाहिए कि हम उनकी जिम्मेदारी उठाने को तैयार हैं और उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है।ज्लेकिन पाकिस्तान की हुकूमत जिन्ना के वादे पर खरा नहीं रही है।जिन्ना के समय से ही पाकिस्तान में गैर-मुसलमानों विशेष रूप से हिंदुओं और सिखों पर कहर जारी है। गत रोज पहले जिस तरह ननकाना साहिब में गुरुद्धारा तंबू साहिब के ग्रंथी भगवान सिंह की नाबालिग

बेटी को अगवा कर जबरन धर्मांतरण कराकर बलपूर्वक निकाह किया गया, उससे साफ है कि पाकिस्तान अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और उनकी प्रतिष्ठा की रक्षा करने में विफल है। यह उचित है कि इन घटनाओं को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कुछ महीने पहले सिंध प्रांत में अल्पसंख्यक समुदाय की दो नाबालिग हिंदू बहनों रवीना और रीना के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ था। पाक में हर साल 1000 से अधिक हिंदू लड़कियों को अगवा कर जबरन धर्मांतरण करा शादी की जाती है। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष की मानें तो सिर्फ सिंध राज्य में ही हर महीने 20 से 25 हिंदू लड़कियों का जबरन धर्मांतरण कराकर मुसलमानों से शादी कराई जाती है। याद होगा जनवरी माह में अनुषा कुमारी का अपहरण किया गया था और फिर मुस्लिम युवक से उसका जबरन निकाह कराया गया। 2017 में दो हिंदू लड़कियों रवीता मेघवार और आरती कुमारी तथा सिख युवती प्रिया का जबरन निकाह कराया गया। गत वर्ष पहले ही सिंध प्रांत के जैकोबाबाद में एक नाबालिग हिंदू लड़की मनीषा का अपहरण कर उसे जबरन इस्लाम कबूलवाया गया। सुनील नाम के एक हिंदू किशोर को एआरवाई डिजिटल चैनल के स्पेशल रमजान लाईव शो में इस्लाम धर्म स्वीकार करते दिखाया गया। 19 वर्षीय हिंदू लड़की रिंकल कुमारी और भारती का अपहरण कर जबरन इस्लाम धर्म कबूल कराया गया। गौर करें तो पाकिस्तान में हिंदू और सिख लड़कियों का जबरन धर्मांतरण कोई नई बात नहीं है। भारत विभाजन के बाद से ही पाकिस्तान में हिंदुओं को खत्म करने की साजिश चल रही है। विभाजन के समय पाकिस्तान में 15 फीसद हिंदू थे जो आज उनकी आबादी घटकर 1.6 फीसद रह गई है। गौर करें तो पाक की हुकूमत और कट्टरपंथी ताकतें अल्पसंख्यक हिंदुओं व सिखों को खत्म करने के लिए दो रास्ते अपना रही हैं। एक उनकी हत्या और दूसरा जबरन धर्मांतरण। यह खेल पूरा पाकिस्तान में चल रहा है। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत और ब्लूचिस्तान में स्थिति कुछ ज्यादा ही भयावह है। यहां अल्पसंख्यक हिंदू-सिख समुदाय से जबरन जजिया वसूला जा रहा है। जजिया न चुकाने वाले हिंदू-सिखों की हत्या कर उनकी संपत्ति लूट ली जाती है। मंदिरों और गुरुद्वारों को जला दिया जाता है। 1947 में पाक में 428 हिंदू मंदिर थे। आज सिर्फ 26 मंदिर शेष बचे हैं। यानी अन्य मंदिरों को ध्वस्त कर दिया गया है। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में हिंदू और सिख समुदाय के लोगों की स्थिति भयावह है। वे गरीबी एवं भुखमरी के दंश से जूझ रहे हैं। आर्थिक रूप से विपन्न और बदहाल हैं। वे आतंक, आशंका और डर के साये में जी रहे हैं। एचआरसीपी की रिपोर्ट से भी उद्घाटित हो चुका है कि हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। धर्म परिवर्तन का ढंग भी बेहद खौफनाक और अमानवीय है। हिंदू लड़कियों का पहले अपहरण कर उनके साथ रेप किया जाता है और फिर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य किया जाता है। त्रासदी यह कि जब मामला पुलिस के पास पहुंचता है तो पुलिस भी बलात्कारियों पर कार्रवाई करने के बजाए हिंदू अभिभावकों को ही प्रताड़ित करती है। उन्हें मानसिक संताप देने के लिए बलात्कार पीड़ित नाबालिग लड़की को उनके संरक्षण में देने के बजाए अपने संरक्षण में रखती है। पुलिस संरक्षण में एक अल्पसंख्यक लड़की के साथ क्या होता होगा सहज अनुमान लगाया जा सकता है। बाद में पुलिस कहानी गढ़ देती है कि लड़की ने इस्लाम कबूल कर लिया और वह अपने पुराने धर्म में लौटना नहीं चाहती। गौर करने वाली बात यह है कि सरकार व पुलिस ने बलात्कारियों और मजहबी कट्टरपथियों को संरक्षण और धर्मांतरण कराने की पूरी छूट दे रखी है। लिहाजा उनके मन में कानून का भय नहीं है। पाक का अल्पसंख्यक समुदाय एक अरसे से अपनी सुरक्षा और मान-सम्मान की रक्षा की गुहार लगा रहा है। कुछ सामाजिक संगठन अल्पसंख्यकों के पक्ष में आवाज उठाने की कोशिश करते हैं, लेकिन कट्टरपंथी संगठन उन्हें डरा धमकाकर चुप करा देते हैं। पाक सीनेट की स्थायी समिति बहुत पहले ही हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं रोकने के लिए सरकार को ताकीद कर चुकी है। लेकिन किसी सरकार ने ठोस पहल नहीं की। इमरान सरकार भी हाथ पर हाथ धरी बैठी है। जाहिर है कि अल्पसंख्यकों को लेकर उसकी भी मंशा और नीयत में खोट है। सरकार को डर है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने पर कट्टरपंथी ताकतें नाराज हो जाएंगी। यही वजह है कि पाक में धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति दोयम दर्जे की हो गयी है। अल्पसंख्यकों को प्रतिनिधित्व देने के नाम पर महज एक ईसाई सांसद तय किया जाता है। इसके अलावा कानूनी तौर पर भी धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव होता है।

# संपादकीय

## चिकित्सा मुफ्त तो शिक्षा क्यों नहीं ?



पंजाब में कांग्रेस की उथल-पुथल पूरे देश का ध्यान खींच रही है। लेकिन वहीं से एक ऐसा बयान भी आया है, जिस पर नेताओं और नौकरशाहों को तुरंत ध्यान देना चाहिए। वह बयान है- दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का। केजरीवाल आजकल अपनी आप पार्टी का चुनाव अभियान चलाने के लिए पंजाब की यात्रा पर हैं। वे अपने भाषणों में कांग्रेस और भाजपा की टांग खिंचाई करते हैं, जो स्वाभाविक है लेकिन वहाँ उन्होंने एक गजब की बात भी कह दी है, जिसकी वकालत मैं अपने भाषणों और लेखों में वर्षों से करता रहा हूँ। मेरा निवेदन यह है कि जब तक कोई राष्ट्र अपनी शिक्षा और चिकित्सा को सबल नहीं बनाएगा, वह निर्बल हुआ पड़ा रहेगा। भारत की लगभग सभी सरकारों ने इन दोनों क्षेत्रों में थोड़े-बहुत सुधार की कोशिश जरुर की है लेकिन ये दोनों क्षेत्र यदि बलवान हो जाएं तो भारत को महासंपन्न और महाशक्ति बनने से कोई रोक नहीं सकता। अरविंद केजरीवाल ने इस दिशा में पहले दिल्ली में कदम बढ़ाया और अब यही काम बड़े पैमाने पर पंजाब में करने की घोषणा उन्होंने की है। उन्होंने कहा है कि पंजाब के हर गांव में एक अस्पताल खुलेगा। सबका इलाज मुफ्त होगा। जाँच मुफ्त होगी। हर आदमी का इलाज-पत्र बनेगा ताकि उसमें उसकी सारी बिमारियों और इलाजों का ब्यौरा रहेगा। जिन नागरिकों की शल्य-चिकित्सा होगी, वह 15 लाख रु. तक मुफ्त होगी। विरोधी दल कह सकते हैं कि केजरीवाल ने यह चुनावी फिसलपट्टी खड़ी कर दी है ताकि इस लालच में वोट फिसलते चले आएं। मैं पूछता हूं कि आपको किसने रोका है? आप भी ऐसी घोषणा क्यों नहीं कर देते? कोई हारे, कोई जीते, जनता का तो भला ही होगा। यह सबको पता है कि इलाज के नाम पर भारत में आजकल कितनी जबर्दस्त ठगी होती है। यह खुशी की बात है कि राजस्थान के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का बीड़ा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उठाया है और प्रधानमंत्री ने भी उनका समर्थन किया है लेकिन इन मेडिकल कॉलेजों में हिंदी में पढ़ाई कब शुरू होगी? कौन माई का लाल यह हिम्मत करेगा? पिछले सात वर्षों में हमारे दो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रियों ने स्वभाषा में मेडिकल की पढ़ाई शुरू करवाने का वायदा मुझसे कई बार किया लेकिन वह आज तक शुरू नहीं हुई। ऐलोपेथी अब भी जादू-टोना बनी हुई है, अंग्रेजी के कारण। इसी कारण ग्रामीणों और गरीबों के बच्चे डाक्टर नहीं बन पाते। ठगी का भी कारण यही है। यदि डॉक्टरी की पढ़ाई हिंदी में शुरू हो जाए और ऐलोपेथी, आयुपेथी, होमियोपेथी और यूनानीपेथी की संयुक्त पढ़ाई हो तो यह भारत का ही नहीं, दुनिया का नया चमत्कार होगा और ठगी भी खत्म होगी। अमेरिका ने द्वितीय महायुद्ध के बाद अपने शिक्षा और चिकित्सा के बजट में जबर्दस्त बढ़ोतरी की थी। उसने यूरोप को पीछे छोड़ दिया और वह आज दुनिया के सबसे अधिक संपन्न और शक्तिशाली राष्ट्र बन गया है। शिक्षा मन को मजबूत करेगी और चिकित्सा तन को! तब धन तो अपने आप बरसेगा।

# 'बाबू' बनाम 'बाबा' की तकरार में देश को उलझाने की कोशिश ?



तनवीर जाफरी

'आपको नहीं पता ब्यूरोक्रेसी (नौकरशाही) कुछ नहीं होती, चप्पल उठाने वाली होती है. चप्पल उठाती है हमारी। हम लोग ही राजी हो जाते हैं उसके लिए. आपको क्या लगता है कि ब्यूरोक्रेसी नेता को घुमाती है. नहीं। पहले अकेले में बात हो जाती है और फिर ब्यूरोक्रेसी फाइल उठाकर लाती है. ग्यारह साल तक मैं मंत्री रही हूं, मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री भी रही हूं। पहले हमसे बात होती है, फिर फाइल प्रोसेस होती है। उसके बाद फाइल जाती है.ह्व ये सब फालतू की बातें हैं कि ब्यूरोक्रेसी घुमाती है. ब्यूरोक्रेसी घुमा ही नहीं सकती. उनकी औकात क्या है? हम उनको तनख्वाह दे रहे हैं। हम उनको पोस्टिंग दे रहे हैं। उनकी कोई औकात नहीं है। असली बात तो यह है कि हम ब्यूरोक्रेसी के बहाने अपनी राजनीति साधते हैं.' इनके अलावा भी अनेक राजनेता समय समय पर देश की ब्यूरोक्रेसी के विरुद्ध अपनी भड़ास निकालते रहे हैं। जिस समय प्रधानमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को संसद में 'बाबू' (क्लर्क ) कहकर संबोधित किया था उसी समय प्रशासनिक अधिकारियों के राष्ट्रीय संगठन द्वारा रोष व्यक्त किया गया था।

लोक सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए विगत फरवरी माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने भाषण में देश के प्रशासनिक अधिकारियों को 'बाबू' शब्द से संबोधित कर उन्हें नीचा दिखाने की जो कोशिश की गयी थी वह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गौर तलब है कि प्रधानमंत्री ने संसद में यह फरमाया था कि 'सब कुछ बाबू ही ये करेंगे? आई ए एस बन गया मतलब वो फर्टिलाइजर का कारखाना भी चलाएगा, आई ए एस हो गया तो वो केमिकल का कारखाना भी चलाएगा, आई ए एस हो गया वो हवाई जहाज भी चलाएगा। ये कौन से बड़ी ताकत बना के रख दी है हमने? बाबूओं के हाथ मे देश देकर के हम क्या करने वाले हैं? हमारे बाबू भी तो देश के हैं, तो देश को नौजवान भी तो देश का है। हम हमारे देश के नौजवानों को जितना ज्यादा अवसर देंगे, मुझे लगता है उसको उतना ही लाभ होने वाला है।' प्रधानमंत्री के इस संबोधन के बाद अब पिछले दिनों वरिष्ठ भाजपा नेता व साध्वी उमा भारती द्वारा उन्हीं प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध जमकर अपशब्द इस्तेमाल किये गए हैं। उमा भारती ने कहा, ह्वआपको नहीं पता ब्यूरोक्रेसी (नौकरशाही) कुछ नहीं होती, चप्पल उठाने वाली होती है. चप्पल उठाती है हमारी। हम लोग ही राजी हो जाते हैं उसके लिए. आपको क्या लगता है कि ब्यूरोक्रेसी नेता को घुमाती है. नहीं। पहले अकेले में बात हो जाती है और फिर ब्यूरोक्रेसी फाइल उठाकर लाती है. ग्यारह साल तक मैं मंत्री रही हूं, मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री भी रही हूं। पहले हमसे बात होती है, फिर फाइल प्रोसेस होती है। उसके बाद फाइल जाती है.ह्व ये सब फालतू की बातें हैं कि ब्यूरोक्रेसी घुमाती है. ब्यूरोक्रेसी घुमा ही नहीं सकती. उनकी औकात क्या है? हम उनको तनख्वाह दे रहे हैं। हम उनको पोस्टिंग दे रहे हैं। उनकी कोई औकात नहीं है। असली बात तो यह है कि हम ब्यूरोक्रेसी के बहाने अपनी राजनीति साधते हैं.ह्व इनके अलावा भी अनेक राजनेता समय समय पर देश की ब्यूरोक्रेसी के विरुद्ध अपनी भड़ास निकालते रहे हैं। जिस समय प्रधानमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को संसद में 'बाबू' (क्लर्क ) कहकर संबोधित किया था उसी समय प्रशासनिक अधिकारियों के राष्ट्रीय संगठन द्वारा रोष व्यक्त किया गया था। अब उमा भारती ने जिन शब्दों का प्रयोग किया है उससे तो गोया इन अधिकारियों के अपमान की इंतेहा ही हो गयी।

देश के लोकतंत्र के जिन चार स्तंभों की बात की जाती है उनमें जहां पहला स्तंभ विधायिका है वहीं दूसरा स्तंभ कार्यपालिका का है जोकि विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों को लागू करती है। इसी प्रकार तीसरा स्तंभ न्यायपालिका को कहा जाता है जिसका काम कानूनों की व्याख्या करना व इनका उल्लंघन होने पर सजा का प्रावधान करना है। कार्यपालिका के अंतर्गत सर्वोच्च सेवाओं के रूप में भारतीय विदेश, प्रशासनिक, राजस्व व पुलिस सेवाओं को जाना जाता है।इनके अंतर्गत चयनित होने वाले युवाओं को अन्य सरकारी सेवाओं की तुलना में सबसे अधिक ज्ञान हासिल करना होता है। स्नातक करने के बाद प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और कठिन साक्षात्कार में सफलता के बाद इनका उच्चस्तरीय प्रशिक्षण ही इन्हें इस योग्य बनाता है कि वे विधायिका द्वारा बनाए जाने वाले कानूनों व सरकारी नियमों व दिशा निर्देशों को अमली जामा पहना सके। जबकि दुर्भाग्यवश विधायिका के लोगों को किस विषय का कितना 'ज्ञान' होता है इसका उनके उत्तर प्रदेश का उप मुख्यमंत्री बनने की भी चर्चा चली। उपरोक्त समस्त लोगों की योयता यही थी कि उन्होंने 'बाबूगीरी' के अपने दायित्वों को बखूबी निभाया था। इससे स्पष्ट है कि प्रशासनिक सेवाओं के 'बाबू' तो जब चाहें तब राजनीति में सक्रिय होकर विधायिका का हिस्सा बन मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक कुछ भी बन सकते हैं परन्तु विधायिका के किसी सदस्य के लिये 'बाबू' बनने का देश में शायद ही कोई उदाहरण मिलता हो। कम से कम मैंने तो नहीं सुना। वैसे भी जब जब देश के किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होता है और 'विधायिका' नदारद रहती है उस समय यही 'बाबू राज्य की व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी अपने ज्ञान व अनुभव की बदौलत ही संभालते हैं।

परन्तु यह भी सच है कि इसी कार्यपालिका में




उल्लेख करने की जरुरत ही नहीं, यह पूरा देश भली भांति जानता है। यही अधिकारी जिन्हें प्रधानमंत्री जी 'बाबू' कहकर और उमा भारती 'चप्पल' उठाने वाला कहकर संबोधित करते हैं इसी वर्ग के लोग हमेशा इन्हीं 'विधायिका' के लोगों के लिये संकट मोचक बने हैं। इन नामों की हालाँकि सूची बहुत लंबी है परन्तु कुछ नामों का जिक्र करना यहाँ जरूरी है। उदाहरण के तौर पर वर्तमान विदेश मंत्री जय शंकर पूर्व आई एफ एस इसी ब्यूरोक्रेसी का हिस्सा रहे। आर के सिंह, हरदीप सिंह पुरी, अर्जुन राम मेघवाल, तथा सोम प्रकाश जैसे नेता जो आज नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल की शोभा बढ़ा रहे हैं ये सभी देश में 'बाबू गीरी' कर चुके हैं। इनके अतिरिक्त यशवंत सिन्हा, नटवर सिंह, मीरा कुमार, मणिशंकर अय्यर, अजित जोगी, सैय्यद शहाबुद्दीन, ओ पी चौधरी, सतपाल सिंह, अलफॉन्स कन्नाथनम, अश्वनी वैष्णव, राम चंद्र प्रसाद सिंह, अश्वनी वैष्णव, उदितराज, अरविन्द केजरीवाल जैसे अनेक लोगों ने समय समय पर 'बाबूगीरी' छोड़ विधायिका में प्रवेश कर अपनी योग्यता व क्षमता का परिचय दिया है। अभी कुछ दिनों पूर्व ही 1988 बैच के प्रशासनिक अधिकारी (बाबू) अरविंद कुमार शर्मा को उनकी 'बाबूगीरी' से त्यागपत्र दिलवा कर उत्तर प्रदेश की राजनीति में विधान परिषद् सदस्य व उत्तर प्रदेश भाजपा का उपाध्यक्ष बनाकर सक्रिय किया गया यहाँ तक कि अनेक धन लोभी व चाटुकार प्रवृति के लोग भी शामिल हैं जिनकी वजह से राजनैतिक लोगों को इनके लिये इस तरह के भद्दे शब्दों का प्रयोग करना पड़ रहा है। जवाबदेही की कमी, भ्रष्टाचार तथा लापरवाही के भी अनेक प्रमाण मिलते रहते हैं। परन्तु इनका अर्थ यह तो कतई नहीं कि एक अति शिक्षित व प्रमाणित योग्यता प्राप्त वर्ग के अधिकारियों को संसद में या मीडिया के समक्ष सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाए ? वह भी उस वर्ग के द्वारा जिनकी अपनी शिक्षा व डिग्रियां ही विवादित व संदिग्ध हों ? जरूरत इस बात की है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को सुचारु रूप से संचालित करने के लिये लोकतंत्र के चारों स्तंभ न केवल भ्रष्टाचार, लोभ, चाटुकारिता, दंडवत व गैर जिम्मेदारना हरकतों से बाज आयें बल्कि अपनी जिम्मेदारी व कर्तव्यों का पूरे दायित्व के साथ निर्वाहन करें। तथा विधायिका के लोग भी अपनी शिक्षा, योग्यता व अपने ज्ञान को मद्देनजर रखते हुए ही देश के उच्च पदों के लिये चयनित किये गये अधिकारियों पर उँगलियाँ उठाएं। देश इस समय अनेक अभूतपूर्व चुनौतियों से जूझ रहा है। यह समय नहीं कि मंहगाई, बेरोजगारी, तथा धार्मिक, जातिगत व सामाजिक मतभेदों का सामना कर रहे देश को 'बाबू' बनाम 'बाबा' की तकरार में उलझाने की कोशिश की जाये।

# पूर्वजों को श्रद्धांजलि देना ही श्राद्ध है



रमेश सर्राफ धमोरा

हिन्दू धर्म में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है। इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में पितरों का उद्धार करने के लिए पुत्र की अनिवार्यता मानी गई हैं। जन्मदाता माता-पिता को मृत्यु-उपरान्त लोग विस्मृत न कर दें। इसलिए उनका श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। श्राद्ध हिन्दू धर्म में किया जाने वाला एक कर्म है। जो पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं। जिनसे गुण हमें विरासत में मिलें हैं उनका हम पर न चुकाये जा सकने वाला ऋण हैं।

श्रद्धया इदं श्राद्धम, अर्थात जो श्रद्धा से किया जाये वही श्राद्ध है। श्राद्ध प्रथा वैदिक काल के बाद शुरू हुई और इसके मूल में इसी श्लोक की भावना है। उचित समय पर शास्त्र सम्मत विधि द्वारा पितरों के लिए श्रद्धा भाव से मन्त्रों के साथ जो दान-दक्षिणा आदि दिया जाय वही श्राद्ध कहलाता है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा के दिन सूर्य के कन्या राशि में प्रवेश करने पर इस दिन इसे कनायत भी कहते हैं और इसी दिन से पितृ पक्ष शुरू होता है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होकर करीब 16 दिनों तक चलने वाले श्राद्ध में अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पृथ्वी पर वास करेंगे। इन 16 दिनों तक पितरों को प्रसन्न करने के लिए उन्हे यज्ञ, जल से तर्पण दिया जाएगा। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए जगह-जगह पिंडदान, नारायण बलि, जल तर्पण आदि कर्मकांड़ों से उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं, जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं। इसलिए शास्त्र पूर्व जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धादि कर्म का विधान निर्मित करते हैं। सभी संस्कारों विवाह को छोडकर श्राद्ध ही ऐसा धार्मिक कृत्य है, जिसे लोग पर्याप्त धार्मिक उत्साह से करते हैं। विवाह में बहुत से लोग कुछ विधियों को छोड़ भी देते हैं। परन्तु श्राद्ध कर्म में नियमों की अनदेखी नहीं की जाती है। क्योंकि श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य परलोक की यात्रा की सुविधा करना है।

पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में जो तर्पण किया जाता है। उसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि इससे पितरों को स्वर्ग प्राप्त होता है और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। मंदिरों और नदियों के किनारे पितरों को तर्पण देने की सदियों से चली आ रही धार्मिक परम्परा आज भी अनवरत रूप से जारी है।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पितृपक्ष में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जौ तथा चावल का पिण्ड देता है। उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना-अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते हैं। इसलिए इसको पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है।

पुराणों में इसके आयोजन को लेकर कई कथाएं हैं। जिसमें कर्ण के पुनर्जन्म की कथा काफी प्रचलित है। हिन्दू धर्म में सर्वमान्य श्री रामचरित में भी श्री राम के द्वारा राजा दशरथ और जटायु को गोदावरी नदी पर जलांजलि देने का उल्लेख है। भरत के द्वारा दशरथ हेतु दशगात्र विधान का उल्लेख भरत कीन्हि दशगात्र विधाना तुलसी रामायण में हुआ है । भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं- पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा वे सब बुजुर्ग भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया। पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन कर्म एवं वाणी से संयम का जीवन जीते हैं। पितरों को स्मरण करके जल चढ़ाते हैं। निर्धनों एवं ब्राह्मणों को दान देते हैं।

विष्णु पुराण के अनुसार दरिद्र व्यक्ति केवल मोटा अन्न, जंगली साग, फल और न्यूनतम दक्षिणा यदि वह भी ना हो तो सात या आठ तिल अंजलि में जल के साथ लेकर ब्राह्मण को देना चाहिए या किसी गाय को दिन भर घास खिला देनी चाहिए। अन्यथा हाथ उठाकर दिक्पालों और सूर्य से याचना करनी चाहिए कि हे प्रभु मैंने हाथ वायु में फैला दिये हैं, मेरे पितर मेरी भक्ति से संतुष्ट हों।

श्राद्ध का वैज्ञानिक पहलू भी है। वेदों में, दर्शन शास्त्रों में, उपनिषदों एवं पुराणों आदि में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस विषय पर विस्तृत विचार किया है। श्रीमद्भागवत गीता में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुनः जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएेगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### मृतक मजदूर का शव पहुंचते ही बरियारपुर पश्चिमी गांव में मचा कोहराम



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। निमार्णाधीन नौ मंजिला इमारत से नीचे गिर जाने से हुई मजदूर की मौत की घटना में मृतक का शव शनिवार की शाम बरियारपुर पश्चिमी गांव लाया गया.शव के गांव पहुंचते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया. मृतक मजदूर राहुल कुमार के परिजनों में चीख पुकार मच गयी.मृतक की मां रंजू देवी, पिता राजेश जयसवाल अपने जवान बेटे का शव देखकर बेहोश हो गये.मृतक के भाई रोहित कुमार एवं बहन खुशबू कुमारी का रो रोकर बुराहाल है.शव के गांव पहुंचते ही पूरे बरियारपुर पश्चिमी गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया. मृतक के मामा बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड नौ निवासी अरुण कुमार ने बताया कि राहुल बेंगलुरु में मजदूरी करता था.वह तीन माह पूर्व घर से बेंगलुरु गया था.वहां निमार्णाधीन नौ मंजिला इमारत में राजमिस्त्री के साथ काम करते समय भारा पर से नीचे गिर गया.यह घटना 30 सितंबर की सुबह में घटी.गंभीर रूप से जख्मी राहुल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया.जहां इलाज के दौरान उसने अपना दम तोड़ दिया.राहुल की मौत की सूचना ठिकेदार द्वारा मोबाइल से मिली.सूचना मिलने पर बरियारपुर पश्चिमी से अरुण कुमार व जितेन्द्र कुमार बेंगलुरु गयें.लाश का पोस्टमार्टम होने के बाद विमान से रोहित की लाश को पटना लाया गया.उसके बाद पटना से गांव लाया गया था.बताते चले कि रोहित अपने दो भाईयों एवं एक बहन में सबसे छोटा था.उसकी मजदूरी से ही परिवार का गुजर बसर होता था.रोहित की मौत से उसके परिवार पर विपत्तियों का पहाड़ टुट पड़ा है.

वहीं दूसरी ओर घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी सुनील चौधरी, सुरेश चौधरी, राजेश कुमार, रोहित कुमार, नवीन प्रसाद यादव, रंजीत गुप्ता, गोपाल गुप्ता, रंजन कुमार, अंबुज कुमार, रामेश्वरी महतो, रामचन्द्र महतो, कमलेश्वरी महतो, डॉ दशरथ कुमार, संजीत कुमार, मनोज यादव सहित अनेक सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकताओं ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को सांत्वना दिया है.

### गांधी जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर शनिवार को बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के सदर बाजार मुहल्ला में स्वच्छता अभियान चलाया गया. जिसमें टोले मुहल्ले के दर्जनों युवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया.यह जानकारी देते हुए तरुण सेवा समिति एवं नेहरू युवा क्लब बरियारपुर पश्चिमी के अध्यक्ष रामविलास चौधरी उर्फ तरुण ने बताया कि उनका संस्था के द्वारा प्रत्येक वर्ष दो अक्टूबर को गांव के टोले मुहल्ले में स्वच्छता अभियान चलाया जाता है.सड़कों एवं गलियों की सफाई की जाती है. सादगी के प्रतीक महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर ऐसा किया जाता है. पिछले तीस वर्षों से वह इस मौके पर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं.और लोगों को इसके प्रति जागरूक कर रहे हैं.कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया.मौके पर पूर्व पंसस मोहन महतो, मो सुभानी, डॉ कृष्ण मोहन चौधरी, संतोष कुमार, नवीन कुमार, जवाहर चौधरी, रामबाबू मालाकार, भोला गुप्ता, गोपाल गुप्ता, रंजन कुमार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे.

### आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सेमिनार का आयोजन

मदरलैण्ड संवाददाता, देवघर। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सूचना भवन सभागार में आज गीत नाट्य दलों के साथ एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रवि कुमार एवं कला दल के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी द्वारा आजादी के 75वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सेमिनार में अमृत महोत्सव के उद्देश्य से संबंधित जानकारी कला दल के सदस्यों को दी गई। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के जीवनी से सीख लेते हुए हमें अपने क्षेत्र के लोगो को इसके लिए प्रेरित करना है। उन्होंने आगे कहा कि गीत–नाट्य सूचनाओं के सम्प्रेषण का सशक्त माध्यम है। इसका प्रदर्शन अधिक से अधिक स्थानीय भाषा में करें, ताकि लोगो के बीच योजनाओं के बारे में प्रभावपूर्ण तरीके से सूचनाएं सम्प्रेषित किया जा सके। आगे उन्होंने कहा कि जब भी कलादल की टीम जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु क्षेत्र में जायें, महापुरुषों के जीवनी के अनुकरणीय बातों को जनसमूह के समक्ष रखें, ताकि आम जन उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए देश की प्रगति एवं समृद्धि में योगदान दे सकें। कला दल के दलनायको ने भी अपने–अपने विचारों से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया। उन्होंने गीत–नाट्य प्रस्तुति के दरम्यान आने वाली समस्याओं को जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी के समक्ष रखी। सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एव भारत वर्ष के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन संघर्षो की चर्चा की। *कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावे* धनंजय नारायण खवाड़े ग्रुप के दलनायक धनंजय नारायण खवाड़े एवं उनके कलादल की सदस्य बबिता पोद्दार, परिहस्त कत्थक नृत्य संस्थान ग्रुप के दलनायक संजीव परिहस्त, लोक प्रेरणा समाधान के दलनायक एस०पी०भुइयां (बिलास जी), गीत बहार कलादल के दलनायक उत्तम कुमार, सम्भव कला जत्था के दलनायक अरुण शर्मा, मनोज माधव ग्रुप के दलनायक मनोज कुमार माधव, संजय यादव नाट्य दल के दलनायक संजय यादव, किशोर बबुआ कलादल के दलनायक नन्द किशोर मंडल, जय माँ सर्वमंगला कलादल के दलनायक रूबी द्वारी, जितेन्द्र कुमार सिंह, जय माँ दुर्गे कलादल की सदस्य बबली कुमारी आदि उपस्थित थें।

# पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर समाज की परिकल्पना को साकार करने में सभी का सहयोग आपेक्षितः उपायुक्त

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 152 वें जयंती के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने टॉवर चौक पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



इस दौरान उपायुक्त ने स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक करते हुए कहा कि अपने घरो के साथ-साथ आस-पास के सार्वजनिक स्थलों यथा-मंदिर व अन्य पूजा स्थल, पर्यटन स्थल, पार्क, खेल का मैदान आदि के साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। सबसे महत्वपूर्ण स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को अपने जीवन में अवश्य शाामिल करें। स्वच्छता एक अच्छी आदत है, जो एक दिन में नहीं अपनायी जा सकती है। इसके लिए हमें हर संभव प्रयास करना होगा तभी जाकर हम अपने स्कूल, घर एवं गांव को स्वच्छ बना पायेंगे। उन्होंने आगे कहा गया कि देवघर जिला ओ0डी0एफ0 घोषित हो चुका है एवं यह हम सभी के लिए गर्व की बात है लेकिन इसे स्वच्छ, सुंदर और बनाने हेतु हमें प्रयासरत रहना चाहिए। हमारे शहर व गाँव को स्वच्छ बनाने में आप सभी का योगदान आपेक्षित है। इसके अलावे उपायुक्त ने अमृत महोत्सव के तहत नगर निगम के स्वच्छता मित्रों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावे उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से जोड़ने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। साथ हीं देवघर मार्ट के अलावा दोना-पत्तल और कुल्हड़ के उपयोग को बढ़ावा देने के उदेश्य से अभियान शुरू किया है, ताकि स्वच्छता के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार श्रृजन और उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। वर्तमान में देवघर जिला अंतर्गत कई स्थानों पर थमाकौल से बने सामानों के प्रतिबंध लगाने से बाजार में फिर पेड़ के पत्तों से बने दोने-पत्तलों की मांग बढ़ी रही है, जिनसे कई क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। साथ ही इस दिशा में पुराने जमाने के कॉन्सेप्ट को अपडेट वर्जन के साथ *#DeogharMart* से भी जोड़ा गया है, जो बिजनेस भी बढ़ाएगा और लोगों को रोजगार भी देगा। वही दूसरी ओर विभिन्न प्रखंडो में महिला समूहों द्वारा पत्ते से दोना-पत्तल बनाने के कार्य को गति देने में सहयोग कर सकते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

राष्ट्रपिता को माल्यर्पण के पश्चात उपायुक्त ने कहा कि बापू के द्वारा दिखाये गये मार्ग पर हमें चलने की आवश्यकता है। उनके अहिंसा, सद्भावना, सहअस्तित्व एवं आपसी सहयोग के विचार हमेशा हमारे लिए प्रासंगिक रहेंगे। वे आजीवन सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलें। उनके इस सिद्धांत को पूरी दुनिया ने अपनाया है। यही वजह है कि उनके जन्मदिवस को पूरे विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय अंहिसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके विचारों का पालन कर हीं हम एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। वे देश के लिए एक समृद्ध विरासत छोड़ गये हैं और हमें उनके आदर्शों का अनुकरण करना चाहिये। ऐसे में यदि हम अपने जीवन में स्वच्छता को अहमियत देकर स्वच्छ समाज व स्वच्छ राष्ट्र की परिकल्पना में अपना योगदान देते हैं तो वास्तव में यही बापू के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# 5682 सरकारी स्कूलों में शुरू होगी नर्सरी की कक्षा

## 8 कड़ोर खर्च कर निजी स्कूल से बेहतर होगी सुबिधा

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। शिक्षा विभाग ने प्राइमरी स्कूलों के संग चल रही 5682 आंगनबाड़ियों के दो लाख से अधिक बच्चों की प्री-प्राइमरी कक्षाएं नवंबर माह में शुरू हो जायेंगी. इस दिशा में अनिवार्य तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. अक्तूबर में इन आंगनबाड़ियों की सहायिकाओं को प्री-प्राइमरी के बच्चों को पढ़ाने का विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा. सबसे खास बात यह होगी कि तीन से पांच साल तक के इन बच्चों पर प्रति बच्चे 13802 रुपये खर्च किये जायेंगे.शिक्षा विभाग की तरफ से इन सभी प्री प्राइमरी कक्षाओं के संचालन से पहले इनकी क्लासों में झूले, टेबल-कुर्सी, आकर्षक रंगीन किताबें, खेलकूद के सामान, साउंड बॉक्स आदि दिये जाने हैं. बिहार शिक्षा परियोजना इस दिशा में लगातार कार्य योजना को प्रभावी करने में लगा है.उल्लेखनीय है कि बिहार शिक्षा परियोजना इन बच्चों को पढ़ाने के लिए सिलेबस तैयार कर रहा है. प्रत्येक बच्चे को 120 रुपये की किताबें दी जायेंगी.



दरअसल इन सभी आंगनबाड़ियों को प्राइमरी से पूरी तरह जोड़ दिया गया है. प्री-प्राइमरी बच्चों को पढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी सहायिकाओं को प्री प्राइमरी डिप्लोमा देने के संदर्भ में विमर्श किया जा रहा है.आधिकारिक जानकारी के मुताबिक सैद्धांतिक तौर पर प्रदेश की सभी एक लाख चार हजार आंगनबाड़ियों को उनके निकटतम आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ दिया है. संभवतः उनकी कक्षाएं अगले सत्र से शुरू होंगी. इसके लिए शिक्षा विभाग जल्दी ही कार्य योजना बनायेगा. फिलहाल शिक्षा विभाग उन आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री-प्राइमरी कक्षाओं को धरातल पर उतारने जा रहा है, जो अब भी प्राइमरी स्कूलों के परिसर में संचालित हैं. उल्लेखनीय है कि यह समूची कवायद नयी शिक्षा नीति के तहत की जा रही है।

# जाप नेता के जन्मदिन दिवस पर पौधारोपण कर दी गयी बधाई

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। जन अधिकार पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एस कुमार के 34वें जन्मदिन दिवस पर पौधारोपण कर पार्टी के कार्यकताओं ने उन्हें शुभकामना दिया.पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता रामप्रीत यादव, रामविलास महतो, राजू कुमार, अनीश सिंह, आलोक कुमार, रजनीश कुमार यादव सहित अन्य ने पौधारोपण कर डॉ कुमार के दीर्घ जीवन की कामना की.इस मौके पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में फलदार पौधा लगाया गया. पौधा लगाते हुए उन्होंने कहा कि डॉ एस कुमार पर्यावरण बचाने के लिए पौधारोपण को बढ़ावा देते रहते हैं.शादी का अवसर हो या जन्मदिन का.इस मौके पर वह अपनी ओर से पौधा भेंटकर करते हैं और हर घर में पौधरोपण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हैं.डॉ एस कुमार के जन्मदिन पर पौधारोपण ही उनकी लंबी आयु के लिए एक मात्र विकल्प है.



# राष्ट्रपिता के विचारों को आत्मसात करने से ही सवार्गीण विकास संभव:शिव कुमार

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात किये बिना सर्वांगीण विकास संभव नहीं है.अहिंसा के प्रतीक बापु ने आजादी की लड़ाई में जिस तरह से अंग्रेजों को घुटने टेकने और भारत को छोड़ने पर मजबुर कर दिया,उससे हमलोगों को जीवन में संघर्ष के बल पर सबकुछ हासिल करने की प्रेरणा मिलती है.उपरोक्त बातें एसएस कॉलेज राजोपुर छौड़ाही के प्रभारी प्राचार्य शिव कुमार सिन्हा ने कही.वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के मौके पर विचार वयक्त कर रहे थे. उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी शिक्षा के साथ साथ काम करने के पक्षधर थे.गांधी के विचार आज के परिपेक्ष्य में भी अनुकरणीय और प्रसांगिक हैं.गांधी हमारे देश के आदर्श और मानवीय मुल्यों के साथ हमेशा सिद्धांतों पर चलकर समाज देश के विकास के लिये आपसी भाईचारे को बनाये रखने में विश्वास रखते थे.प्रचार्य श्री सिन्हा ने आगे कहा कि महात्मा गांधी कमजोर लोगों के बारे में कहते थे कि वे कभी माफ नहीं करते हैं,क्योंकि क्षमा करना ताकतवर लोगों का सबसे बड़ा गुण है. राष्ट्रपिता हमेशा कहते थे कि जियो ऐसा कि कल ही मरना है,और सीखो ऐसा कि जैसे आपको हमेशा यही करना है.गांधी कहते थे स्वयं की तलाश करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप दुसरों की सेवा में खुद को भुला दे.असहिष्णुता हिंसा का दुसरा रूप है.यह सच्चे लोकतांत्रिक के विकास में बाधक है.ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी गांधी के विचारों को हमलोग अपने जीवन में तनिक भी अनुकरण करते हुये समाज को समुचित दिशा में ले जा सके तो यह राष्ट्रपिता के लिये सच्ची श्रद्धांजलि होगी. इसके साथ ही महाविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन करते हुये उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया.महाविद्यालय में राष्ट्रपिता के तैलचित्र पर प्रचार्य सहित तमाम कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें पुरे आदर के साथ स्मरण करते हुये गांधी के दिये संदेश के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.जयंती के मौके पर अयोध्या से पधारे आचार्य लवकुश शास्त्री जी महराज, महाविद्यालय के खजांची नरेश प्रसाद यादव,प्रधान साहायक सहदेव राय,पुस्तकालय अध्यक्ष श्रीमती नीलम कुमारी सहायक शीलवंत महतो,सुबोध कुमार महाविद्यालय परिचारी राम उदगार साह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे.इसके अलावा क्षेत्र के सभी निजी और सरकारी विधालयों में भी राष्ट्रपिता गाँधी को पुरे आदर्श और सद्भाव के साथ याद किया।



# जल है तभी कल है, इसकी अहमियत हम सभी को समझने की जरूरतः उपायुक्त

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने जल जीवन मिशन रथ को हरी झण्डी दिखाकर समाहरणालय परिसर से जिले के सभी प्रखण्डों व पंचायतों के लिए रवाना किया। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त के द्वारा जानकारी दी गयी कि इस योजना के तहत 2024 तक सरकार द्वारा जिले के ग्रामीण इलाकों में हर एक घर में पीने के पानी का कनेक्शन देगी। घरों तक पानी पहुंचाने के अलावे निर्धारित गुणवता वाले पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति के साथ इसकी गुणवता और इसकी निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत जल संरक्षण जैसे विषयों पर भी काम किया जा रहा है और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।



इसी कड़ी में जिले के सभी प्रखंडों में जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार और गांव-गांव जाकर जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दी जायेगी। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024 तक राज्य के सभी ग्रामीण परिवारों को कार्यरत नल से जल मुहैया कराया जाना है। ग्राम पंचायत विकास योजना में जल के कार्यक्रमों में भागीदारी एवं सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जलसहिया एवं आमजनों को जल जीवन मिशन के विषय में समुचित जानकारी दी जाएगी। इसी उद्देश्य से विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पंचायत व ग्राम स्तर पर जनजागरूकता के लिए वृहत अभियान का आयोजन किया जाना है। 04 प्रचार वाहन के माध्यम से अभियान के तहत प्रचार-प्रसार की विभिन्न गतिविधियों द्वारा जन-जन तक जल जीवन मिशन का संदेश दिया जाना है, ताकि समुदाय के द्वारा इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया जा सके।

इसके अलावे इस निमित ग्राम स्तर पर मुखिया, जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका, स्वास्थ्य सहिया एवं सुजल एवं स्वच्छ गांव का प्रशिक्षण प्राप्त स्वच्छताग्राही, स्वच्छता दूत, निगरानी समिति के सदस्य को विशेष कर अपना योगदान वीएपी तैयार करने में सुनिश्चित करेंगे। साथ ही पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के जिला समन्वयक कनीय अभियंता एवं सोशल मोबलाइजर वीएपी तैयार करने में पूर्ण जिम्मेदारी के साथ सहयोग करेंगे। वही कोविड-19 महामारी की स्थिति में गाँवों में पानी की आपूर्ति और जल संरक्षण से संबंधित कार्यों को शुरू किया जा रहा है, ताकि कुशल, अर्ध-कुशल प्रवासी श्रमिकों को आजीविका प्रदान करने के साथ-साथ ग्रामीण परिवारों को पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

# असामाजिक तत्वों ने तालाब में डाला जहर लाखों की मछली मरा

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। छौड़ाही।ओपी थाना क्षेत्र के सांवत पंचायत अंतर्गत शिवनगर मोहल्ले में तालाब में जहर डालकर मछली मारने का मामला प्रकाश में आया है.अज्ञात असामाजिक प्रवृत्ति के लोगों ने तालाब में जहर डालकर लाखों की मछली का नुकसान किया है.इस बावत तालाब के स्वामी शंभू कुमार महतो ने अपनी व्यथा सुनाते बताया कि एक तो महामारी के कारण पहले से ही आर्थिक संकट गहराया हुआ है.मछली पालन कर अपना एवं परिवार का वह जीवन यापन कर रहा है.अपने बच्चे परिवार की रोटी चलाने के लिये तालाब में तकरीबन 70 हजार रुपए की लगभग मछली का बीज डाला. पिड़ित ने बताया कि तकरीबन 20 हजार का पौस्टिक दाना तालाब में डाला,लेकिन असामाजिक तत्वों ने मेरे बच्चे की रोटी अच्छी नहीं लगी रोटी छीन लिया है.वही तालाब स्वामी के सहयोगी मो.असगर ने बताया कि हम दोनों ग्रामीण हैं, और बेरोजगारी महामारी के दौर में गांव में ही रोजगार करने का प्रयास किया.ऐसे में कैसे खुद और परिवार का भरण पोषण कर सकता हुँ.दोनों ने बताया कि असामाजिक प्रवृति के लोगों को तनिक भी रहम नहीं आया.पिड़ितों के मुताबिक तकरीबन मछली लाखों की पूरे तालाब का मछली मर चुका है.मजदूर से बाहर निकलवा रहे हैं.नहीं तो बीमारी फैलने की संभावना हो जायेगी.इसकी जानकारी अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष छौड़ाही को लिखित देकर इस घटना में शामिल चोरी छिपे असामाजिक तत्वों पर पिड़ितो ने कार्रवाई की माँग की है.



**बोले सीओ**

तालाब में जहर डालने और मछली के मारे जाने से संबंधित आवेदन मिला है.इसकी जाँच पड़ताल करवायी जायेगी.पिड़ित को हरसंभव नियमानुसार मदद करने का प्रयास किया जायेगा.

**कहते हैं थानाध्यक्ष।**

पुलिस प्रशासन के द्वारा ऐसे असामाजिक तत्व पर नकेल कसा जायेगा.पिड़ित ने लिखित शिकायत की है.मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुये पुलिस जाँच पड़ताल में जुट गयी है. विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी.

# देश की आजादी में अपना सब कुछ त्याग करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकताः उपायुक्त

» मदरलैण्ड संवाददात

देवघर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत दिनांक 02.10.2021 को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हएु उनके दिखाये हुए रास्तों पर चलने के लिए एक दूसरे को प्रेरित व जागरूक कर सकें। साथ हीं आने वाले दिनों में जिले के सभी प्रखण्डों व पंचायतों में प्रभात फेरी, साईकिल यात्रा, पद यात्रा एवं संबंधित विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जागरूकता एवं आवेदन की प्राप्ति व अन्य गतिविधियों का आयोजन 4 अक्टुबर से 8 अक्टुबर, 2021 तक आयोजन किया जायेगा।




इसके अलावे आंगनबाड़ी सेविका, सहिया व तेजस्वीनी क्लब की दीदियों द्वारा प्रभात फेरी के माध्यम से कुपोषण मुक्त समाज बनाने की दिशा में लोगों को जागरूक व सेहतमंद जीवन व्यतीत करने की जानकारियों से अवगत कराया जायेगा। आज के समय में कुपोषण हमारे समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे दूर करने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करते हुए लोगों के बीच जागरूकता लाने की आवश्यकता है। हम सभी को चाहिये कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए दूसरों को भी ऐसा करने हेतु प्रेरित करें। इसके लिए सही आहार, सही आदतें एवं अपने आस-पास स्वच्छता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। साथ ही सभी से मेरा आग्रह होगा कि अपने घरों में किचन गार्डन को अपनायें। इसमें सब्जी उत्पादन का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि पूरे परिवार को साल भर ताजी शाक-सब्जी मिलती रहे और परिवार के सदस्यों को पोषण स्तर बना रहे।

इसके अलावे उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण है कि समाज के वंचित एवं कमजोर वर्ग के लोगों तक कुपोषण के कारणों की जानकारी आसानी से पहुंचाई जाए। दूसरी तरफ बच्चों, गर्भवती एवं धातृ महिलाओं को पौष्टिक आहार, एनीमिया, स्वच्छता और साफ सफाई के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करने का प्रयास सही तरीके से किया जायेगा, ताकि शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करते हुए जीवन में पोषण के महत्व को बताया जा सके।

प्रभात फेरी के माध्यम से टीकाकरण, खान पान, पौष्टिक आहार, उचित पोषण, स्वच्छता एवं साफ सफाई, डायरिया एवं अनीमिया के रोकथाम प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर विशेष जानकारी दी जाएगी। साथ ही गर्भवती महिलाएं, धात्री माताओं तथा नवजात शिशु, किशोरियों एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य बनाये रखने की जानकारियों से अवगत कराएंगे।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे* जिला समाज कल्याण पदाधिकारी परमेश्वर मुण्डा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, विभिन्न प्रखंडो के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सेविका, सहिया, तेजस्वीनी क्लब की दीदी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### विशेष टीकाकरण अभियान में 2400 लोगों ने लिया कोविड-19 का टीका



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में विशेष टीकाकरण अभियान में 24 सौ लोगों ने कोविड-19 का टीका लिया। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सह लेखापाल अनिमेष कुमार ने बताया कि 24 सौ लोगों को कोविड-19 का टीका लगाने का लक्ष्य जिला से प्राप्त हुआ था। जिसमें कुल 8 जगहों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरेठा, पंचायत भवन में मरंगी, लहसा बंगाली टोला, राघोपुर बंगाली टोला, चित्तौड़िया पंचायत भवन, बड़ी मोहनपुर, साहेबनगर बांध टोला में टीकाकरण शिविर लगाया गया। जिसमें 24 सौ लोगों ने टीका लिया। इस मौके पर पीरामल के धीरज कुमार ने बताया कि प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही, पंचायत भवन मरंगी ,उप स्वास्थ्य केंद्र कुरेठा का भ्रमण किए हैं सभी जगह पर टीका लेने को लेकर काफी भीड़ है, सरवर का प्रॉब्लम होने के कारण ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने में थोड़ी परेशानी हो रही है, लेकिन सभी लोगों को कोविड-19 का टीका लगेगा। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के डॉक्टर भावना कुमारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सह लेखापाल अनिमेष कुमार पीरामल के धीरज कुमार केयर इंडिया के इमरान खान,पिकेश कुमार ,कमल किशोर झा, विकास कुमार पासवान ,सिकेन्द्र पासवान आदि मौजूद थे।

### हसनगंज प्रखंड के ढेरुआ पंचायत के लिए बनी सरपंच नहेदा खातून



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। हसनगंज प्रखंड में दूसरे चरण का मतदान पंचायत चुनाव के लिए 29 सितंबर को शांतिपूर्ण माहौल में कराया गया था। जो शुक्रवार को कटिहार बाजार समिति भवन प्रांगण में सभी पदों के लिए प्रखंड का मतगणना सम्पन्न हो गया। वही शनिवार को सरपंच पद पर विजयी हुई नहेदा खातून के समर्थकों ने शांतिपूर्ण माहौल में विजय जुलूस निकाल कर खुशी जाहिर किया। बता दें कि नहेदा खातून ढेरुआ पंचायत से दूसरी बार जीत हासिल किया है। सरपंच प्रतिनिधि मोहम्मद इदरीश ने बताया कि सरपंच पद पर दूसरी बार लोगों ने आशा विश्वास के साथ चुना है। केवल सरपंच की जीत नहीं हुआ हैं पूरे पंचायत के जनता की जीत हुआ है। उन्होंने कहा कि ससमय पर पंचायत के जनता के बीच ग्राम कचहरी द्वारा मिलने वाली लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए समर्पित रहूंगा। इस मौके पर सरपंच पद के समर्थकों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर खूब खुशी जाहिर किया।

### केंद्र के तीन कृषि कानून के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया एक दिवस उपवास




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। शनिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में कांग्रेस कटिहार के राजेंद्र आश्रम में किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंद्र भानु गुप्त के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने एक दिवसीय उपवास रखा। जहां किसानों से जुड़ी समस्या को लेकर एवं आंदोलन के दौरान बिहार में किसानों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। कांग्रेस नेता सुनील कुमार यादव ने कहा कि यह सरकार उद्योगपतियों की सरकार है। जबकी किसान देश की रीढ़ है लेकिन किसानों को अनदेखा कर सरकार तानाशाह रवैया अपनाकर देश के किसानों को अंधकार में दखेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द यह तीनों काला कृषि कानून वापस लिया जाए। वही किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास ने कहा कि लगभग 1 वर्ष से किसान कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन यह सरकार मनमाना रवैया अपनाते हुए कभी उनपर लाठी डंडों से प्रहार करती है, तो कभी अफसरशाही दिखाती है। उन्होंने कहा कि जब किसान ही यह कानून नहीं चाहते हैं तो यह सरकार उन पर जबरन क्यों यह कानून थोप हो रही है। वही कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंद्र भानु गुप्त ने कहा कि जब तक यह सरकार तीनों कृषि कानून वापस नहीं लेती है तब तक तमाम कांग्रेस पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता किसानों के साथ कदम से कदम मिलाकर उनके आंदोलन में साथ खड़े और जब तक यह तीनों कृषि कानून वापस नहीं लिया जाएगा हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान कांग्रेस के संजय कुमार सिंह, शाहनवाज खान, मनी पासवान, मोहम्मद इश्तियाक आलम, मदन सिंह, मोहम्मद शमीम, राम प्रसाद सिंह, पंचानंद नायक, बेचन पांडे, विश्वनाथ साह, रियाज अंसारी, संतोष चौबे, राज आनंद सिंह, पंकज तंबाकू वाला, अखलाक हुसैन ,दामोदर चौबे, सहित कई कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# षष्ठी तिथि क्षय के कारण इस वर्ष आठ दिन का होगा शारदीय नवरात्र

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। दशकों बाद ऐसा संयोग हुआ है।जब नवरात्र में इस बार आठ हीं पूजा है।जिसको लेकर कई तरह की भ्रांतियां भक्तों में है।उसी को दूर करने के लिए मदरलैंड ने पंडित सुभाष चंद्र झा से बात की तो दुर्गा पूजा को लेकर उन्होंने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि इस बार षष्ठी तिथि के क्षय रहने के कारण इस बार नवरात्र में आठ पूजा है।और इसी के साथ माँ दुर्गा के सभी स्वरूपों की पूजा होगी।माँ के किस स्वरूप की पूजा किस दिन महाअष्टमी,महानवमी कब इसकी जानकारी दी है।

***महाअष्टमी महानवमी और दशमी की क्या है तिथिः-***

पंडित सुभाष चंद्र झा के मुताबिक इस बार शारदीय नवरात्र 7अक्टूबर गुरुवार को कलश स्थापन के साथ शुरू हो रहा

और15अक्टूबर शुक्रवार को संपन्न होगा।नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की उपासना की जाती है।ऐसी मान्यता है।कि नवरात्रि के दौरान विधि विधान से पूजा अर्चना करने पर माता रानी अपने भक्तों पर कृपा बरसाती है।मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए भक्त 9 दिनों का उपवास भी रखते हैं।पंडित झा के मुताबिक नवरात्रि के दौरान कई बार तिथियों समय के घटने बढ़ने के कारण अष्टमी नवमी और दशमी तिथि में असमंजस की स्थिति बन जाती है।ऐसे में शारदीय नवरात्र में इस बार महाअष्टमी महानवमी और दशहरा किस तिथि और किस दिन को पड़ रहा है।

**महाअष्टमी और महानवमी कब हैः-***

इस साल महाअष्टमी13अक्टूबर बुधवार को पड़ रहा है।पंडित झा के मुताबिक इस साल षष्ठी तिथि का क्षय होने से शारदीय नवरात्र8दिन का हो रहा है।ऐसे में13अक्टूबर को अष्टमी व्रत रखना उत्तम है।नवरात्रि के आठवें दिन महागौरी की पूजा होगी।वहीं हिंदू पंचांग के अनुसार महानवमी की तिथि14अक्टूबर गुरुवार को पड़ रहा है।नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा का विधान है।महानवमी का आध्यात्मिक महत्व पौराणिक कथाओं के अनुसार राक्षसों के राजा महिषासुर के खिलाफ मां दुर्गा ने 9 दिनों तक युद्ध किया था।इसी कारण यह त्योहार 9 दिनों तक चलता है।देवी की शक्ति और बुराई पर जीत हासिल करने का यह अंतिम दिन होता है।जिसे महानवमी कहते हैं।इस साल दशहरा का त्योहार 15अक्टूबर शुक्रवार को मनाया जाएगा।

**शारदीय नवरात्र की तिथियांः-***

(7)अक्टूबर पहला दिन मां शैलपुत्री की पूजा

(8)अक्टूबर दूसरा दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

(9)अक्टूबर तीसरा दिन मां चंद्रघंटा व मां कुष्मांडा की पूजा

(10)अक्टूबर चौथा दिन मां स्कंदमाता की पूजा

(11)अक्टूबर पांचवा दिन मां कात्यायनी की पूजा

(12)अक्टूबर छठवां दिन मां कालरात्रि की पूजा

(13)अक्टूबर सातवां दिन मां महागौरी की पूजा

(14) अक्टूबर आठवां दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा

(15) अक्टूबर दशमी तिथि व्रत पारण विजयादशमी(दशहरा)

## कुरसेला स्थित गांधी आश्रम में बापू की 152 वीं जयन्ती तथा पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। गंगा कोसी के संगम स्थित कुरसेला गांधी आश्रम में 2 अक्टूबर शनिवार को महात्मा गाँधी जी की 152 वीं जयन्ती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयन्ती धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सुबह 6 बजे से 7 बजे तक माननीय पूर्व सांसद नरेश यादव के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत सम्पूर्ण सर्वोदय आश्रम , गांधी घर परिसर, गांधी संग्रहालय , गांधी सर्किट भवन परिसर , सभामंच , शौचालय की झाड़ू से सफाई कर पोंछा लगा कर सफाई की गयी। जिसमें सर्वोदय आश्रम गांधी घर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सह माननीय पूर्व सांसद नरेश यादव , पूर्व सदस्य राज्य संसाधन समूह एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण बिहार सरकार विमल मालाकार, वीर शहीद नटाय परिहार के पौत्र कामेश्वर परिहार , दक्षिणी मुरादपुर के नव निर्वाचित मुखिया ललन राम , पूर्वी मुरादपुर की सरपंच अनिता देवी , बासुदेव मंडल , पंचायत समिति सदस्य रंजीत महतो, नागो यादव , दक्षिणी मुरादपुर के वार्ड सदस्य रामनाथ महतो , दक्षिणी मुरादपुर वार्ड 3 के सदस्य अनिल राम, भूपेन्द्र यादव , मुकेश कुमार , नीलेश कुमार , भगवान मंडल आदि ने सक्रियता से भाग लिया।

11 बजे से गांधी संग्रहालय में महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। साथ ही एनबीआर स्कूल कुसेर्ला के शिक्षक सह पूर्व साक्षरताकर्मी सरदार सुजान सिंह के नेतृत्व में शिक्षक शुभम चौरसिया , कुन्दन सिंह, छात्र सुकेश , सिन्टू , प्रशांत , हर्ष , सन्नी , खुशहाल , गुलशन कुमार , बादल , मणीषा , अदिति , रोहिणी , तनुश्री , शिवानी , साक्षी , लक्ष्मी ने ’रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम। तूं ही राम है तू रहीम है, तूं करीम ,कृष्ण खुदा हुआ। वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई जानै रे ,, जैसे बापू के प्रिय भजन गाए।

कबीर साहब के शिष्य कुताय दास , कोंकण महतो , वैजनाथ दास की टीम ने कबीर वाणी , कबीर पदावली के भजन निर्गुण सुना कर सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर माननीय पूर्व सांसद नरेश यादव , विमल मालाकार, कॉमरेड राजेन्द्र मंडल, पूर्व जिला पार्षद गोपाल यादव , नव निर्वाचित जिला पार्षद उमाकान्त यादव , मुखिया ललन राम , पंचायत समिति सदस्य रंजीत महतो , वार्ड मेम्बर रामनाथ महतो , भगवान मंडल , नागो यादव , राजकुमार महतो अयोध्या प्रसाद +2 उच्च विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य , जदयू प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्र गुप्ता अध्यक्ष , दिनेश कुमार यादव , सरदार अशोक सिंह ऐतिहासिक गुरूतेगबहादुर गुरूद्वारा लक्ष्मीपुर , सत्य नारायण अग्रवाल आदि ने महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के त्याग बलिदान की विस्तार से चर्चा करते हुए उनके आदर्श, जीवन मूल्यों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सर्वोदय मध्य विद्यालय तीनघरिया एवं नया प्राथमिक विद्यालय विन्दटोली के बच्चों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने निकाला तिरंगा यात्रा



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बिहार से गहरा जुड़ाव रहा हैं। बापू के व्यक्तित्व को गढ़ने में और उनके नेतृत्व में आजादी की लड़ाई में बिहार की आबोहवा और परिस्थितियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शनिवार दो अक्टूबर को उनकी जयंती के मौके पर कटिहार जिले के शहीद चौक पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक दल एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस के नेतृत्व में स्थानीय शहीद चौक पर तिरंगा यात्रा निकाली गई वही तिरंगा यात्रा समाप्ति के बाद तमाम कांग्रेस के युवा नेता एवं वरिष्ठ नेता के साथ-साथ कार्यकताओं ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया वहीं कांग्रेस नेता सुनील कुमार यादव ने कहा कि आज का दिन आप सभी के लिए बहुत खास दिन है क्योंकि आज के ही दिन हमारे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है आज उनकी जयंती पर हम सभी उन्हें नमन कर रहे हैं और उनके बताए गए मार्गों पर चलने की संकल्प लिए। वही युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मनी पासवान ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे और उन्होंने हमेशा देशवासियों को अच्छी बातें बताई आज हम सभी को गांधी जी के बताए गए मार्गों पर चलने की आवश्यकता है। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार यादव, ईञ्ज मीनाक्षी श्वेता, प्रदेश सचिव इश्तियाक आलम, नीरज पोद्दार,मदन सिंह, मोनू खान, शिवम सिंह, सत्यम झा, मासूम सहित कई कांग्रेस के नेता मौजूद थे।

## लायंस क्लब ऑफ कटिहार द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। लायंस क्लब ऑफ कटिहार द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ डी एन पांडेय, एसीएमओ डॉ कनक रंजन, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रेम रंजन, क्लब के अध्यक्ष अवंतिका परमार, सचिव काजल महासेठ ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर प्रथम रक्तदाता लायन संतोष गुप्ता, लायन कुमार रवि, लायन आलोक सिन्हा एवं लायन नरेश साह का सिविल सर्जन ने गुलाब का फूल देकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इस मौके पर लायन अवंतिका परमार एवं लायन काजल महासेठ ने कहा कि आज गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती के साथ साथ कटिहार जिला स्थापना दिवस भी है इसलिए आज यह कार्यक्रम करना कटिहार के लिए गौरव की बात है। पूर्व अध्यक्ष लायन अरविंद पटेल, लायन पंकज कुमार पूर्वे, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, अनिल चमरिया, विनोद अग्रवाल ने कहा कि आज भी खून की कम उपलब्धता के कारण कई लोगों की जान चली जाती है। लायन जय प्रकाश गुप्ता गणेश चौरसिया, दिलीप डोकानिया, विनय परमार ने बताया कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए रक्तदान जरूर करना चाहिए। क्लब के पीआरओ लायन राजेन्द्र सर्राफ ने बताया कि आज के शिविर में 27 यूनिट ब्लड का डोनेशन हुआ। उन्होंने कहा कि पूर्व अध्यक्ष लायन तेज कुमार अग्रवाल के सौजन्य से सभी रक्तदाताओं को होर्लिक्स भेंट स्वरूप दिया गया।




आज रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र के साथ एक फैमिली हेल्थ प्रोटेक्शन कार्ड भी दिया गया जिसमें रक्तदाता छह माह के अंदर एक बार इन्सर्च डायग्नोस्टिक सेंटर में कई तरह की जांच निःशुल्क करा सकते हैं। इस शिविर में लियो क्लब के सदस्यों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। लियो पीयूष काबरा, गौरव कुलकर्णी, लियो तेजस चौरसिया, लियो, सौरव पोद्दार, लियो कुणाल शर्मा के साथ ललन कुमार, अविनाश झा, नवीन कुमार गुप्ता, मो नाहिद खान, दीप दत्तानी, सौरव कुमार, रंजीत भगत, अभय कुमार आदि ने रक्तदान किया। लायन स्वर्ण चमरिया,लक्ष्मी गुप्ता, ज्योत्स्ना साहा, प्रतिमा प्रसाद, वाणी मेंघानी, सुनील पोद्दार आदि सदस्यों ने सभी रक्तदाताओं के बेहतर स्वास्थ की कामना के साथ शुभकामनाएं दी। शिविर में एसोसिएट सहयोगी के रूप भारतीय जीवन बीमा निगम, एचडीएफसी बैंक का सहयोग रहा। शिविर के आयोजन में ब्लड बैंक के कवींद्र जी, कुंदन की भूमिका सराहनीय रही। सिविल सर्जन ने संस्था को साधुवाद देते हुए कहा कि इस तरह के शिविर के आयोजन से रक्त की कमी को पूरा करने में मदद मिलती है। उन्होंने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी आगे आने की अपील की।

## भारत स्काउट गाइड एवं स्कूलों में गांधी जयंती मनायी गई

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय की ओर से महेश्वरी अकैडमी के परिसर में गांधी जयंती मनाया गया । इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त काशी प्रसाद चौहान के मार्गदर्शन पर सर्व धर्म प्रार्थना एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जिला सचिव राकेश कुमार रोशन ने कहा कि देश की स्वतंत्रता में बापू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है , एवं देश के पूर्व लाल बहादुर शास्त्री ने भी जय जवान जय किसान का नारा दिया । आज का दिन इन दोनों महान सपूतों के जन्मदिन के अवसर पर गांधी जयंती मनाया जाता है ।स्काउट मास्टर संजय कुमार ने कहा कि इस वर्ष को भारत के आजादी के 75 साल होने पर अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है , जिसमें जिला मुख्यालय के द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें योगा , चित्रकला प्रतियोगिता , निबंध प्रतियोगिता , आदि का आयोजन किया जाएगा ।सहायक स्काउट मास्टर रामबाबू ने कहा आज के दिन भारत के दो ऐसे महान सपूतों का जन्म हुआ जिन्होंने अपने महान कर्मों से पूरे हिंदुस्तान को अपना कर्जदार बना लिया ।इस अवसर पर राजेश कुमार वर्मा राष्ट्रपति रोवर ने कहा कि भारत के इतिहास में दो अक्टूबर का दिन का खास महत्व है , स्वतंत्रता




दिवस और गणतंत्र दिवस की तरह दो अक्टूबर को भी राष्ट्रीय पर्व का दर्जा हासिल है , यह दिन देश के महान विभूतियों के जन्मदिन के तौर पर इतिहास के पन्नों में दर्ज है ।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मदिन 2 अक्टूबर एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म भी 2 अक्टूबर को ही हुआ था ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रीना कुमारी ,अंजली कुमारी ,लक्ष्मी मिश्रा ,शिप्रा कुमारी, लाखों कुमारी, दीपा कुमारी ,वर्षा कुमारी एवं अविनाश कुमार रजक ,आकाश कुमार चौधरी, अमन,करण कुमार आदित्य राज ,रंजन कुमार ,प्रिंस कुमार ,अमन कुमार , ऋतिक कुमार भारती आदि उपस्थित थे ।इस कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रपति स्काउट रोहित कुमार के द्वारा किया गया।

**केंद्रीय विद्यालय कटिहार में गांधी एवं शास्त्री की जयंती मनायी**

केंद्रीय विद्यालय कटिहार में गांधी और शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। केंद्रीय विद्यालय कटिहार में आज 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ आनंद प्रकाश और शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर जयंती समारोह प्रारंभ की गई। दोनों महापुरुषों के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए तथा माल्यार्पण किए गए ।इसके बाद केंद्रीय विद्यालय कटिहार के स्काउट गाइड के स्काऊट मास्टर एवं गाइड कैप्टन ग्रुप ने दोनों महापुरुषों के लिए सर्व धर्म प्रार्थना आयोजित की। इस सर्व धर्म प्रार्थना में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भाग लिया ।आजादी की अमृत महोत्सव के अंतर्गत फिट इंडिया रन द्वितीय आयोजित की गई। प्राचार्य के साथ साथ सभी शिक्षकों ने इस दौड़ में भाग लिया।

# मेगा टीकाकरण अभियान, 13 लाख से अधिक लोगों का हुआ टीकाकरण

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन के अवसर पर आज 02 अक्टूबर को जिले में फिर से मेगा टीकाकरण अभियान चलाया गया । अभियान में उपलब्ध टीका के अनुसार अधिक से अधिक लोगों को कोविड-19 से सुरक्षा के लिए टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

**पंचायत स्तर पर किया गया लक्ष्य का निर्धारण**

डीडीसी अरुण कुमार ठाकुर द्वारा 02 अक्टूबर को आयोजित मेगा टीकाकरण कैम्प



में पंचायत स्तर पर लक्ष्य का निर्धारण कर उसके अनुरूप लोगों को टीका लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए सभी प्रखंड के चिकित्सा प्रभारी को निर्देश दिया गया है और सभी पंचायत के टीकाकरण से वंचित लोगों की संख्या मांगी गई है। उपलब्ध संख्या के अनुसार सम्बंधित पंचायत में टीकाकरण केंद्र बनाया गया है ताकि अधिक से अधिक लोगों को टीका लगाया जा सकेगा।

**पंचायत चुनाव में मतदान स्थल पर भी लगाया जा रहा टीका**

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. डी. एन. झा ने बताया पंचायत चुनाव के लिए जिले में पंचायत स्तर पर मतदान केंद्र व मॉडल मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिले में सभी मॉडल मतदान केंद्र के साथ अन्य ऐसे मतदान केंद्र जहां टीकाकरण कम हुआ है वहाँ स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण केंद्र भी स्थापित किया जा रहा है। वहां 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोग जो अब तक टीकाकरण से वंचित हैं या पहला डोज के बाद दूसरा डोज नहीं ले सकें हैं वह वहां अपना टीकाकरण करवा सकते हैं।

**अब तक 13 लाख से अधिक लोगों का हुआ टीकाकरण**

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी (डीआईओ) डॉ. डी. एन. झा ने बताया कि जिले में अबतक 13 लाख 77 हजार 56 लोगों द्वारा कोविड-19 टीका लगाया गया है। इसमें 11 लाख 76 हजार 644 लोगों द्वारा पहला डोज जबकि 02 लाख 00 हजार 412 लोगों द्वारा दूसरा डोज लगाया गया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से सुरक्षा के लिए टीका का दोनों डोज लेना आवश्यक है। इसलिए सभी लोगों को कोविड-19 टीका का दूसरा डोज जरूर लगवाना चाहिए।

# पंचायत आम चुनाव 2021 को लेकर जिला प्रशासन हुआ सख्त

## 49 आदतन अपराध कर्मियों के विरूद्ध हुई सीसीए की कार्रवाई, किया गया थाना बदर

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। पंचायत आम निर्वाचन, 2021 को शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जिले के 49 आदतन अपराध कर्मियों के विरूद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा-03 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें थाना बदर कर दिया गया है। उक्त 49 अपराध कर्मी पंचायत निर्वाचन की समाप्ति तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11.00-12.00 बजे एवं अपराह्न 05.00-06.00 बजे के बीच संबंधित थाना में जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे।

अपराध कर्मी धर्मेन्द्र बीन, पिता-मनेजर बीन, सा0 नौरंगिया, थाना-नौरंगिया को जगदीशपुर ओ.पी. में प्रतिदिन निर्वाचन समाप्ति तक जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसी तरह चन्द्रभूषण तिवारी पिता-स्व. जगदीश तिवारी सा. बड़गांव, थाना-बगहा को श्रीनगर थाना, नंदजी कुमार पिता-स्व. रामदास भगत सा0 बनकटवा, वार्ड सं. 29 थाना-बगहा को श्रीनगर थाना, शशिभूषण तिवारी उर्फ झुलन तिवारी पिता-स्व0 जगदीश तिवारी, सा. बड़गांव, थाना-बगहा को श्रीनगर थाना, तुलसी साह पिता-पलटन साह सा0 नवका टोला बड़गांव को श्रीनगर थाना में प्रतिदिन जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

वहीं मोहन उरांव पिता-स्व. गोपालजी उरांव सा0 महुआ, थाना-सेमरा को जगदीशपुर ओपी, राजा राम उरांव पिता-स्व. कहरू उरांव सा. महुआ थाना-सेमरा को जगदीशपुर ओपी, रामजी उरांव पिता-स्व. जंगी उरांव सा. महुआ थाना-सेमरा को जगदीशपुर ओपी, स्वामीनाथ उरांव पिता- द्वारिका उरांव सा. महुआ थाना-सेमरा को जगदीशपुर ओपी, भटुमन बीन, पिता-चन्द्रिका बीन, सा. भानपुर टेसरहिया, थाना-बथवरिया को बेतिया मुफस्सिल थाना, आनंद राय उर्फ राधेश्याम राय पिता-स्व. शिवपूजन राय, सा0 बीबी बनकटवा थाना-बथवरिया को बेतिया मुफस्सिल थाना, बाढ़ू यादव पिता-बिचण्डी यादव, सा0 जमुनिया, थाना-बथवरिया को बेतिया मुफस्सिल थाना, ललन राम पिता-असेया राम, सा0 चन्द्राहा रूपवलिया, थाना-बथवरिया को बेतिया मुफस्सिल थाना, मनोज मिश्रा पिता-ऋसेश्वर मिश्र, सा. कोइरपट्टी, थाना-ठकराहां को नगर थाना, बेतिया, महेश उरांव पिता ठगर उर्फ ठगही उरांव सा0 शिवनाहा थाना-वाल्मीकिनगर को नगर थाना, बेतिया, जीतन नट, पिता-स्व. सफीक नट, सा. सिगाड़ी मुड़िला, थाना-रामनगर को मझौलिया थाना, मोहन सर्राफ पिता-स्व. मोहन सर्राफ सा. सिंगाड़ी मुड़िला थाना-रामनगर को मझौलिया थाना, रमेश बीन पिता-किशुन बीन सा. भैसहिया साठी टोला, थाना-पिपरासी, जिला-पश्चिम चम्पारण को सहोदरा थाना, लोरिक महतो उर्फ लोरिक धांगड़ पिता-रामचन्द्र धांगड़, सा0 मझौवा धंगड़ टोली, थाना-चौतरवा को श्रीनगर पूजहां थाना, रामशंकर राम पिता-स्व. मंगरू राम, सा0 पतिलार मौजे टोला थाना चौतरवा को श्रीनगर पूजहां थाना, कमलेश राम पिता स्व0 लालबिहारी राम, सा0 बिलासपुर, थाना-रामनगर को श्रीनगर पूजहां थाना, अनील साह पिता-हरि साह सा0 धनरपा, थाना-रामनगर को श्रीनगर पूजहां थाना में पंचायत निर्वाचन समाप्ति तक प्रतिदिन दो बार जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है।



इसी तरह दिनेश यादव, पिता-कपिलदेव यादव, सा0 बहुअरवा, थाना-शनिचरी ओ.पी. को इनरवा थाना, भुनेश्वर मुखिया, पिता-स्व. गुजा मुखिया, सा0 बैजुआ नवका टोला, थाना-श्रीनगर पुजहां को लौकरिया थाना, अशोक तिवारी पिता-स्व. विश्वनाथ तिवारी, सा0 पूजहां ब्रहम्ण टोली, थाना-श्रीनगर पूजहां को लौकरिया थाना, सुरेश शर्मा, पिता-स्व0 रामटहल शर्मा, सा0 रनहां मिस्त्री टोला, थाना-श्रीनगर पूजहां को लौकरिया थाना, रामभज्जु चौधरी पिता-पंडित चौधरी, सा0 श्रीनगर टांड टोला, थाना-श्रीनगर को लौकरिया थाना, कन्हैया कुमार पिता-सुशील प्रसाद, सा0 इलमराम चौक, थाना-बेतिया नगर को शिकारपुर थाना, रामेश्वर उर्फ गोलू कुमार गुप्ता पिता-बुद्धदेव प्रसाद, सा0 समाहरणालय चौक, थाना-बेतिया नगर को मटियरिया थाना, नारद उर्फ कृष्णा पटेल, पिता-स्व. सीताराम पटेल, सा. दुर्गा नगर, थाना-बेतिया नगर को शिकारपुर थाना, सज्जाद अंसारी, पिता- स्व. याकूब अंसारी, सा. डिही ढबेलवा, थाना-योगापट्टी को धनहा थाना, शिवनाथ महतो पिता स्व. गणेश महतो सा. लक्ष्मीपुर टोला गोबरधनी थाना-योगापट्टी को धनहा थाना, रूस्तम अंसारी पिता-स्व0 याकुब अंसारी सा0 डिही ढबेलवा, थाना-योगापट्टी को धनहा थाना, लालबहादुर यादव, पिता-सुखाड़ी यादव, सा. चौमुखा, थाना-योगापट्टी को धनहा थाना, सुनील चौधरी पिता-चनर चौधरी, सा. बगही लमुईया टोला, थाना-बैरिया को पिपरासी थाना, ओसियर चौधरी, पिता-स्व0 गणेश चौधरी, सा. पतरखा, थाना-मनुआपुल ओ.पी. को इनरवा थाना, ददन यादव पिता-शंकर यादव सा. गुरवलिया, थाना मनुआपुल ओ.पी. को इनरवा थाना, सत्येन्द्र पाण्डेय पिता-स्व0 परशुराम पाण्डेय, सा. खैरटिया, थाना-मनुआपुल ओ.पी. को इनरवा थाना, कन्हैया पासी, पिता-ढ़ोढ़ा पासी सा0 गुरवलिया, थाना-मनुआपुल ओ.पी. को इनरवा थाना, अखिलेश राय, पिता-गौरी शंकर राय, सा. छावनी, थाना-मनुआपुल ओ.पी. को इनरवा थाना, शेख इरसाद पिता-शेख मंसूर सा. शेख धुरवा, थाना-मनुआपुल को इनरवा थाना, सोमारी यादव, पिता-शंकर यादव, सा0 गुरवलिया, थाना-मनुआपुल को इनरवा थाना, प्रभात साह पिता-भुनेश्वर साह, सा0 डुमरा हाल मो. टिकुलिया, थाना-चनपटिया को मटियरिया थाना, शेख एकबाल उर्फ राजा पिता शेख फजलेहक उर्फ लाल सा0 कर्णपट्टी, थाना- चनपटिया को मटियरिया थाना, जाकीर मियां, पिता- अस्तुल्लाह मियां, सा. बनकट पुरैना, थाना- चनपटिया को मटियरिया थाना, सनोज महतो पिता दरोगा महतो, सा. गरभुआ लाला टोला, थाना- सिरिसिया ओ.पी. को सहोदरा थाना, रामा महतो पिता प्रभु महतो सा0 गरभुआ लाला टोला थाना-सिरिसिया ओ.पी. को सहोदरा थाना, हीरा पटेल पिता-स्व. रघुवीर पटेल सा0 बकुलहर, थाना-गोपालपुर को लौकरिया थाना एवं जमशेद आलम पिता-आमीर अमजा सा. बैशखवा, थाना-गोपालपुर को बैरिया थाना में प्रतिदिन निर्वाचन समाप्ति तक पूर्वाह्न 11.00-12.00 बजे एवं अपराह्न 05.00-06.00 बजे के बीच जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बापू और शास्त्री को किया गया याद



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। फरबिसगंज शनिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र के अड़राहा वार्ड संख्या-एक बापू मिलन मंदिर में सामाजिक कार्यकर्त्ता प्रभात यादव की अध्यक्षता में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया गया।वही सहवाजपुर पंचायतमें आदर्श मध्य विद्यालय भद्रेशर में समाज सेवी सोनू झा व प्रधानाध्यापक के द्वारा श्रद्धासुमन व पुष्पाजली अर्पित किया गया। इस दौरान उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया गया। पूज्य बापू अमर रहे,लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे, जय जवान-जय किसान, जब तक सूरज चांद रहेगा बापू और शास्त्री का नाम रहेगा आदि नारे भी लगाए गए। । मौके पर मौजूद सामाजिक कार्यकर्त्ता प्रभात यादव, सोनू यादव, लव कुमार यादव, तौकीर आजाद, अफजल, आशीष कुमार,राकेश कुमार, चंदन शर्मा, पिंटू यादव,अनिल सरदार पंकज यादव, संजय यादव युवा समाज सेवी सोनू झा डुमरिया,सहवाजपुर एवं विद्यालय के प्रधनाध्यापक सहायक शिक्षक,,,विद्यालय के सचिव संजय ठाकुर,मुकेश कुँवर,, युवा समाज सेवी क्रांति कुमार,शंकर झा,सरोज झा,विकाश मंडल,दीपक मंडल,सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### गांधी जयंती के मौके पर हुआ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। प्रखंड के नेशनल अकादमी शाहनेवाजपुर, तरैया में शनिवार को महात्मा गाँधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। अकादमी के प्रबंध निदेशक पवन कुमार शर्मा व प्राचार्य बलराम साह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं दोनों महापुरुषों के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया गया। उक्त अवसर पर चित्रकला-प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा एक से नौ तक के विद्यार्थी शामिल हुए और अपनी कला का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में सफल हुए। प्रथम श्रेणी के विजेताओं में खुशी कुमारी, बंटी कुमार, आदित्य शर्मा, पायल कुमारी का नाम शामिल हुआ। वहीं प्रतियोगिता की स्कूल टॉपर कक्षा सातवीं की छात्रा रिया शर्मा को चुना गया।

उक्त मौके पर प्रेमचंद शर्मा, पंकज सहनी, धर्मेंद्र सहनी, सोनू सिंह, अनूप कुमार एवं सुनीता देवी, अनिल कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद ने किया गया राशन वितरण



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। बेतिया सेवा और समर्पण अभियान 17 सितम्बर से 7 अक्टुबर बगहा पार्टी कार्यालय में गाँधी जयंती के अवसर पर स्वराज से सुराज तक कार्यक्रम को संबोधित किया। और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभुकों को मुफ्त राशन वितरण किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रदेश अध्यक्ष सह बेतिया लोकसभा सांसद डा. संजय जयसवाल, राज्यसभा सांसद सतीशचंद्र दुबे, रामनगर विधायिका माननीया भागीरथी देवी , बगहा विधायक माननीय राम सिंह , चनपटिया विधायक माननीय उमाकांत सिंह , जिला महामंत्री, भुपेन्द्र नाथ तिवारी, सहित तमाम पार्टी कार्यकताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### मिथलेश भगत बने आइका जिला महासचिव



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। भरगामा.सिरसिया हनुमानगंज महथावा निवासी मिथलेश भगत को ऑल इंडिया कलवार कलाल कलार एशोसिएशन (आइका) जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। इनका मनोनयन आइका के जिला अध्यक्ष कुंदन भगत ने किया। नव मनोनीत जिला महासचिव ने कहा कि आइका इंडिया ने जो दायित्व मुझे दिया है उसे हम बखूबी निर्वाह करेंगे। जिले के कलवार समाज व हर समाज के लोगों की हर समस्या का निदान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। जिला महासचिव मनोनीत होने पर उन्हें बधाई देने वालो में मुख्य रूप से कलवार समाज के अनिल भगत,शंकर भगत,आनंद भगत,दीपचंद भगत,संजीत भगत,विक्रम चौधरी,राजेश भगत,आदर्श जायसवाल,कुमार प्रियांशू,सन्नी भगत,मिथुन भगत,आदि शामिल हैं।

## गांधी जी ने सत्य, अहिंसा के बल पर दुनिया का मार्गदर्शन किया

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा भितिहरवा आश्रम जीवन कौशल विकास ट्रस्ट परिसर में ट्रस्ट व कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जयंती के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भितिहरवा आश्रम जीवन कौशल ट्रस्ट में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि नरकटियागंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुंदन कुमार, विशिष्ट अतिथि जीविका बीपीएम कुणाल कुमार सिंह ने बा व बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का अंगवस्त्र व आम्र पल्लव के मुकुट से प्राचार्य दीपेंद्र बाजपेयी, अध्यक्ष रामबाबु चौरसिया, सचिव दिनेश यादव, उपाध्यक्ष चंद्रगुप्त चौहान आदि ने स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि कुणाल कुमार सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी महज एक नाम नहीं बल्कि विचार है एक सोच है। एक ऐसी सोच जो न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में आज भी प्रासंगिक बनी हुई है। मुख्य अतिथि एसडीपीओ कुंदन कुमार ने कहा कि अहिंसा महात्मा गांधी के दर्शन का मूल मंत्र है। यह एक सिद्धांत है जिसके आधार पर समाज को बेहतर बनाया जा सकता है। वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि गांधी सिर्फ एक नाम नहीं एक ऐसा विचार है जिसने दुनिया को जीवन अहम चीज है जो बहुत आसान और सरल शब्दों में समझा दिय्या। गांधी अपने पूरे जीवन में यही संदेश दिए स्वच्छता, स्वदेशी और स्वालंबन गांधी का पथ है। ट्रस्ट के सचिव ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी सही में महात्मा थे। आज महात्मा गांधी त्याग और बलिदान का प्रतीक देश आजाद है। उनके बताए गए मार्ग पर ही आगे बढ़ने से कभी बधाए नहीं होगी। आज पूरा विश्व उनका अनुकरण कर रहा है। वही कोषाध्यक्ष राकेश राव ने कहा कि गांधी की सत्य व अहिंसा के पुजारी थे। गांधी के विचारों को अनुकरण से ही विकास संभव है। जीवन कौशल ट्रस्ट के माध्यम से आयोजित पेंटिंग प्रतियोगता में शामिल कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक की प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली गुंजा कुमारी पटेल को मुख्य अतिथि कुंदन कुमार के द्वारा एक हजार एक रुपए नगद राशि व प्रशस्ति पत्र व देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की दस छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। मौके पर शिकारपुर पुलिस निरीक्षक, गौनाहा थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा, जीविका एसी अविनाश कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक शिव शंकर चौहान, प्रभारी प्राचार्य विवेक कुमार, रवि रंजन कुमार, आदि ने भी द्वारा गांधी के विचारों पर प्रकाश डाला। मौके पर शिक्षक अखिलेश शर्मा, आशीष कुमार, इंद्रजीत कुमार शर्मा, दीपक पाठक, शशिकांत पाठक, संतोष यादव, हरेश काजी, सुजीत कुमार, परिणीता सौरभ, पूजा जयसवाल, अखिलेश्वर पांडेय आदि उपस्थित थे।

## सेवा और समर्पण अभियान के तहत राजसभा सांसद सहित दर्जनों कार्यकताओं ने किया सफाई अभियान

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। मैनाटाड़ सेवा और समर्पण अभियान के तहत प्रखंड मुख्यालय,बेलवाडीह माई स्थान, रमपुरवा गांव स्थित मंदिर परिसर सहित सभी गांवोंमें भाजपाकार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। टोला चपरिया पंचायत के रमपुरवा सात आना गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में राज्यसभा सांसद सतीशचंद्र दूबे सहित दर्जनाधिक भाजपा कार्यकताओं के द्वारा साफ सफाई की गयी। मौके पर सासंद श्री दूबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय स्तर पर सेवा और समर्पण का कार्यक्रम चल रहा है।इस निमित्त रमपुरवा, प्रखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र के कई जगहों पर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर लोगों को साफ सफाई के बारे में जागरूक भी किया गया। वहीं केंद्र सरकार के द्वारा जनहित में चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में लोगों को अवगत भी कराया गया। वहीं उतरी मंडल अध्यक्ष अनिल पटेल के नेतृत्व में बेलवाडीह माई स्थान में साफ सफाई की गयी। मौके पर डॉ धनंजय त्रिपाठी, अनिल पटेल, नरेंद्र प्रसाद, सुभाष प्रसाद विद्यार्थी, सुनील कुशवाहा, जितेंद्र कुमार, संतोष यादव, सुभाष प्रसाद,अनुप प्रसाद,शिव प्रसाद , सुनील पटेल आदि मौजूद रहे।

## गाँधीजी के पदचिन्हों पर चलने का हम सब लें संकल्प : जिलाधिकारी



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। जिला मुख्यालय बेतिया के हरिवाटिका चौक अवस्थित गाँधी जी की प्रतिमा पर जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार द्वारा माल्यापर्ण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री उपेन्द्र नाथ वर्मा, उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, श्री नंदकिशोर साह सहित अन्य अधिकारियों ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। माल्यापर्ण करने के उपरांत जिलाधिकारी ने कहा कि भारत को आजादी दिलाने में महात्मा गाँधी की अत्यंत ही सराहनीय भूमिका रही है। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत ने जन-जन में एक अद्भुत क्रांति ला दी। गाँधीजी हमेशा कहा करते थे कि किसी भी तरह के विरोध का मार्ग हिंसात्मक नहीं हो सकता है। अहिंसा में जो शक्ति है, उसकी जगह हिंसा कभी भी नहीं ले सकती है। उन्होंने कहा कि चंपारण सत्याग्रह ने ही मोहनदास करमचंद गाँधी को महात्मा बना दिया। उन्होंने कहा कि कमाल के थे महात्मा गाँधी, जिनके बिना शस्त्र उठाए ही चल पड़ी आंधी और मिली देश को आजादी। उन्होंने कहा कि गाँधीजी के आदर्श आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, उनके पदचिन्हों पर चलने का हमसब आज संकल्प लें।

## आभूषण व नगद चोरी के अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। बेतिया दिनांक 30 सितंबर 2021 को आवेदक राहुल धई, पिता स्वर्गीय मुकेश धई, साकिन पावर हाउस चौक, थाना नगर बेतिया, इस आशय का एक लिखित आवेदन दिए की उनके घर में घुसकर अज्ञात चोर द्वारा अलमीरा से लगभग छह लाख रुपए मूल्य का सोना व हीरा का आभूषण एवं 5 हजार रुपए चुरा लिया गया है। जिस संदर्भ में नगर थाना कांड संख्या 563/21, दिनांक 30 सितंबर 2021, धारा 454/ 380 भादवि दर्ज किया गया। इस चोरी की घटना की उद्भेदन हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा पुलिस निरीक्षक थाना अध्यक्ष नगर बेतिया के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं सूचना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर कितालिब आलम, उम्र 19 वर्ष, पिता औरंगजेब आलम, साकिन मिस्कार टोली, वार्ड संख्या 16, थाना रामनगर, जिला बगहा, पश्चिमी चंपारण को कोढ़िया पट्टी नौरंगाबाद से चोरी गए सामान सहित गिरफ्तार किया गया। जिन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए एक हीरा जड़ित टॉप्स को रामनगर भगत सिंह चौक स्थित मनीष ज्वेलर्स में बेचने एवं उसे बरामद कराने की बात बताई, उनके बताए अनुसार उक्त टॉप्स को मनीष ज्वेलर्स से बरामद किया गया एवं मालिक धीरज कुमार, उम्र 24 वर्ष, पिता उमेश प्रसाद सोनी, को गिरफ्तार किया गया, दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। बरामद सामानों में एक लॉकेट सोने जैसा वजन लगभग 0.947 ग्राम, एक सोने जैसा सिकड़ी वजन लगभग 0.850 ग्राम, एक सिकड़ी उजला एवं पीला सोने जैसा वजन लगभग 0.676 ग्राम, दो सोने जैसा कान का कुंडल जिसमें पंख लगा हुआ है वजन 4.462 ग्राम, सात चूड़ी सोने जैसा सुनहले रंग का जिसका वजन 2.914 ग्राम, एक कान का कुंडल सफेद रंग का देश में सफेद रंग का स्टोन जरा हुआ वजन 0.133 ग्राम, एक कान का टॉप्स सुनहले रंग का सोने जैसा जिस पर सफेद रंग का स्टोन सात नग जड़ा हुआ वजन लगभग 0.171 ग्राम, एक अंगूठी सुनहले रंग का जिस पर सफेद रंग का स्टोन जड़ा हुआ वजन लगभग 0.131 ग्राम, चार सोने जैसा नाक का छुछी एवं कील एवं अन्य चांदी का सिक्का एवं छोटा-छोटा गहना बरामद किया गया। गठित टीमों में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष नगर बेतिया राकेश कुमार भास्कर, पुलिस अवर निरीक्षक मुमताज आलम, अनिरुद्ध कुमार पंडित, हीरालाल यादव, स.अ.नि. पंकज कुमार सिंह, सिपाही विकास कुमार एवं अन्य सशस्त्र बल शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री के जन्म उत्सव पर भाजपा नेताओं ने कोसी नदी की साफ सफाई के साथ किया आरती

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के लेकर भाजपा 17 सितंबर से लेकर 07 अक्टूबर तक जिला स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी के तहत भाजपा की तरफ से नदियों को नमामि गंगे के तहत साफ सुथरा करते नदियों के तट पर दीप प्रज्वलित करने का कार्यक्रम रखा गया है। इसी कड़ी में भाजपा सहकारिता मंच की तरफ से शुक्रवार की शाम कोसी नदी के तट पर साफ-सफाई कर दीप जलाया गया। इस कार्यक्रम में अररिया सांसद प्रदीप सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अलावे मंच के संयोजक उमेश कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष लक्खी महतो, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, विधान पार्षद अशोक अग्रवाल मौजूद थे। इस कार्यक्रम के आयोजक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर कई कार्यक्रम भाजपा की ओर से आयोजित किए जा रहे हैं इसी कड़ी में सहकारिता मंच की ओर से कोसी नदी में साफ सफाई कर संध्या दीप प्रज्वलित कर आरती कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के कई नेता पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए आरती के माध्यम से प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, दिलीप वर्मा, मिथिलेश सिंह, दिलीप मंडल, राजेंद्र पासवान, साधु ऋषि, अशोक गुप्ता एवं जदयू समाज सुधार सेनानी के प्रदेश उपाध्यक्ष हीरालाल राही जिला अध्यक्ष * दत्ता मीडिया प्रभारी राजीव रंजन सहित एनडीए के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

## साठी थाना परिसर में मनाई गई गांधी की 152वीं जयंती

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। साठी महात्मा गांधी की ऐतिहासिक कर्मभूमी साठी में शनिवार को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी थाना परिसर में महात्मा गांधी की 152वीं जयंती धूमधाम व उल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर साठी थाना परिसर में गांधी पर आधारित एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार रहे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार कर रहे थे। गांधी जयंती के अवसर पर आधारित कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व साठी थानाध्यक्ष उदय कुमारऔरआगत अतिथियों ने गांधी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कीया गया। महात्मा गांधी की जीवनी पर आधारित संगोष्ठी का विधिवत संचालन थानाध्यक्ष उदय कुमार ने कीया। गांधी जयंती के अवसर पर थानाध्यक्ष उदय कुमार ने महात्मा गांधी की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी महान थे। जिन्होंने सत्य व अहिंसा को हथियार बनाकर देश को आजादी दिलायी। आज उनकी जयंती पूरे विश्व में अहिंसा दिवस के रूप में मनाई जाती है। गांधी के आदर्शो पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# सितंबर में मारुति सुजुकी, बजाज ऑटो, एस्कॉर्ट्स की बिक्री घटी

## निसान, टोयोटा किर्लोस्कर और एमजी मोटर में तेजी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बजाज ऑटो ने कहा कि उसकी घरेलू बिक्री इस साल सितंबर में 16 प्रतिशत घटकर 1,92,348 इकाई रह गई। उसने पिछले साल सितंबर में कुल 2,28,731 वाहन बेचे थे। कंपनी की कुल बिक्री, जिसमें घरेलू बिक्री और निर्यात शामिल हैं, नौ प्रतिशत गिरकर 4,02,021 इकाई रह गई, जबकि सितंबर 2020 में यह आंकड़ा 4,41,306 इकाई था। दूसरी ओर टोयोटा किर्लोस्कर ने बताया कि सितंबर में उसकी घरेलू बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 9,284 इकाई रही। कंपनी ने सितंबर 2020 में 8,116 वाहन बेचे थे। कंपनी ने आगामी त्योहारी सत्र में मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। निसान ने कहा कि सितंबर में उसकी घरेलू थोक बिक्री तीन गुना बढ़कर 2,816 इकाई हो गई, जो पिछले साल के इसी महीने में 780 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने उसका निर्यात 5,900 इकाई रहा, जो सितंबर 2020 में 211 इकाई था। एस्कॉर्ट्स ने कहा कि सितंबर में कुल ट्रैक्टर बिक्री 25।6 प्रतिशत घटकर 8,816 इकाई रह गई। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसने पिछले साल इसी महीने में कुल 11,851 इकाइयां बेची थीं। एस्कॉर्ट्स ने पिछले महीने घरेलू बाजार में 7,975 ट्रैक्टर बेचे, जो सितंबर 2020 के 11,453 ट्रैक्टर के मुकाबले 30।4 प्रतिशत कम है। हालांकि, इस दौरान निर्यात में बढ़ोतरी देखने को मिली।

एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि अर्धचालक की कमी के कारण विनिर्माण संबंधी चुनौतियों के बावजूद सितंबर 2021 में उसकी खुदरा बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 3,241 इकाई रही। एमजी मोटर इंडिया ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 2,537 इकाइयों की बिक्री की थी। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की सेल में सितंबर 2021 में 34 फीसदी की गिरावट आई है। कंपनी ने कुल 86,380 इकाइयों की बिक्री दर्ज की। महीने में कुल बिक्री में 66,415 इकाइयों की घरेलू बिक्री 2,400 इकाइयों के अन्य ओईएम की बिक्री और 17,565 इकाइयों का निर्यात शामिल है। सितंबर 2021 में कंपनी की बिक्री की मात्रा इलेक्ट्रॉनिक घटकों की कमी के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई थी।

# बीते सप्ताह कमजोर वैश्विक संकेतों से शेयर बाजारों पर रहा दबाव

- सेंसेक्स 360.78 अंकों की गिरावट के साथ 58,765.58 पर बंद
- निफ्टी 86.10 अंक की गिरावट के साथ 17,532.05 पर बंद




**मुंबई, एजेंसी।** बीते सप्ताह कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजारों पर दबाव देखने को मिला। इसके साथ ही सेसेंक्स और निफ्टी की पांच सप्ताह की सरपट दौड़ पर लगाम लगता नजर आया। पिछले सप्ताह सेसेंक्स 1,282.89 अंक की गिरावट के साथ 58,765.58 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 321.2 अंक की गिरावट के साथ 17,532 के स्तर पर बंद हुआ। बीते सप्ताह के शेयर बाजारों के पांच कारोबारी सत्रों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 244.48 अंक की तेजी के साथ 60292.95 पर खुला और 29.41 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 60,077.88 पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 68.50 अंकों की बढ़त के साथ 17921.70 पर खुला और 1.90 अंक की तेजी के साथ 17,855.10 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 25.29 अंक की तेजी के साथ 60103.17 पर खुला और 410.28 अंकों की गिरावट के साथ 59,667.60 पर बंद हुआ। निफ्टी 17.10 अंकों की बढ़त के साथ 17872.20 पर खुला और 106.50 अंक की गिरावट के साथ 17,748.60 पर बंद हुआ।

बुधवार को सेंसेक्स 449.72 अंक की गिरावट के साथ 59,217.88 पर खुला और 254.33 अंकों की गिरावट के साथ 59,413.27 पर बंद हुआ। निफ्टी 121.80 अंकों की गिरावट के साथ 17,626.80 पर खुला और 37.30 अंक की गिरावट के साथ 17,711.30 के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 43.29 अंक की बढ़त के साथ 59,456.56 के स्तर पर खुला और 286.91 अंकों की गिरावट के साथ 59,126.36 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 8.10 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 17,719.40 पर खुला और 93.15 अंक की गिरावट के साथ 17,618.15 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 370 अंक गिरकर 58,750 पर खुला और 360.78 अंकों की गिरावट के साथ 58,765.58 पर बंद हुआ। निफ्टी 100 अंक गिरकर 17,510 पर खुला और 86.10 अंक की गिरावट के साथ 17,532.05 पर बंद हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल 25 और डीजल 30 पैसे तक महंगा

नई दिल्ली, एजेंसी। लगातार तीसरे दिन शनिवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में इजाफा किया गया है। पेट्रोल डीजल के दाम में हो रही बढ़ोत्तरी के चलते इस समय देश के सभी शहरों में ईंधन की कीमत सार्वकालिक उच्च स्तर पर है। कई शहरों में पेट्रोल 110 रुपये लीटर के पार हो गया है। सरकारी तेल कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल की कीमत 25 पैसे प्रति लीटर वहीं डीजल की कीमत 30 पैसे प्रति लीटर बढ़ा दी है। तेल कंपनियों ने सात दिनों में यह छठवां मौका है जब पेट्रोल डीजल के बढ़ाए हैं। तेल कीमतों को प्रभावित करने वाले क्रूड ऑयल की कीमत में कमी आने के बाद भी ईंधन के दाम कम होने में लंबा वक्त लग गया। केंद्र ने गुरुवार को प्राकृतिक गैस की कीमतों में भी 62 फीसदी का इजाफा किया है। देश की तीनों ऑयल मार्केटिंग कंपनी एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसी सुबह 6 बजे के बाद पेट्रोल डीजल की नई कीमत जारी करती है। नए कीमत के लिए वेबसाइट पर जाकर जानकारी हासिल की जा सकती है। 9224992249 नंबर पर एसएमएस भेजकर भी पेट्रोल डीजल के भाव के बारे में पता किया जा सकता है।

### भारतीय कंपनियों की ऋण स्थिति चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सुधरी: रेटिंग एजेंसियां

मुंबई, एजेंसी। कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर के बावजूद भारतीय कंपनियों की ऋण स्थिति में चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान मजबूत सुधार देखा गया। ज्यादातर रेटिंग कंपनियों ने भारतीय कम्पनियों में गिरावट की बजाय सुधार दशार्या। रेटिंग एजेंसियों के अनुसार कॉरपोरेट कंपनियों की स्थिति में सुधार मांग में तेजी और निरंतर सुधार को दशार्ती है। देश की तीन घरेलू रेटिंग एजेंसियों क्रिसिल रेटिंग्स, इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च और इक्रा रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान भारतीय कंपनियों के प्रदर्शन को लेकर अपनी-अपनी रिपोर्ट जारी की। क्रिसिल रेटिंग के अनुसार अप्रैल-सितंबर 2021 के बीच उसका ऋण अनुपात बढ़कर 2.96 गुना हो गया, जिसमें से 488 में सुधार और 105 में गिरावट हुई। वहीं इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने इस अवधि के लिए अपनी रिपोर्ट में 150 कंपनियों की स्थिति में सुधार और 49 की स्थिति में गिरावट दशार्या। इंडिया रेटिंग्स ने तुलना के लिए वित्त वर्ष 2022 और वित्त वर्ष 2019 के प्रदर्शन को जोड़ा है, क्योंकि वित्त वर्ष 2019-2020 और 2020-21 कोविड महामारी के कारण प्रभावित रहा। इसके अलावा इक्रा रेटिंग्स ने 303 कंपनियों की रेटिंग जारी की, जिसमे दस प्रतिशत कंपनियों की ऋण स्थिति में सुधार दर्ज किया गया।

### सितंबर में नौकरियों में 85 लाख की वृद्धि हुई: सीएमआईई

मुंबई, एजेंसी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) ने कहा कि सितंबर में रोजगार में 85 लाख की वृद्धि हुई, जिससे महीने के दौरान बेरोजगारी दर घटकर 6.9 प्रतिशत हो गई। इनमें वेतनभोगी नौकरियों में वृद्धि की प्रधानता रही। सीएमआईई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि महीने के दौरान नौकरियों में 85 लाख की वृद्धि हुई। बेरोजगारी दर अगस्त के 8.3 प्रतिशत से घटकर सितंबर में 6.9 प्रतिशत रह गई, जो 20 महीनों में या मार्च 2020 में कोविड-19 के प्रकोप के बाद से सबसे अधिक है। श्रम भागीदारी दर 40.5 प्रतिशत से बढ़कर 40.7 प्रतिशत हो गई और रोजगार दर 37.2 प्रतिशत से बढ़कर 37.9 प्रतिशत हो गई। विश्लेषण में कहा गया है कि सितंबर में रोजगार में वृद्धि की सबसे अच्छी बात वेतनभोगी नौकरियों में वृद्धि रही। इनमें 69 लाख की वृद्धि हुई है। वेतनभोगी नौकरियों में रोजगार सितंबर में बढ़कर 8.41 करोड़ हो गया, जो अगस्त में 7.71 करोड़ था। सभी प्रमुख व्यवसाय समूहों में, वेतनभोगी नौकरियों में सबसे बड़ी वृद्धि देखी गई। सितंबर में यह बड़ी छलांग वेतनभोगी नौकरियों को 2019-20 के उनके औसत के सबसे करीब लाती है, जो कि 8.67 करोड़ थी।

### सेबी ने राइट इश्यू को लेकर अनुपालन के लिए छूट बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय पूंजी बाजार नियामक सेबी ने 31 मार्च, 2022 तक खुलने वाले राइट्स इश्यू से जुड़े प्रकिया संबंधी नियमों के अनुपालन को लेकर कंपनियों के लिए छूट बढ़ा दी है। इश्यू ऑफ कैपिटल एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स नॉर्म्स के अनुसार राइट इश्यू के लिए आवेदन केवल एएसबीए (ऐप्लिकेशन सपोर्टेड बाई ब्लॉक्ड अमाउंट) प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। हालांकि, कोविड-19 महामारी के कारण और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी पात्र शेयरधारक ऐसे समय के दौरान राइट इश्यू के लिए आवेदन कर सकते हैं, सेबी ने मई 2020 में कहा था कि इश्यू जारी करने वाला, इश्यू के प्रमुख प्रबंधक, रजिस्ट्रार और अन्य मान्यता प्राप्त बिचौलियों के साथ शेयरधारकों के आवेदनों को स्वीकार करने के लिए एक वैकल्पिक तंत्र स्थापित करेगा। ऐसा यह सुनिश्चित करने के अधीन होगा कि किसी भी आवेदन के संबंध में किसी तीसरे पक्ष के भुगतान की अनुमति नहीं दी जाएगी। सेबी ने एक परिपत्र में कहा कि यह छूट अब और बढ़ा दी गई है और यह 31 मार्च, 2022 तक खुलने वाले राइट इश्यू पर लागू होगी।

# यश बैंक 6.7 फीसदी की किफायती दर पर देगा होम लोन

## महिलाओं को होम लोन पर विशेष छूट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** यस बैंक ने त्योहारी मौसम में अपने होम लोन ग्राहकों के लिए सीमित अवधि के खास ऑफर के तहत सिर्फ 6.7 फीसदी की दर की पेशकश की है। हाल में कई दूसरे सरकारी और निजी बैंकों ने भी होम लोन पर स्पेशल ऑफर्स पेश किए हैं। यस प्रीमियर होम लोन नाम से 90 दिन के लिए लॉन्च इस ऑफर के तहत बैंक 6.7 फीसदी की शुरूआती ब्याज दर पर होम लोन की पेशकश कर रहा है। इसके अलावा महिलाओं को लोन पर 0.05 फीसदी की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। यस बैंक ने होम लोन की अवधि भी 35 साल कर दी है। आम तौर पर होम लोन की अवधि 30 साल रखी जाती है। यस बैंक ने कहा कि वेतनभागी ग्राहक कम से कम पेपरवर्क के साथ किफायती मासिक किस्तों पर 35 साल की अवधि के लिए लोन ले सकते हैं। यह ऑफर प्रॉपर्टी की खरीदारी और दूसरे लेंडर्स से होम लोन बैलेंस ट्रांसफर कराने पर भी लागू है।

यस बैंक की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक बैंक अभी 8.95 से 11.80 फीसदी की दर पर होम लोन की पेशकश कर रहा है। ऐसे में मौजूदा ऑफर के तहत ग्राहकों को करीब 2.25 फीसदी कम ब्याज दर पर होम लोन मिल जाएगा। सितंबर 2021 में कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों ने होम व कार लोन पर ब्याज दरें घटाने का ऐलान किया था। इनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक और पंजाब नेशनल बैंक शामिल हैं। माना जा रहा है कि फेस्टिवल सीजन के दौरान रियल एस्टेट सेक्टर में फिर बहार लौटेगी और घरों की बिक्री में इजाफा दर्ज किया जाएगा। इसी को देखते हुए ज्यादातर बैंक ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को लुभाने के लिए तरह-तरह के ऑफर पेश कर रहे हैं।

# बैंक ऑफ बड़ौदा सस्ते घर कर रहा नीलाम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) एक खास ऑफर लेकर आया है, जिसमें आपको सस्ते में घर खरीदने का मौका मिल रहा है। बीओबी प्रापर्टी की नीलामी करने जा रहा है। जो 08 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। बता दें ये वो प्रापर्टी हैं जो डिफॉल्ट की लिस्ट में आ चुकी हैं। इसमें रेसिडेंशियल, कॉमर्शियल, इंडस्ट्रियल, एग्रीकल्चर प्रापर्टी शामिल हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडिल पर ट्वीट करके इस बारे में जानकारी दी है। बैंक ने ट्वीट में लिखा कि 08 अक्टूबर, 2021 को मेगा ई ऑक्शन किया जाएगा। इसमें आवासीय और वाणिज्यिक संपत्ति की ई नीलामी की जाएगी। आप यहां पर उचित मूल्य पर प्रापर्टी खरीद सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के मेगा ई ऑक्शन के लिए इच्छुक बिडर को ई-बीकेआरएवाय पोर्टल एचटीटीपीएसः//आईबीएपीआईडाटइर पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इस पोर्टल पर बिडर्स रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करने के बाद मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के जरिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा। बिडर को जरूरी केवायसी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। दस्तावेज ई-नीलामी सर्विस प्रोवाइडर द्वारा वेरिफाई किए जाएंगे। बता दें जिन भी प्रापर्टी के मालिकों ने उनका लोन नहीं चुकाया है। ये किसी कारणवश नहीं दे पाएं हैं। उन सभी लोगों की जमीन बैंकों के द्वारा अपने कब्जे में ले ली जाती हैं। बैंकों की ओर से समय-समय पर इस तरह की प्रापर्टी की नीलामी की जाती है। इस नीलामी में बैंक प्रापर्टी बेचकर अपनी बकाया राशि वसूल करता है।


# दिल्ली एनसीआर में सीएनजी और पीएनजी हुई महंगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने दिल्ली एनसीआर में सीएनजी और पीएनजी की कीमत बढ़ा दी है। इसके पहले सरकार ने प्राकृतिक गैस के दाम 62 फीसदी तक बढ़ाए थे। दिल्ली में सीएनजी 2.28 रुपए प्रति किलो महंगी हुई। वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी 2.55 रुपए प्रति किलो महंगी हुई। बढ़े हुए दाम 2 अक्टूबर सुबह 6:00 बजे से लागू होंगे। नई बढ़ोतरी के बाद अब दिल्ली में सीएनजी की कीमत 47.48 रु प्रति किलो है। वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी 2.55 रुपए प्रति किलो महंगी हुई। नोएडा, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा में सीएनजी की नई कीमत 53.45 रु प्रति किलो हो गई है। ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि पीएनजी और सीएनजी के दाम में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। वैसे अप्रैल 2019 के बाद ये प्राकृतिक गैस में पहली बढ़ोतरी थी। ये दाम भी इसलिए बढ़े क्योंकि मानक माने जाने वाले अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी आ गई थी।

# नेटफ्लिक्स ने लांच किए पांच नए मोबाइल गेम

## चुनिंदा यूरोपीय बाजारों में लांच हुए ये गेमिंग टाइटल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच नए मोबाइल गेम नेटफ्लिक्स कंपनी ने लॉन्च कर दिए हैं। ये गेमिंग टाइटल चुनिंदा यूरोपीय बाजारों में लॉन्च किए गए हैं। साथ ही नेटफ्लिक्स ने अपने यूजर्स के लिए मोबाइल गेम्स लाने की अपनी योजना की भी शुरूआत कर दी है। नेटफ्लिक्स का ये कदम स्ट्रीमिंग दिग्गज द्वारा अपने राजस्व स्त्रोतों में विविधता लाने का एक प्रयास है, क्योंकि दिन-ब-दिन स्ट्रीमिंग बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है। इन पांच नए गेम लॉन्च करने के अलावा नेटफ्लिक्स ने भविष्य में इस तरह की और परियोजनाओं पर काम करने के लिए वीडियो गेम निमार्ता नाइट स्कूल स्टूडियो को भी खरीद लिया है।

बता दें कि ये नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी तरह का पहला टेकओवर है, जो स्पष्ट रूप से कंपनी के गेमिंग स्पेस को आगे बढ़ाने के इरादों को दशार्ता है। नाइट स्कूल स्टूडियो एक अमेरिकी वीडियो गेम डेवलपर है, जिसे 2014 में स्थापित किया गया था। ये अपने डेब्यू टाइटल, ह्लऑक्सनफ्रीह्व, अ सपरनैचुरल थ्रिलर गेम के लिए जाना जाता है। स्टूडियो के गेम सोनी प्लेस्टेशन, माइक्रोसाफट एक्सबाक्स, नीन्टेंडो स्विच और कंप्यूटर पर पहले से ही उपलब्ध हैं। नाइट स्कूल स्टूडियो द्वारा गेम्स को चुनिंदा क्षेत्रों में नेटफ्लिक्स मेंबरशिप के हिस्से के रूप में शामिल किया जाएगा, जैसा कि कंपनी ने हाल में जारी एक नोट में इसकी पुष्टि की है। इसका मतलब है कि मौजूदा और नेटफ्लिक्स के नए सदस्य बिना किसी विज्ञापन या इन-ऐप खरीदारी के उन्हें मुफ्त में खेल सकेंगे। नाइट स्कूल स्टूडियो द्वारा भविष्य के गेम भी नेटफ्लिक्स की पेशकशों में सबसे पहले होने की संभावना है, जो मोबाइल तक सीमित नहीं होंगे। हाल के टेकओवर के साथ ही नेटफ्लिक्स ने कुछ यूरोपीय क्षेत्रों में पांच नए गेमिंग टाइटल्स भी लॉन्च किए। इस टाइटल्स का नाम है- स्ट्रेंजर थिंग्सः 1984, स्ट्रेंजर थिंग्स 3ः द गेम, कार्ड ब्लास्ट, टीटर अप और शूटिंग हुप्स। ये गेम नेटफ्लिक्स यूजर्स के लिए स्पेन और इटली में एंड्रॉइड डिवाइस पर उपलब्ध होंगे। वहीं, दो स्ट्रेंजर थिंग्स गेम पोलैंड में पहले से ही उपलब्ध हैं। नेटफ्लिक्स का कहना है कि अपने एक्सक्लूसिव गेम्स कलेक्शन के लिए वो दुनिया भर के डेवलपर्स के साथ काम करना जारी रखेगा। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि नेटफ्लिक्स गेम्स के जरिए इस प्रतियोगिता में कैसे बढ़त हासिल करता है।

जैसा कि एक रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि ये गेम्स ऐप पर आपके नियमित नेटफ्लिक्स शो की तरह काम नहीं करेंगे। किसी भी गेमिंग टाइटल्स पर क्लिक करने से यूजर्स गूगल प्ले स्टोर पर रीडायरेक्ट हो जाएंगे, जहां से वे गेम डाउनलोड और इंस्टॉल कर सकते हैं। एक बार इंस्टॉल हो जाने पर गेम को नेटफ्लिक्स ऐप के माध्यम से आसानी से एक्सेस किया जा सकता है। हालांकि, नेटफ्लिक्स अभी भी आपको गेमिंग ऐप पर रीडायरेक्ट करेगा और इसे अपने एंड्रॉइड ऐप के अंदर नहीं चलाएगा।

# इस साल 60 लाख टन चीनी निर्यात की उम्मीद: इस्मा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार की वित्तीय सहायता और बेहतर मांग से भारत का चीनी निर्यात पिछले महीने समाप्त होने वाले 2020-21 के विपणन वर्ष में 20 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख टन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। विपणन वर्ष 2019-20 अक्टूबर-सितंबर में चीनी का निर्यात 59 लाख टन का हुआ था। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार से शुरू हुए 2021-22 के विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 3.1 करोड़ टन रहने का अनुमान है। 85 लाख टन चीनी का शुरूआती स्टॉक मिलाकर चीनी की कुल उपलब्धता 3.95 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है। इस्मा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घरेलू खपत 2.65 करोड़ टन होना अनुमानित है, जबकि निर्यात 60 लाख टन होने का अनुमान है, इस विपणन वर्ष के अंत में समापन स्टॉक 70 लाख टन होगा। भारत में 2009-10 तक चक्रीय चीनी उत्पादन देखा गया था, लेकिन भारत अब पिछले 10 वर्षों में संरचनात्मक अधिशेष चीनी उत्पादक देश बन गया है। इथेनॉल के बारे में कहा कि वार्षिक उत्पादन क्षमता वर्ष 2018 के 3.5 अरब लीटर की वार्षिक क्षमता से बढ़कर वर्ष 2025 तक 14 अरब लीटर तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक 60 लाख टन अधिशेष चीनी को इथेनॉल में बदलने का लक्ष्य है। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 3.25 अरब लीटर की आपूर्ति के साथ नवंबर में समाप्त होने वाले 2020-21 इथेनॉल विपणन वर्ष में सम्मिश्रण का स्तर 8.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।

# नोकिया टी20 टैबलेट जल्द होगा लॉन्च

## नए टैबलेट के लॉन्च की तारीख कर दी अनाउंस





**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोकिया ने अपने नए टैबलेट के लॉन्च की तारीख ऑफिशियली अनाउंस कर दी है एचएमडी ग्लोबल कंपनी 6 अक्टूबर को नोकिया के नए टैबलेट को लॉन्च करने वाली है। ये एचएमडी ग्लोबल का नोकिया के लिए पहला टेबलेट होगा। ये टैब साल 2014 के बाद नोकिया के लिए पहला टैबलेट है। इस टीजर से टैबलेट के फीचर्स के बारे में तो ज्यादा कुछ नहीं पता चला लेकिन इसमें इसकी झलक जरूर दिखाई दे रही है।

खबरों की मानें तो इस टैबलेट का नाम नोकिया टी 20 हो सकता है। ट्विटर पर 6 अक्टूबर को टैबलेट के लॉन्च के बारे में ट्वीट किया। यह लॉन्च एक वर्चुअल इवेंट होगा और हो सकता है की इस नए टैबलेट के साथ नोकिया अपने नए हैंडसेट का भी लॉन्च करे। टीजर में कंपनी ने 2017 के नोकिया 3310 फोन के साथ टैबलेट की साइड प्रोफाइल दिखाई है। ट्वीट की गई फोटो में इसके डिजाइन की झलक मिल रही है। इस टैबलेट में एक फ्लैट फ्रेम, राउंड एजेज और गहरे रंग की फिनिशिंग है। नोकिया टी20 टैबलेट के दो वेरिएंट में आएगा। इसके वाई-फाई वाले वेरिएंट की कीमत 185 पाउंड (लगभग 18,600 रुपये) जबकि वाई-फाई के साथ वाले सेल्युलर वेरिएंट की कीमत 202 पौंड (लगभग 20,300 रुपये) हो सकती है।

माना जा रहा है कि नोकिया टी20 टैबलेट का टचस्क्रीन डिस्प्ले 10.36-इंच का हो सकता है और इसमें 4जीबी रैम और 64जीबी की ऑनबोर्ड स्टोरेज होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस टैबलेट का कलर ऑप्शन ब्लू हो सकता है। यह डिजाइन इस साल की शुरूआत में नोकिया टी20 नाम से लीक हुए टैबलेट के डिजाइन से मिलता जुलता है। सबसे पहले इस टैबलेट की जानकारी जुलाई में मिली थी, तब इसकी कीमत ऑनलाइन लीक हो गयी थी।

# विश्व बैंक तमिलनाडु को 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर ऋण देगी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने चेन्नई को एक विश्व स्तरीय शहर बनाने के तमिलनाडु के विजन को साकार करने के लिए 15 करोड़ डॉलर (करीब 1,112 करोड़ रुपए) के कार्यक्रम को मंजूरी दी है। इसके अलावा विश्व बैंक ने मेघालय के लिए चार करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 296 करोड़ रुपए) की परियोजना को अपनी मंजूरी दे दी है, जो राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करेगी और कोविड-19 महामारी सहित स्वास्थ्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए राज्य की क्षमता को मजबूत करेगी। विश्व बैंक ने कहा कि 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर का 'चेन्नई सिटी पार्टनरशिपः सस्टेनेबल अर्बन सर्विसेज प्रोग्राम' संस्थानों को मजबूत करने, सेवा एजेंसियों की वित्तीय स्थिति में सुधार करने और चार प्रमुख शहरी सेवाओं जल आपूर्ति और सीवरेज, परिचालन, स्वास्थ्य, और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार लाने में मदद करेगा। चेन्नई महानगर में लगभग 1.9 करोड़ लोग रहते हैं, जो भारत का चौथा सबसे अधिक आबादी वाला महानगरीय क्षेत्र है।

## तीन हॉकी खिलाड़ियों ने खेल को अलविदा कहा, युवाओं को मौका देने की कवायद या कुछ...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के राष्ट्रीय खेल हॉकी की पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी स्ट्राइकर एसवी सुनील ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी से अलविदा कह दिया है। इसके साथ ही 14 वर्ष के उनके सुनहरे करियर पर भी विराम लग गया। इससे एक दिन पहले ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह और डिफेंडर बीरेंद्र लाकड़ा ने संन्यास की घोषणा की थी। रूपिंदर और लाकड़ा टोक्यो ओलिंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य थे। कर्नाटक के 32 वर्ष के सुनील टोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे। सुनील ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करने की कवायद में उन्होंने यह फैसला लिया है। सुनील ने 264 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर 72 गोल किए। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'ब्रेक लेने का समय है। भारत के लिए खेलते हुए 14 साल से ज्यादा हो गए। अगले सप्ताह से शुरू हो रहे राष्ट्रीय शिविर के लिए उपलब्ध नहीं हूं। विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि इन खिलाड़ियों को बता दिया गया था कि अगले सप्ताह से बेंगलुरू में शुरू हो रहे राष्ट्रीय शिविर में उन्हें जगह नहीं मिलेगी।

सुनील ने कहा, 'यह आसान फैसला नहीं था, लेकिन उतना कठिन भी नहीं था, चूंकि मैं टोक्यो ओलिंपिक के लिए टीम में जगह नहीं पा सका था, इससे एक खिलाड़ी के तौर पर 11 खिलाड़ियों के प्रारूप में मेरे भविष्य पर भी सवाल उठ गए थे। पेरिस ओलिंपिक में तीन ही साल बचे हैं और मुझे लगता है कि सीनियर खिलाड़ी होने के नाते मेरे लिए यह जरूरी है कि युवाओं के लिए मार्ग प्रशस्त करूं और भविष्य के लिए विजयी टीम बनाने में मदद करूं।' कुर्ग के रहने वाले इस अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी ने 2007 में एशिया कप में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था। दो बार ओलिंपिक खेल चुके सुनील भारत की फॉरवर्ड पंक्ति का अहम हिस्सा रहे। वह 2011 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण और 2012 में रजत पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे।

सुनील ने 2014 इंचियोन एशियाई खेलों और 2018 में जकार्ता में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। वह 2015 एफआईएच विश्व लीग फाइनल में कांस्य जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे और 2017 में भुवनेश्वर में इसी टूर्नामेंट में कांस्य जीतने वाली टीम में भी थे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोबम ने सुनील को बधाई देते हुए कहा, 'एसवी सुनील युवा हॉकी खिलाड़ियों की पूरी पीढी के प्रेरणास्त्रोत हैं। खेल के लिए उनका समर्पण और अनुशासन अतुलनीय है। उन्होंने भारत के लिये यादगार प्रदर्शन किया है।'

## मॉर्गन के फीके प्रदर्शन पर आकाश चोपड़ा ने शाकिब अल हसन को केकेआर की कमान सौंपने का सुझाव दिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल-2021 के सेकेंड हाफ में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान ऑयन मॉर्गन के बल्ले के फीके प्रदर्शन से लोग खुश नहीं हैं। मॉर्गन ने 4 मैच में सिर्फ 17 रन बनाए हैं। वो एक बार भी 10 रन का आंकड़ा नहीं पार कर पाए हैं। बल्ले से उनके इस फीके प्रदर्शन को देखते हुए आकाश चोपड़ा ने केकेआर को सुझाव दिया है। आकाश का मानना है कि इस समय कोलकाता के टीम मैनेजमेंट को मॉर्गन की जगह शाकिब अल हसन को टीम का कप्तान बना देना चाहिए।

आकाश ने कहा कि मैं मॉर्गन के बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं और टीम पर प्लेऑफ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने ट्वीट किया कि मुश्किल दौर में आपको कड़े कदम उठाने पड़ते हैं। क्या केकेआर बाकी बचे मैचों के लिए शाकिब को कप्तान बनाने पर विचार कर सकता है? शाकिब अपनी बल्लेबाजी के साथ-साथ कुछ ओवर भी फेंक सकते हैं। मेरे मन में मॉर्गन के खिलाफ कुछ भी नहीं है, लेकिन अगर रन नहीं आ रहे हैं, तो वो बस में नहीं हैं। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ भी ऐसा हो सकता है। कोलकाता नाइट राइडर्स इस समय आईपीएल के प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है। दो बार के आईपीएल चैंपियन ने 12 मैचों में से 5 जीते हैं। एक दिन पहले पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मुकाबले में उसे हार का सामना करना पड़ा। जबकि केकेआर ने 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। इसके बावजूद पंजाब ने 5 विकेट खोकर इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। केकेआर के अभी भी आईपीएल के लीग चरण में दो और मैच बाकी हैं। उसे 3 अक्टूबर को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ना है। हैदराबाद पहले ही लीग से बाहर हो चुकी है। वहीं, 7 अक्टूबर को केकेआर का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से है। केकेआर को अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए हर हाल में यह दोनों मैच जीतने होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### भविष्य में पर्वतारोहण का अभियान जारी रहेगा : ताशी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला पर्वतारोही ताशी मलिक और नुंगशी मलिक बहनें स्विट्जरलैंड वुमैन पीक चैलेंज के तहत 'स्विस एल्प्स' पर्वतमाला पर 4000 मीटर (13,000 फीट) की दो चोटियों पर पहुंचने से बेहद उत्साहित हैं। इन दोनों ने ही इस अनुभव को बेहतरीन करार दिया और कहा कि भविष्य में वे भी इस तरह पर्वतारोहण के अपने अभियान जारी रखेंगी। इन दोनों को 'एवरेस्ट ट्विन्स' के नाम से भी जाना जाता है। देहरादून की मलिक बहनों ने कहा, ''हमने इस चैलेंज का पर्वतारोहण पूरा किया है। हमने तीन दिन में तीन पर्वत एलाहिनहोर्न (13,212 फीट), ब्रेथोर्न (13,662 फीट) और रिफेलहोर्न (9603 फीट) को जीता है।' ये दोनों दुनिया की सात ऊंची चोटियों की चढ़ाई करने वाली पहली जुड़वा बहनें हैं। उन्होंने कहा, 'हमने इसके बारे में केवल सपना देखा था पर अंत में हम स्विट्जरलैंड में सिर्फ महिलाओं के इस अभियान में पर्वतों की चढ़ाई करने में सफल रहे। यह हमारे लिये बहुत ही शानदार अनुभव था।'

### मजबूत वापसी करना बहुत मायने रखता है : धोनी

शारजाह, एजेंसी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने यहां गुरुवार को आईपीएल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को हराने के बाद कहा कि यह बहुत मायने रखता है, क्योंकि पिछली बार हमने कहा था कि हम मजबूती वापसी करना चाहते हैं। धोनी ने मैच के बाद कहा, 'हम इसके लिए जाने जाते हैं और बहुत कुछ दांव पर लगा था। आप हमेशा मैच नहीं जीतेंगे और पिछले सीजन काफी कुछ हमारे पक्ष में नहीं गया था। यह महत्वपूर्ण है कि बहाने न बनाएं और हमने इन चीजों से सबक लेकर इस साल हमने अच्छा किया है। खिलाड़ियों ने गति को बनाए रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने खेल के सभी विभागों को संतुलन में रखने की जिम्मेदारी ली है, इसलिए खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को श्रेय जाता है। विकेट पर उछाल अलग था, गेंद घुटने की ऊंचाई के बजाय छाती की ऊंचाई पर आ रही थी और एक बार जब बल्लेबाजों ने यह समझ लिया कि उन्हें सीधा शॉट ही लगाना है तो वे सफल हुए।' सीएसके के कप्तान ने कहा, 'गेंदबाजों ने गेंद को आगे स्विंग करने की कोशिश की और जब उन्होंने इसे बहुत आगे डाला तो उन्हें सीधे शॉट लगे, लेकिन बाद में वे बहुत अच्छी तरह से एडजस्ट (समायोजित) हो गए। मैंने गेंदबाजों से कहा था कि उन्हें आज के खेल में परिस्थितियों का फायदा उठाने की जरूरत है। अगर शुरूआत में सामान्य गेंद रुक कर आई तो बाद में अच्छे से बल्ले पर आने लगी।

## पंड्या पर गेंदबाजी के लिए दबाव बनाना हो सकता है नुकसानदेह : जयवर्धने

**शारजाह, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के कोच महेला जयवर्धने ने कहा है कि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों में गेंदबाजी कराना नुकसानदेह साबित हो सकता है। जयवर्धने के अनुसार इससे पंड्या को टी20 विश्वकप में नुकसान हो सकता है। इसलिए उनपर गेंदबाजी के लिए दबाव नहीं बनाया जा सकता है। इसी कारण आईपीएल के दूसरे चरण के पहले दो मैचों में नहीं खेलने के बाद मुंबई इंडियंस ने हार्दिक को अगले मैचों में केवल बल्लेबाजी के लिए ही उतारा था।

इससे टी20 विश्व कप टीम में उनके चयन पर भी सवाल उठने लगे जिसपर मुख्य चयनकर्ता ने कहा कि हार्दिक 17 अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में होने वाले टूर्नामेंट में गेंदबाजी करने के लिये पूरी तरह से फिट हैं। वहीं जयवर्धने ऐसा नहीं मानते और उन्होंने कहा कि मुंबई इंडियंस इस मामले में भारतीय टीम प्रबंधन के साथ संपर्क में बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हार्दिक ने काफी समय से गेंदबाजी नहीं की है, इसलिए हम हार्दिक के लिए सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास कर रहे हैं। हम हार्दिक के मामले में भारतीय टीम प्रबंधन से लगातार संपर्क में हैं। वह आईपीएल में गेंदबाजी करेगा या नहीं, हम प्रत्येक दिन के आधार पर इसका फैसला करेंगे। मुझे इस समय लगता है कि अगर हम अभी उसपर गेंदबाजी करने के लिये ज्यादा जोर देंगे तो उसके शरीर पर दबाव आ सकता है। हार्दिक साल 2019 में पीठ की सर्जरी से वापसी के बाद अधिक गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। हालांकि मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के दौरान उन्होंने नियमित रूप से गेंदबाजी की थी पर आईपीएल में वह गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं।

## प्रथम पेफी अखिल भारतीय ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट-2021 का आयोजन 6 अक्टूबर से




**नोएडा।** ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा उत्तर प्रदेश, शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन (यूपीसीएसए) के तत्वावधान में प्रथम पेफी अखिल भारतीय ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट-2021 का आयोजन किया जा रहा है। यह शतरंज टूर्नामेंट 6 अक्टूबर 2021 को उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगा और 8 अक्टूबर 2021 को समापन समारोह के साथ समाप्त होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए पेफी के राष्ट्रीय सचिव डॉ.पीयूष जैन ने बताया कि हमें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि यह पहला वर्चुअल शतरंज टूर्नामेंट है जिसका आयोजन पेफी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। डॉ पीयूष ने कहा कि जीआईआईएस, नोएडा द्वारा नवोदित शतरंज खिलाड़ियों की क्षमता को निखारने और सामने लाने की करने के लिए सार्थक पहल की गई है। यह टूर्नामेंट वास्तव में शतरंज खिलाड़ियों के करियर में एक और मील का पत्थर साबित होगा। सभी मैच टोनेलो डॉट कॉम पर खेले जाएंगे। उन्होंने बताया कि जीआईआईएस, नोएडा, मेजबान स्कूल होने के नाते टूर्नामेंट विजेता छात्रों के लिए कई आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की है। नौ श्रेणियां हैं और सभी श्रेणियों में विजेताओं को प्रमाण पत्र, पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। ओपन कैटेगरी में विजेताओं को सर्टिफिकेट, मेडल और ट्रॉफी के साथ आकर्षक नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। छात्रों को सकारात्मक सुदृढीकरण प्रदान करने के लिए स्कूल द्वारा शीर्ष 20 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। इस आयोजन में जीआईआईएस, नोएडा के अलावा जीआईआईएस के अन्य भारतीय परिसर भी भाग ले रहे हैं। हमें और प्रविष्टियां प्राप्त होने की उम्मीद है क्योंकि प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 2 अक्टूबर 2021 है।

## महिला बिग बैश लीग से जुड़ने वाली सातवीं भारतीय क्रिकेटर बनी ऋचा घोष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय युवा विकेटकीपर ऋचा घोष आगामी महिला बिग बैश लीग से जुड़ने वाली देश की सातवीं क्रिकेटर बन गई जिन्होंने होबार्ट हरीकेंस के साथ करार किया। 18 साल की ऋचा घोष का यह लीग में पहला सीजन होगा। इससे पहले स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा (सिडनी थंडर्स), शेफाली वर्मा और राधा यादव (सिडनी सिक्सर्स), जेमिमा रौद्रिगेज और हरमनप्रीत कौर (मेलबर्न रेनेगाडेस) भी 2021 सीजन के लिए इस ऑस्ट्रेलियाई टी20 लीग से करार कर चुकी हैं।

इस सप्ताह अपना 18वां जन्मदिन मनाने वाली घोष ने पिछले साल त्रिकोणीय महिला टी20 सीरीज के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उनका टी20 में स्ट्राइक रेट 100 से ऊपर है। उन्होंने टीम की वेबसाइट पर कहा, 'मैं डब्ल्यूबीबीएल में खेलने को लेकर काफी उत्साहित हूं। मैं हरीकेंस को इस मौके के लिये धन्यवाद देना चाहती हूं और अपने नये साथी खिलाड़ियों से मिलने का इंतजार कर रही हूं।' घोष को लिजेले लिली की जगह शामिल किया गया है जिन्होंने लगातार खेलने, बबल और पृथकवास के कारण क्रिकेट से अनिश्चितकाल के लिये ब्रेक ले लिया है। ऋचा घोष ने भारत की तरफ से नौ टी20 और तीन वनडे मैचों में हिस्सा लिया है। उनके नाम वनडे में 126 और टी20 में 76 रन दर्ज है। पिछले महीने ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था।

25 साल की मंधाना इससे पहले डब्ल्यूबीबीएल में होबार्ट हरिकेंस और ब्रिसबेन हीट की ओर से खेल चुकी हैं। भारतीय खिलाड़ी हीथर नाइट की जगह लेंगी, जिन्होंने पिछले साल टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। नाइट ने डब्ल्यूबीबीएल के पिछले सीजन में 446 रन बनाने के साथ साथ 10 विकेट भी चटकाए थे। वह सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं। मंधाना ने हाल ही में खत्म हुई द हंड्रेड लीग में भी अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाया था। उन्होंने सदर्न ब्रेव टीम की तरफ से खेलते हुए 7 मैच में 167 रन बनाए थे। उन्होंने लीग में 2 अर्धशतक लगाए थे। स्मृति ने 81 टी20 में 121 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 1901 रन बनाए हैं।

## सेपियंस क्लब ने जीता आल इंडिया आरवी स्पोर्ट्स 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वैभव रावल (44) और राहुल दलाल (43) की शानदार बल्लेबाजी तथा प्रदीप सांगवान (2/20), प्रदीप पराशर (2/16) और विजन पांचाल (2/27) की बेहतरीन गेंदबाजी से सेपियंस क्लब ने अम्बिका एम्स्टर्डम क्लब को 22 रन से हराकर आल इंडिया आरवी स्पोर्ट्स 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। विजेता सेपियंस क्लब को इस जीत से दो लाख 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिली जबकि उपविजेता अम्बिका क्लब एक लाख 11 हजार रुपये मिले। सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार सतेंदर ठाकरान को तथा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार निहाल को मिला। यहां सेंट स्टीफंस मैदान पर खेले गए फाइनल में सेपियंस ने 20 ओवर में चार विकेट पर 142 रन बनाये जबकि अम्बिका क्लब की टीम सात विकेट पर 120 रन ही बना सकी। संक्षिप्त स्कोर :सेपियंस -20 ओवर में 4 विकेट पर 142 (वैभव रावल 44, राहुल दलाल 43 , सतेंदर ठाकरान 2/26) अम्बिका क्लब 20 ओवर में सात विकेट पर 120 (सारंग रावत नाबाद 27, प्रदीप सांगवान 2/20, प्रदीप पराशर 2/16, विजन पांचाल 2/27)

## अफगानिस्तान के हेड कोच लांस क्लूजनर ने की तालिबान की सराहना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद से वहां कि क्रिकेट टीम का भविष्य अधर में दिखाई दे रहा है। हालांकि अफगानिस्तान के हेड कोच लांस क्लूजनर ने तालिबान की तारीफ करते हुए कहा है कि वो क्रिकेट टीम को समर्थन दे रहे हैं और पूरी तरह टीम के साथ खड़े हैं। लांस क्लूजनर ने बताया कि टी20 वर्ल्ड कप 2021 के लिहाज से ये अफगानी टीम के लिए बहुत ही अच्छी खबर है। लांस क्लूजनर ने बातचीत में कहा, 'तालिबान क्रिकेट का समर्थन और उसका प्रसार कर रहा है। वो हमारी टीम से बहुत खुश हैं और वो चाहते हैं कि हम आगे बढ़ें। ये अफगानिस्तान के लिए बड़े बदलाव की तरह है। इसे अपने पांव पर खड़ा होने में थोड़ा समय लगेगा।' एक रिपोर्ट के मुताबिक अफगानिस्तान क्रिकेट टीम अब तालिबान के झंडे के तले खेलेगी लेकिन आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में इसकी इजाजत देने से इनकार कर रहा है। हालांकि लांस क्लूजनर को पूरी उम्मीद है कि अफगानी टीम टी20 वर्ल्ड कप 2021 में खेलती दिखेगी।

बता दें अफगानिस्तान की टीम को अबतक यूएई का वीजा नहीं मिला है। क्लूजनर ने बताया कि वो अपनी टीम के साथ एक महीने पहले ही यूएई में कैंप लगाना चाहते थे लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। क्लूजनर ने हालांकि इस बात पर खुशी जताई कि टीम के अहम खिलाड़ी टी20 लीग खेल रहे हैं और इससे टी20 वर्ल्ड कप के लिए अच्छी तैयारी होगी। बता दें अफगानिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए बेहद मजबूत टीम चुनी है। टीम में मोहम्मद शहजाद की वापसी हुई है। हालांकि टीम का ऐलान होते ही टी20 कप्तान राशिद खान ने पद छोड़ दिया था। अब मोहम्मद नबी को एक बार फिर टी20 वर्ल्ड कप में टीम की कमान सौंपी गई है।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए अफगानिस्तान की टीम- राशिद खान, रहमनुल्लाह गुरबाज, हजरतुल्लाह जजाई, उस्मान घानी, असगर अफगान, मोहम्मद नबी, नजीबुल्लाह जादरान, हशमतुल्लाह शाहिदी, मोहम्मद शहजाद, मुजीब उर रहमान, करीम जन्नत, गुलबदीन नईब, नवीन उल हक, हामिद हसन, शराफुद्दीन अशरफ, दौलत जादरान, शपूर जादरान और कायस अहमद

## एशेज 2021-22 स्पर्धा जरूर होगी, इंग्लैंड के जिस खिलाड़ी को नहीं आना तो वो ना आए : टिम पेन



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में सख्त कोविड-19 पाबंदियों के बावजूद भी एशेज 2021-22 स्पर्धा आयोजित होगी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन ने कहा कि अगर पारंपरिक विरोधी इंग्लैंड के कुछ खिलाड़ियों ने कोविड-19 पाबंदियों के कारण के लिए दौरा करने से इनकार कर दिया, तब भी दोनों देशों के बीच यह टेस्ट सीरीज आयोजित की जाएगी। एशेज को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि इंग्लैंड के कई खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में सख्त कोविड-19 पाबंदियों के बीच परिवार के सदस्यों के साथ यात्रा करने पर चिंता व्यक्त की हैं जिसमें टेस्ट कप्तान जो रूट भी शामिल हैं और यहां तक कि कुछ तो दौरे से हटने पर भी विचार कर रहे हैं। लेकिन पेन ने 'सेन होबार्ट' से कहा, 'एशेज आयोजित की जाएगी। पहला टेस्ट आठ दिसंबर से शुरू होगा, भले ही जो (रूट) यहां आए या नहीं।'

टिम पेन ने कहा, 'वे सभी आना चाहते हैं, इसमें कोई शक नहीं है। वे खुद को सर्वश्रेष्ठ संभावित परिस्थितियों में लाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन आखिर में हम सब भी ऐसा ही कर रहे हैं। 'इससे पहले रूट और इंग्लैंड की टीम के अन्य सदस्यों ने दौरे पर संशय व्यक्त किया था जिसमें उन्होंने कड़ी पाबंदियों में रहने की संभावना के बीच 'बायो-बबल की थकान' का हवाला दिया था। पेन ने कहा, इंग्लैंड के खिलाड़ियों के पास विकल्प है कि वे यहां आने के लिये फ्लाइट में बैठना चाहते हैं या नहीं। उन्होंने कहा, कोई भी किसी भी इंग्लैंड के खिलाड़ियों को यहां आने के लिए बाध्य नहीं कर रहा है। हम जिस दुनिया में रहते हैं, यह उसकी खूबसूरती है कि आपके पास विकल्प होता है। अगर आप नहीं आना चाहते तो मत आओ। पेन ने साथ ही इंग्लैंड के पूर्व स्टार केविन पीटरसन से कहा कि खिलाड़ियों को अपना फैसला खुद करने दें कि वे एशेज में खेलना चाहते हैं या नहीं।

उन्होंने कहा, वह (पीटरसन) हर चीज का विशेषज्ञ है, इसमें कोई शक नहीं है। पेन ने कहा, केव, इस पर फैसला खिलाड़ियों पर छोड़ दीजिए, उन्हें बोलने दीजिए। हमने एक भी इंग्लैंड के खिलाड़ी को यह कहते हुए नहीं सुना कि वे नहीं आ रहे हैं। पीटरसन ने हाल में ट्विटर पर ऑस्ट्रेलिया के पृथकवास नियमों की आलोचना की थी और कहा था कि खिलाड़ी बायो-बबल में रहकर थक गए हैं और साथ ही उन्होंने एशेज से पहले ऑस्ट्रेलिया में इन 'पृथकवास के नियमों' को हटाने की बात भी की थी।

## आईपीएल 2021: प्लेऑफ में प्रवेश के बाद सीएसके की योजना का खुलासा फ्लेमिंग ने किया



**शारजाह, एजेंसी।** आईपीएल प्लेऑफ में प्रवेश के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम की योजना का खुलासा टीम कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने किया। प्लेऑफ में जल्दी जगह पक्की करने से सीएसके को अपने वरिष्ठ खिलाड़ियों के वर्कलोड को मैनेज करने का मौका मिल गया है। लेकिन मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने साफ तौर पर कहा कि टीम प्रबंधन बहुत ज्यादा प्रयोग नहीं करेगा। चेन्नई सुपर किंग्स ने गुरूवार को सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराकर आईपीएल के प्लेऑफ में जगह बनाई थी। फ्लेमिंग ने कहा कि मैं लय को लेकर ज्यादा बात नहीं करता। हमें कुछ खिलाड़ियों के कार्यभार का बेहतर प्रबंधन करना होगा। हमारे पास एक दिन है और फिर अबुधाबी जाना है। फिर एक दिन है और मैच। ऐसे में हम बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को मौका दे सकते हैं। लेकिन ज्यादा प्रयोग नहीं होंगे। तीन बार की आईपीएल चैम्पियन टीम के अब 11 मैचों में 9 जीत के बाद 18 अंक है और प्लेऑफ में पहुंचने वाली वह पहली टीम है। पिछले साल चेन्नई की टीम पहली बार प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी थी और सातवें स्थान पर रही थी।

फ्लेमिंग ने कहा कि उन्होंने आखिरी मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया, जिससें इस सत्र में मजबूती से वापसी का आत्मविश्वास मिला। आखिर में हमने लगातार चार मैच जीते। टूर्नामेंट के पहले हाफ में काफी गलतियां हुई थी। हमारा फॉर्म खराब था और आत्मविश्वास गिरा हुआ था, लेकिन जिस तरह से आखिरी मैच खेले, हमें भरोसा हुआ कि फिर मजबूती से लौटेंगे। उन्होंने कहा कि हमने आत्ममंथन किया। भले ही हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं था लेकिन हम सेमीफाइनल में पहुंचने से एक जीत से ही चूक गए। इसके बावजूद हमने सकारात्मक माहौल बनाए रखा और यह सुनिश्चित किया कि हमारी सोच साफ रहे। सनराइजर्स के मुख्य कोच ट्रेवर बेलिस ने कहा कि उनके गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि गेंदबाजों ने हमें मैच में बनाये रखा। लगातार हार के बीच इस तरह के हालात में घुटने टेक देना आसान होता है। गेंदबाजों को पूरा श्रेय जाता है जिन्होंने हार नहीं मानी। यह सकारात्मक संकेत है।

## हॉकी इंडिया ने एसवी सुनील को उनके 13 साल के शानदार करियर के लिए दी बधाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी फॉरवर्ड एवं स्टार स्ट्राइकर एसवी सुनील को शुक्रवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ अपने 13 वर्ष के शानदार करियर को पूरा करने के लिए बधाई दी है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र निंगोमबम ने भारतीय हॉकी में योगदान के लिए एसवी सुनील को बधाई देते हुए कहा, 'एसवी सुनील युवा हॉकी खिलाड़ियों की एक पूरी पीढ़ी के लिए प्रेरणा रहे हैं। खेल और अनुशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बेजोड़ थी और उन्होंने भारतीय हॉकी को कुछ बहुत ही यादगार प्रदर्शन दिए हैं। हॉकी इंडिया की ओर से मैं उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई देता हूं। मैं उनके भविष्य के लिए भी उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।' उल्लेखनीय है कि अर्जुन पुरस्कार विजेता सुनील ने 2007 में एशिया कप में एक यादगार अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, जिसे भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर जीता था। तब से लेकर अब तक उनका करियर शानदार रहा और वह अंतरराष्ट्रीय हॉकी में भारत की अविश्वसनीय वृद्धि का हिस्सा रहे। दो बार के ओलंपियन बेहतरीन प्रदर्शन के साथ एक दशक से अधिक समय तक भारतीय फॉरवर्डलाइन का केंद्र बने रहे। वह एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के 2011 और 2012 संस्करण में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्हें 2014 इंचियोन एशियाई खेलों और 2018 जकार्ता-पालेमबांग एशियाई खेलों में भारतीय टीम के क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने का श्रेय दिया जाता है।

# एक्स्ट्रा बॉडी फैट कम करने के योगासन

वजन कम करने में सहायक है योगासन वजन कम करने के अलावा दिमाग को शांत रखने में करता है मदद इम्यून सिस्टम को भी बनता है मजबूत। आजकल हर लड़की बॉलीवुड एक्ट्रेस जैसा सुंदर दिखने के साथ-साथ स्लिम एंड फिट फिगर भी चाहती है। जाहिर है स्लिम फिगर में एक्सरसाइज और योगासन का अहम रोल है। लेकिन आलस या समय की कमी के कारण बहुत सी लड़कियां फिजिकल एक्टिविटी पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। इसक नतीजा यह होता है कि उन्हें मोटापे का सामना करना पड़ता है। खराब लाइफस्टाइल और एक्सरसाइज की कमी के कारण हिप्स, थाइज और बटक्स पर फैट जम जाता है। इससे आपकी बॉडी शेप खराब हो जाती है। अगर आप भी बॉलीवुड एक्ट्रेस की तरह स्लिम ड्रिम फिगर पाना चाहती हैं, तो हम आपको कुछ योगासन बता रहे हैं जिनका आपको रोजाना अभ्यास करना चाहिए। इससे आपको हिप्स, थाइज और बटक्स का मोटापा कम करने में मदद मिल सकती है।

**उत्कटासन :** इस आसन से हिप्स और थाइज की मसल्स का दर्द दूर होने के साथ उन्हें टोन मिलता है। इतना ही नहीं नियमित रूप से इस आसन को करने से इन हिस्सों की मसल्स को मजबूती भी मिलती है।

**वीरभद्रासन :** इस आसन से आपके पैरों पर काम होता है खासकर इनर थाइज में। इससे पैरों का फैट कम होता है और मसल्स मजबूत बनती हैं। सबसे खास बात एक ही समय में दोनों पैरों का वर्कआउट हो जाता है।

**नटराजासन :** इससे हिप्स पर काम होता है और उन्हें बेहतर शेप मिलती है। इससे थाइज की बहारी और आंतरिक मसल्स को मजबूती मिलती है। इतना ही नहीं इससे पेल्विक से लेकर पंजों तक काम आता है।

**नावासन :** यह एक बेहद सरल आसन है जिससे आपके एब्स और इनर थाई टोन होती है। इसे करने के लिए अपने हाथों से पैरों की उंगलियां पकड़ने की कोशिश करें। अधिक लाभ पाने के लिए इस स्थिति में जितनी देर संभव हो रहें।

**पुर्वोत्तासन :** इससे आपकी बाहरी जांघों पर काम होता है। इसके अलावा आर्म्स को स्ट्रेंथ और टोन करने में मदद मिलती है। इस मुद्रा में जब आप अपने पैर और हाथों के बल पर शरीर को ऊपर उठाते हैं तो इससे हैमस्ट्रिंग और ग्लट्स पर काम होता है।

**अधो मुख श्वानासन :** यह योगासन दिखने में आराम-दायक है लेकिन आपके शरीर के ऊपरी हिस्से के लिए काफी मुश्किल है। इसे करने के लिए पेट के बल जमीन पर सीधा लेट जाएं। अब हथेलियों और एड़ियों के बल पर अपने शरीर को ऊपर उठाएं।

**साइड फिर्स पोज :** इससे कोर के अलावा आपकी थाई और ग्लट्स की मसल्स पर भी काम होता है। इसे करने के लिए आपके एक हाथ फर्श पर और दूसरा हाथ उसकी सीध में ऊपर ले जाना होता है। ऐसा करने से आपको थाई में दबाव महसूस होगा।



## त्वचा की देखभाल के लिए घर पर बनाएं गुलाब जल



गुलाब जल एक सुगंधित जल होता है। इसे गुलाब की पंखुड़ियों से बनाया जाता है। ये अपने एंटी- इंफ्लेमेटरी गुणों के लिए जाना जाता है। ये त्वचा की जलन और त्वचा की स्थिति जैसे रोसैसिया, एक्जिमा और यहां तक कि अत्यधिक रूखेपन को शांत करने में मदद करता है। इसके अलावा, ये त्वचा के पीएच स्तर को बनाए रखने में भी मदद करता है। त्वचा के लाभों से भरपूर गुलाब जल को आप ब्यूटी रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**गुलाब जल –** कुछ ताजे गुलाब खरीदें, तने को काट लें और पंखुड़ियों को बाहर निकालना शुरू करें। इसके लिए आप कुछ ऑर्गेनिक रूप से उगाए गए गुलाबों का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो किसी भी कीटनाशक या केमिकल से रहित हों।

**इन्हें धो लें –** किसी भी तरह की गंदगी निकालने के लिए पंखुड़ियों को अच्छी तरह धो लें और फिर एक पैन में पानी डालें। इसमें पंखुड़ियों डालें। पानी इतना डालें कि पंखुड़ियां ढ़क जाएं।

**पैन गर्म करें –** अब पैन को ढककर धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक इसे पकाएं। इस प्रक्रिया में पंखुड़ियां अपना हल्का रंग छोड़ती है।

**पानी को छान लें –** ऐसे में पंखुड़ियां हल्की हो जाएगी। इसके बाद पानी को छान लें। आप पंखुड़ियों को दबा भी सकते हैं। इसे कुछ देर के लिए ठंडा होने दें और इसे लंबे समय तक चलने के लिए फ्रिज में रख दें।

**क्या होता है गुलाब जल**

गुलाब जल को गुलाब की पंखुडियों से डिस्टिलिंग करके बनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसकी शुरुआत ईरान से हुई थी। यहां गुलाब जल का इस्तेमाल खाना बनाने, स्किनकेयर, बालों की देखभाल और इत्र के लिए किया जाता रहा है। गुलाब जल एक नेचुरल एस्ट्रिंजेंट है। ये त्वचा के PH लेवल को रिस्टोर करने और संतुलित करने में मदद करता है। ये आपकी त्वचा को फ्रेश और ग्लोइंग रखता है।

**गुलाब जल के फायदे**

गुलाब जल में एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज होती हैं। ये त्वचा में जलन, मुहांसे, एक्जिमा को कम करने में मदद करती हैं। ये रूखी त्वचा को हाइड्रेट करने का काम करता है। इसके इस्तेमाल से आपकी स्किन हाइड्रेटेड, फ्रेश और मुलायम रहती है। गुलाब जल में एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा अधिक होती है। ये आपके चेहरे की झुर्रिया कम करने में मदद करता है। कोई भी फेस पैक बनाते समय आप 2 चम्मच गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये आपके चेहरे को हाइड्रेटड करता है। इससे आपका चेहरा ग्लोइंग भी रहता है।

## बरसात के दौरान चावल में कीड़ों से पाएं निजात

बारिश के मौसम में नमी के कारण कीड़े चावल में फंस जाते हैं। उसके चलते चावल खाने का मन नहीं करता। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आपको आसान उपाय बताए जा रहे हैं। अनाज और दाल को हवाबंद कंटेनर में ठंडी, सूखी जगहों पर स्टोर करने की सलाह दी जाती है। लेकिन, तमाम कवायद और सावधानी बरतने के बावजूद उसमें रेंगते हुए कीड़े दिखाई दे सकते हैं। बारिश के मौसम में नमी के कारण कीड़े चावल में फंस जाते हैं। उसके चलते चावल खाने का मन नहीं करता। यहां तक कि अगर आप उसे साफ करना चाहें, तो समय भी बहुत ज्यादा बेकार चला जाता है। इस समस्या से निजात के लिए आप सुझाई गई टिप्स को अपना सकते हैं।

**माचिस का बॉक्स रखें**

कीड़ों से चावल को बचाने के लिए माचिस से भरा बॉक्स चावल के बॉक्स के पास रखें। उसमें सल्फर होता है जो चावल को कीड़ों से रक्षा करने में मदद करता है। न सिर्फ चावल के लिए बल्कि आप इस तरीके को दूसरे प्रकार के अनाज को कीड़ों से बचाने के लिए भी अपना सकते हैं।

**लौंग रखें**

कीड़ों से चावल की रक्षा के लिए आप लौंग की मदद ले सकते हैं। इसके लिए चावल के बॉक्स में 10-15 लौंग को रखें। उससे दो फायदे होंगे, अगर कीड़े चावल में पाए गए, तो ये उसे दूर करेगा और अगर चावल में कोई कीड़ा नहीं हुआ, तो लौंग कीड़ों से चावल की रक्षा करने में भी मदद करेगा।

**फ्रिज में स्टोर करें**

अगर आप बहुत ज्यादा चावल नहीं लाते हैं, लेकिन घर में कम इस्तेमाल की वजह से फिर भी बच जाता है, तो आप उसे प्रिज में स्टोर कर सकते हैं। इसके लिए चावल को हवाबंद कंटेनर में भरें और उसे फ्रिज में रख दें। ये चावल को कीड़ों से दूर रखेगा।

**तेजपत्ता या नीम की पत्तियों को रखें**

कीड़ों से चावल की रक्षा के लिए 10-15 तेजपत्ते को चावल के बॉक्स में डालें। अगर ये घर में मौजूद नहीं है, तो आप उसके लिए नीम की पत्तियों का भी सहारा ले सकते हैं। ये दोनों चावल में कीड़ों को घुसने से रोकते हैं।



## घर के गार्डन में लगाएं स्नेक प्लांट

**हवा शुद्ध करने के साथ कैंसर जैसी बीमारी से भी बचाएगा**

अगर आप घर में इंडोर प्लांट लगाना चाहते हैं तो स्नेक प्लांट बेहतर विकल्प है। स्नेक प्लांट देखने में काफी खूबसूरत होता है, साथ ही इसमें कई ऐसे गुण होते हैं, जो हमारी सेहत को कई खतरनाक बीमारियों से बचा सकते हैं। स्नेक प्लांट खासतौर पर एशिया और अफ्रीका का पौधा है। इसे संसेविया ट्रिफ़सिआटा के नाम से भी जाना जाता है। स्नेक प्लांट के पत्ते ऊपर की तरफ बढ़ते हैं और सांप के फन की तरह नजर आते हैं, इसलिए इसे स्नेक प्लांट कहा जाता है। देखने में ये अर्टिफिशियल प्लांट की तरह नज़र आता है। खास बात ये है कि स्नेक प्लांट की देखरेख के लिए बहुत ज्यादा मेहनत की जरूरत नहीं होती। माना जाता है कि यदि आप स्नेक प्लांट को अपने घर में लगाते हैं तो कोई भी नकारात्मक शक्ति आपके घर में नहीं आती है। जानिए स्नेक प्लांट को घर पर लगाने के और क्या फायदे हैं।

**नेचुरल एयर प्योरीफायर**

तमाम स्टडीज बताती हैं कि स्नेक प्लांट हवा को शुद्ध करता है और हवा में मौजूद नमी को कम करता है। इसे लगाने से एयरबोन एलर्जी का रिस्क कम होता है। ये पौधा जिलीन, टोल्यून और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी हानिकारक तत्वों को तेजी से हटाता है। साथ ही ये रात में भी कार्बन डाइऑक्साइड को ऑक्सीजन में बदलने की क्षमता रखता है।

**एंटी-कैंसर पौधा**

स्नेक प्लांट कैंसर का रिस्क भी घटाता है। ये पौधा हवा में मौजूद विषैले पदार्थ और कैंसर का कारण का बनने वाले एजेंट्स को सोख लेता है। ऐसे में यदि आप अपने घर में स्नेक प्लांट रखते हैं तो ये आपको कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से बचाव में मदद करता है।

**बहुत देखरेख की जरूरत नहीं**

इस पौधे को लगाने में सबसे अच्छी बात ये है कि इसे बहुत देखरेख की जरूरत नहीं होती। इसे धूप और छाया कहीं भी रखा जा सकता है। इस पौधे को बहुत पानी की जरूरत नहीं होती है। हालांकि जरूरत से ज्यादा पानी डालने से ये खराब जरूर हो सकता है। दो से तीन हफ्तों में एक बार पानी देना पर्याप्त होता है। सर्दियों में इसे और भी कम पानी की जरूरत होती है। ऐसे में आप महीने में एक बार पानी दे सकते हैं। धूल या मिट्टी से बचाए रखने के लिए आपको इसकी पत्तियों को साफ करते रहना चाहिए।



## हार्ट को स्वस्थ रखेंगे ये ड्रिंक

गलत लाइफस्टाइल और उल्टा सीधा खानपान के चलते आज के समय में कम उम्र में ही लोग हार्ट संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं। हार्ट की बीमारी से बचने के लिए आपको अपने दिल का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी है। डाइट एक्सपर्ट डॉक्टर रंजना सिंह की मानें तो जो लोग मोटापे से ग्रस्ति हैं, उन्हें सबसे ज्यादा दिल की बीमारी होने का खतरा रहता है। दिल को चुस्त और दुरुस्त रखने के लिए कार्डियोवस्कुलर एक्सरसाइज के साथ ही हेल्दी डाइट लेना भी बेहद ही जरूरी है।



**ब्रोकली और पालक का जूस का सेवन**

ब्रोकली और पालक का जूस दिल को दुरुस्त रखने में भी काफी कारगर है। इन दोनों में कैरोटेनोइड्स नामक तत्व पाया जाता है, यह तत्व बैड कोलेस्ट्रॉल को कम कर, दिल को हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है। साथ ही यह जूस शरीर को डिटॉक्सीफाई भी करता है।

**खीरा और पुदीने का जूस का सेवन**

खीरा और पदुने के जूस का सेवन भी दिल को दुरुस्त रखने में मदद करता है, क्योंकि खीरा पाचन तंत्र को मजबूत करता है और पेट को ठंडा भी रखता है। साथ ही गर्मियों के मौसम में खीरा पानी की कमी को भी दूर करता है। इसमें मौजूद फाइबर कब्ज की समस्या से राहत दिलाते हैं। वहीं पुदीने में एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन ए और विटामिन के की अच्छी-खासी मात्रा होती है, इन दोनों चीजों को मिलाकर ड्रिंक का सेवन करना दिल के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**गाजर और चुकंदर का जूस का सेवन**

डाइट एक्सपर्ट डॉक्टर रंजना सिंह के अनुसार, चुकंदर में नाइट्रेट्स मौजूद होता है, जो निट्रिक ऑक्साइड में बदल जाता है। वहीं गाजर में भी नाइट्रेट की अच्छी-खासी मात्रा पाई जाती है। इन दोनों में मौजूद पोषक तत्व शरीर में ब्लड फ्लो को बेहतर करते हैं। गाजर में मौजूद बीटा-कैरोटीन ब्लड वेसेल्स को साफ करने में मदद करता है। ऐसे में गाजर और चुकंदर का जूस दिल के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

## आंखों को कमजोर होने से बचाने के लिए खाएं ये चीजें

**हरी सब्जियां**

अपनी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियों में आयरन की भरपूर मात्रा पायी जाती है, जो आंखों के लिए बहुत ही जरूरी है।

**गाजर**

गाजर का जूस पीना सेहत के लिए तो अच्छा है ही साथ ही आंखों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। रोजाना एक गिलास गाजर का जूस पीने से आंखों पर चढ़ा चश्मा तक उतर सकता है।

**बादाम का दूध**

सप्ताह में कम से कम तीन बार बादाम का दूध पिएं। इसमें विटामिन ई होता है जो कि आंखों में किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए फायदेमंद है।

**अंडे**

अंडे में अमीनो एसिड, प्रोटीन, सल्फर, लैक्टिन, ल्युटिन, सिस्टीन और विटामिन बी2 होता है। विटामिन बी सेल के कार्य करने में महत्वपूण होता है।


**मछली**

मछली में हाई प्रोटीन होता है। मछली आंखों के अलावा बालों के लिए भी बहुत अच्छी होती है।

**सोयाबीन**

आप अगर नॉन वेज नहीं खाते, तो आप सोयाबीन खा सकते हैं, यह आपकी आंखों के लिए बहुत फायदेमंद है।

## एंटी एजिंग होम रेमेडीज



- विटामिन सी स्किन के कोलाजन के निर्माण में मदद करता है। विटामिन सी युक्त फल सब्ज़ियों का सेवन करें औरस्किन पर भी अप्लाई करें।
- नींबू में विटामिन सी होता है, नींबू काटकर सीधे स्किन पर अप्लाई करें या गुलबजल में मिलाकर अप्लाई करें।
- एलोवीरा पल्प लगायें, यह एंटीबैक्टीरीयल है और इसमें हीलिंग प्रॉपर्टीज़ हैं। शोध बताते हैं कि एलोवीरा स्किन कोहाइड्रेट करता है, कोलाजन बढ़ाकर लचीलापन बढ़ाता है और रिंकल्स को कम करता है।
- ऑलिव ऑयल से मसाज करें क्योंकि रीसर्च बताते हैं कि यह स्किन को झुर्रियों से बचाता है।
- दही के सेवन से स्किन स्वस्थ रहती है और यह स्किन को रिंकल्स से भी बचाता है।
- अंडे का सफ़ेद भाग स्किन को हेल्दी ग्लो देता है और त्वचा में कसावट बनाए रखता है। इसका मास्क स्किन परअप्लाई करें।
- योग और एक्सरसाइज़ स्किन के लचीलेपन को बढ़ाते हैं। नियमित रूप से फ़ेस योग व एक्सरसाइज़ करें।
- केला कोलाजन को बढ़ाता है और एजिंग प्रॉसेस को धीमा करता है। केले को आप खायें भी और उसे मास्क के तौरपर भी अप्लाई करें। केले को मैश करके शहद मिलायें और इस मास्क को अप्लाई करें। सूखने पर गुनगुने पानी से धोलें।
- ऐवोकैडो को अपने डायट में शामिल करें। इसमें मौजूद विटामिन ए, डी और ई स्किन की नमी को बरक़रार रखते हैंऔर एजिंग प्रॉसेस को रोकते हैं।
- ककड़ी यानी कुकुंबर में शहद मिलाकर मास्क तैयार करके अप्लाई करें। ककड़ी में मैग्नीसीयम, पोटैशियम, विटामिन ए और ई होते हैं। इसमें हीलिंग प्रॉपर्टीज़ होती हैं। यह रक्त संचार को बढ़ाकर झुर्रियाँ कम करने में मददगार है।
- शहद में नींबू के रस की कुछ बूँदें मिलाकर मास्क बनायें और २० मिनट के लिए लगायें। यह स्किन में कसाव लाता है।
- स्ट्रॉबेरीज़ विटामिन सी और एंटीऑक्सिडेंट का बेहतरीन स्रोत है। ३-४ स्ट्रॉबेरीज़ को मैश करके फ़ेस पर पेस्ट कोअप्लाई करें। १५-२० मिनट बाद धो लें।
- पपीता एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होता है और इसमें मौजूद एंज़ायम पैपेन त्वचा से डेड सेल्स को हटाता है। पपीता केकुछ टुकड़ों को मैश करके पेस्ट तैयार करें और चेहरे पर अप्लाई करें। सूखने पर धो लें।
- पाइनऐपल प्रीमैच्योर एजिंग को रोकने में कारगर है। इसका पेस्ट चेहरे पर अप्लाई करें और १५-२० मिनट बाद धोलें।
- गुलबजल में नींबू के रस की कुछ बूँदें और ग्लिसरिन मिला लें और इसको सोने से पहले चेहरे पर अप्लाई करें। सुबहधो लें।

**आज की रेसिपी**

## गाजर की खीर



**अगर आप बच्चों को नाश्ते में कुछ हेल्दी देना चाहती हैं, जिससे उनका टेस्ट भी बदल जाए और पोषण भी मिले तो गाजर की खीर ट्राई कर सकती हैं।**

हलवे से लेकर सलाद तक सबकुछ सेहत के लिए बहुत अधिक फायदेमंद होता है। गाजर के हलवे की तरह ही गाजर की खीर भी बहुत स्वादिष्ट होती है।

**सामग्री :**

- आधा किलो गाजर (कद्दूकस की हुई)
- एक चम्मच चीनी
- 10 ग्राम किशमिश
- कतरे हुए कप काजू
- कतरे हुए 10 बादाम
- 2 हरी इलायची (पीसी हुई)

**विधि :**

आधा किलो गाजर को अच्छी तरह धुलें और छील लें। अब इन्हें कद्दूकस करें। गैस पर भारी बेस वाली कड़ाही रखें और उसमें एक चम्मच देसी घी डालें। घी मेल्ट होने के बाद उसमें गाजर डालें और इसके ऊपर से चीनी डालकर इसे ढक दें। इस दौरान गैस धीमी रखें।

अब 1 से 2 मिनट बाद प्लेट हटाकर गाजर और चीनी को अच्छी तरह मिक्स करें और 2 से 5 मिनट के लिए पकाएं। इस बीच इसे स्पून की मदद से चलाते रहें। अब इसमें दूध मिलाएं और दूध डालने के बाद इसे करीब 20 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। बीच-बीच में 2 से 3 मिनट बाद इसे चलाते रहें। अब इसमें पिसी हुई इलायची और किशमिश मिलाकर 2 मिनट के लिए पकाएं। इसके बाद इस पर काजू और बादाम या पिस्ता डालकर गर्मागर्म सर्व करें।

## मिनटों में तैयार की जा सकती है लो-कैलोरी रेसिपी

नाचोस और चिप्स से लेकर फ्राइज़ और कटलेट तक, डिप अकेले ही स्नैक के स्वाद को बढ़ाते हैं। हम अपने खाने को कई तरह के डिप जैसे केचप, मेयोनेज़ आदि के साथ परोस सकते हैं। लेकिन इनमें से अधिकतर न केवल अनहेल्दी विकल्प हैं, बल्कि कैलोरी से भी भरे हुए हैं। इन डिप के अलावा आप कुछ हेल्दी विकल्प चुन सकते हैं। ये स्नैक्स के साथ बहुत ही अच्छे लगते हैं। ये बेहद स्वादिष्ट होते हैं। आइए जानें आप किन हेल्दी डिप के साथ स्नैक का आनंद ले सकते हैं।

**हंग कर्ड डिप –** इसे बनाने के लिए आपको 1 कप हंग कर्ड, चम्मच अजवाइन, 1/2 चम्मच लाल मिर्च, 1 चम्मच हरा धनिया, 4 लहसुन की कली, 4 पुदीने के पत्ते और नमक की जरूरत होगी। सबसे पहले एक बाउल में हंग कर्ड डालें। बारीक कटा हुआ लहसुन, हरा धनिया, पुदीना, अजवाइन, लाल मिर्च और नमक डालें। सभी चीजों को चमचे से अच्छी तरह मिला लें और आपकी डिप तैयार है। इसे चिप्स या फ्राई के साथ सर्व करें।

**हम्मस डिप –** इसे बनाने के लिए आपको कप उबले हुए चने, 4 चम्मच दही, 2 चम्मच तिल, 2 चम्मच जैतून का तेल, 4 लहसुन की कली, 1 बड़ा चम्मच कटा हरा धनिया और नमक स्वादानुसार की जरूरत होगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तिल को पीसने के लिए मूसल का इस्तेमाल करें। एक बार जब ये पेस्ट बन जाए तो इसे बाहर निकालें और एक ब्लेंडर में डालें। इसी ब्लेंडर में उबले हुए छोले, दही, जैतून का तेल, लहसुन की कलियां, धनिया और नमक डालें। एक स्मूद मिश्रण के लिए ब्लेंड करें। हम्मस को बाउल में निकाल लीजिए, थोड़ी सी लाल मिर्च पाउडर से सजाकर सर्व कीजिए। हम्मस को ब्रेड, बेक्ड चिप्स और नाचोस के साथ सबसे परोसा जाता है।

**टमाटर साल्सा डिप –** इस डिप को बनाने के लिए आपको 4 टमाटर, 1 प्याज, 2 लहसुन की कलियां, 2 चम्मच हरा धनिया, 1 चम्मच नींबू का रस, 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1/2 चम्मच जीरा पाउडर, 1/2 चम्मच काली मिर्च पाउडर, चुटकी भर हींग और नमक स्वादानुसार की जरूरत होगी। सबसे पहले टमाटर, प्याज और लहसुन की कलियों को काट लें। इन्हें एक बाउल में डालें। अब इसमें धनिया पत्ती, नींबू का रस, जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, काली मिर्च पाउडर, हींग और नमक डालें। पेस्ट बनाने के लिए सब कुछ एक साथ धीरे से मैश करें।

